| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |
| सोना | 86100 |
| चांदी | 97,000 |
| डॉलर | 85.54 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शुक्रवार 16 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण 04 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 230
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### शरद पवार, अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस के बीच पक रही है खिचड़ी

मुंबई। एनसीपी (शरद पवार गुट) और एनसीपी (अजीत पवार गुट) के बीच दूरियां अब कम होती नजर आ रही हैं। दोनों नेताओं की हालिया मुलाकातें और मंच साझा करना राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर चुका है। चर्चा है कि दोनों गुट एक बार फिर एकजुट हो सकते हैं। राउत ने हाल ही में कहा कि अगर वे हमारे साथ आते हैं तो अच्छा है। नहीं आते तो भी हम रुकेंगे नहीं। तानाशाही के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। यह कमजोर दिल वालों का काम नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि शरद पवार, अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस के बीच कोई त्रिपक्षीय समझौता हो सकता है।

### मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

जम्मू। जम्मू कश्मीर के त्राल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। सुरक्षाबलों को तीन दहशतगर्दों को मार गिराने में सफलता मिली है। पूरे इलाके को घेर लिया गया है। सर्च अभियान जारी है। सीमा पर गोलाबारी थमते ही सुरक्षाबलों ने घर में छिपे बैठे आतंकियों का सफाया शुरू कर दिया है। इससे पहले दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार सुबह आठ बजे आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें लश्कर-ए-ताइबा के शीर्ष कमांडर शाहिद कुट्टे और अदनान शफी समेत तीन आतंकी मारे गए। तीसरे आतंकी की शिनाख्त अहसान-उल हक शेक निवासी मुरन (पुलवामा) के रूप में हुई है। आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ है। इसमें एके 47 राइफलें, मैगजीन, ग्रेनेड और अन्य सामान शामिल है।

### वक्फ कानून मामले में अब सुनवाई 20 को

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 20 मई को सुनवाई की जाएगी। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने कहा कि केंद्र और याचिकाकर्ता सोमवार यानी 19 मई तक अपना हलफनामा पेश करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल ने दलीलें पेश कीं। इससे पहले 5 मई को सुनवाई टल गई थी। बेंच ने कहा कि अंतरिम राहत दिए जाने के मुद्दे पर हम 20 मई को विचार करेंगे। दोनों पक्षों के वकीलों ने कहा था कि याचिकाओं के मुद्दों पर नजर डालने के लिए न्यायाधीशों को कुछ और वक्त की आवश्यकता हो सकती है। केंद्र ने भी कहा कि जब 20 मई को सुप्रीम कोर्ट मामले को सुन रहा है, तब तक कानून के अहम प्रावधान लागू नहीं होंगे, यथा स्थिति बनी रहेगी।

### शुभांशु शुक्ला 8 जून को आईएसएस जाएंगे

नई दिल्ली। इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत अब 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाएंगे। यह मिशन पहले 29 मई को होना था लेकिन अब लॉन्च शेड्यूल में बदलाव हुआ है। स्पेस स्टेशन की फ्लाइट शेड्यूल के रिव्यू के बाद कई मिशन के लॉन्च तारीखों में बदलाव हुआ है। एक्सिओम मिशन 4 फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से 8 जून शाम 6:41 बजे (भारतीय समयानुसार) लॉन्च होगा। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

## बयान पर बवाल

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद सियासी उथलपुथल तेज...

## इंदौर में जनजातीय विभाग की कार्यशाली से हटाया मंत्री का चेहरा... विजय शाह की जगह पीएम मोदी का फोटो लगाया

भोपाल। महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर मप्र हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि आप संवैधानिक पद पर हैं और आपको अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। एक मंत्री होकर आप किसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं मप्र हाईकोर्ट की जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ लिखी गई एफआईआर की कॉपी पर भी सवाल उठाए हैं। इधर सियासी उथलपुथल भी तेज हो गई है। उमा भारती भी इस मामले में लगातार मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग कर रही हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि कोर्ट ने फटकारा, अपनों की दुत्कार के बाद भी शाह पर आंच नहीं आई है।

गौरतलब है कि प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह हर ओर से बुरी तरह घिर गए हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद से शाह पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। इस बीच इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में वन विभाग और जनजातीय विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यशाला के होर्डिंग्स पर लगे मंत्री शाह के मुस्कुराते फोटो फटाफट छिपा दिए गए। उनके फोटो के स्थान पर पीएम नरेंद्र मोदी के फोटो लगाए गए। फोटो लगाने वाले जिम्मेदारों को जमकर फटकार भी पड़ी। विजय शाह जनजाति विभाग में ही कैबिनेट मंत्री हैं। कार्यशाला में एक बड़े बैकड्रॉप में सीएम मोहन यादव और विभाग के मंत्री विजय शाह का पोस्टर लगा हुआ था। लेकिन, कार्यक्रम शुरू होने से पहले पहुंचे अधिकारियों ने स्टाफ को जमकर फटकार लगाई और मंत्री का पोस्टर हटाने के लिए कहा। बैकड्राप बन गया था और पोस्टर हट नहीं सकता था। इसलिए उस पर सफेद कागज चिपकाया गया और ऊपर से पीएम नरेंद्र मोदी का फोटो लगाया गया।

## मप्र सहित देशभर में मप्र के मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन...हर कोई मांग रहा इस्तीफा



### शाह के बंगले की सुरक्षा बढ़ाई

इधर गुरुवार को मंत्री विजय शाह के बंगले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। गुरुवार को ही महिला कांग्रेस बंगले के बाहर प्रदर्शन करने पहुंची थीं। उनके प्रदर्शन के दौरान ही बंगले के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगा दी गई थी। अतिरिक्त फोर्स लगाने की भी जानकारी सामने आई थी।

### आज राज्यपाल से मिलेंगे कांग्रेस विधायक

एफआईआर के बाद भी मंत्री का इस्तीफा नहीं होने पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कड़ा रुख अपनाया है। सिंघार ने कहा कि वो और उनके कांग्रेस विधायकदल के सदस्य शुक्रवार सुबह 10.30 बजे राज्यपाल महोदय से मिलेगा और विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग करेगा। सिंघार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और मुख्यमंत्री मोहन यादव मंत्री विजय शाह से इस्तीफा लेने में विफल रहे है। ऐसा लगता है कि भाजपा के नेता विजय शाह के सामने कठपुतली बन गए हैं। अगर विजय शाह जी में थोड़ी भी इंसानियत बची है तो उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उमंग सिंघार ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी विजय शाह को फटकार लगाई है और हाइकोर्ट ने भी कड़ा रुख अपनाया है। उन्हें उन्हें शर्म आनी चाहिए कि उन्होंने न केवल एक महिला का अपमान किया हैं बल्कि भारतीय सेना का भी अपमान कर रहे हैं।

### पहले हाईकोर्ट फिर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

गुरुवार को युगलपीठ ने हाईकोर्ट के आदेशानुसार मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा है कि एफआईआर ऐसे कंटेंट के साथ लिखी गयी है,जो चुनौती देने पर निरस्त हो जाये। युगलपीठ ने आदेश में उल्लेखित कंटेंट के बारे बताते हुए एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। इसके अलावा एफआईआर में पुलिस विवेचना की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट द्वारा की जाएगी। गुरुवार को विजय शाह सुप्रीम कोर्ट की शरण पहुंचे और एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन यहां भी शाह को राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि आप संवैधानिक पद हैं और आपको अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। एक मंत्री होकर आप किसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके पहले इसी कोर्ट ने बुधवार को विजय शाह के बयान पर नाराजगी जताई थी। हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए इसे कैंसर जैसा घातक बताया। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने संज्ञान याचिका की सुनवाई करते हुए डीजीपी को विजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्री शाह ने गटरछाप भाषा का इस्तेमाल किया है, जो अस्वीकार्य है। इसके बाद बुधवार देर रात महू पुलिस ने विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी।

## चलती स्लीपर बस में लगी आग, पांच जिंदा जले

लखनऊ। बिहार के बेगुसराय से दिल्ली जा रही एक निजी बस में गुरुवार सुबह लखनऊ के मोहनलालगंज इलाके में किसान पथ पर आग लगने से दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस आयुक्त (मोहनलालगंज) रजनीश वर्मा ने बताया कि बिहार के बेगुसराय से दिल्ली जा रही एक निजी बस में सुबह करीब पांच बजे अचानक आग लग गयी। उन्होंने बताया कि आग लगने से बस में सवार दो बच्चों, दो महिलाओं और एक पुरूष की मौत हो गयी। आग लगने के बाद बस का चालक और सहचालक मौके से फरार हो गए वहीं बस में सवार यात्रियों को पुलिस और जनता की मदद से कांच तोड़कर बाहर निकाला गया। एसीपी ने बताया कि यात्रियों के अनुसार बस में करीब 80 से 90 यात्री थे। बस से पांच शव बरामद हुये हैं, वहीं हादसे में कुछ लोग मामूली रूप घायल भी हुये हैं जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया है। इस हादसे में लक्खी देवी (55), सोनी (26), देवराज (3), साक्षी कुमारी (2) तथा मधुसूदन (21) की मौत हो गई। वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बस के 'गेयर बाक्स' में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि बस का आपातकालीन द्वार नहीं खुला और इस वजह से लोग बस से बाहर नहीं निकल सके। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि एक किलोमीटर दूर तक आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। वर्मा ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के इंतजाम किये गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस में आग लगने से लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों में तेजी लाने और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।"

## मुझे रोकने की कोशिश की, रोक नहीं सके क्योंकि मेरे पीछे युवाओं की शक्ति है

पटना। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित करने के लिए मंच पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। बिहार कांग्रेस ने दावा किया है कि दरभंगा जिला प्रशासन ने उन्हें यह कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की लेकिन वह हमें इसलिए नहीं रोक पाए, क्योंकि मेरे पीछे युवाओं की शक्ति है। दुनिया की कोई ताकत मुझे रोक नहीं सकती। वे मुझे रोक नहीं पाए क्योंकि आपकी सत्ता मुझ पर नज़र रख रही है। हमने पीएम मोदी से कहा था कि आपको जनगणना करानी होगी।



राहुल गांधी ने कहा कि आपके दबाव में पीएम मोदी ने देश में जाति जनगणना की घोषणा की है। आपके दबाव से डरकर उन्होंने संविधान को अपने माथे पर रख लिया है, लेकिन उनकी सरकार लोकतंत्र, संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं। मैं गारंटी देता हूं कि जैसे ही देश और बिहार में हमारी सरकार बनेगी, और जो आप चाहते हैं वह सब लागू करेंगे।

राहुल ने कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी को अपनी ताकत समझनी होगी। आपका ध्यान भटकाकर आपको रोका जा रहा है। ब्यूरोक्रेसी, कॉर्पोरेट इंडिया, एजुकेशन सिस्टम, मेडिकल सिस्टम में इस 90 फीसदी आबादी का कोई नहीं मिलेगा। लेकिन...अगर मनरेगा की सूची निकालेंगे तो उसमें सिर्फ दलित, पिछड़ा और आदिवासी वर्ग के लोग मिलेंगे। सारे के सारे कांट्रैक्ट, सारा धन चंद लोगों के हाथ में जाता है और आपको उल्टी-सीधी बातें बताकर आपका ध्यान भटकाया जाता है, इसलिए आपको एक साथ खड़े होना है।

उन्होंने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और आदिवासियों के साथ 24 घंटे अन्याय होता है। आपके साथ भेदभाव होता है और आपको शिक्षा के सिस्टम में रोका जाता है। इसलिए, हमारी मांग है कि सही तरीके से जातिगत जनगणना कराई जाए। प्राइवेट कॉलेज और यूनिवर्सिटी में आरक्षण लागू हो, लेकिन पीएम मोदी और बिहार सरकार ये कानून लागू नहीं कर रही हैं, इसलिए, हम इनपर दबाव डालेंगे और ये करके दिखाएंगे। जैसे ये हमें यहां आने से नहीं रोक पाए, वैसे ही आगे भी नहीं रोक पाएंगे।

### मंत्री शाह पर एफआईआर की भाषा से हाईकोर्ट नाराज, कहा

## अब पुलिस जांच हमारी निगरानी में होगी

जबलपुर। कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री के विवादित बयान पर दर्ज एफआईआर की भाषा पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर को सिर्फ खानापूर्ति बताया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अब इस पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगी। जांच किसी दबाव में प्रभावित ना हो इसलिए ऐसा करना जरूरी है। हाईकोर्ट इस मामले में छुट्टियों के बाद फिर सुनवाई करेगा। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप किस तरह के बयान दे रहे हैं? देखना चाहिए कि कैसे हालात हैं? आप जिम्मेदार पद पर हैं, जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने गुरुवार को अपना आदेश सुनाते हुए कहा था... एफआईआर को पूरी तरह से देखने पर संदिग्ध के कार्यों का एक भी उल्लेख नहीं मिला, जो उसके खिलाफ दर्ज किए गए अपराधों के तत्वों को संतुष्ट करता हो।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पलटे, कहा -

## मैंने भारत-पाकिस्तान के साथ कोई मध्यस्थता नहीं कराई

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के साथ कोई मध्यस्थता नहीं कराई। उनका कहना है कि इस संघर्ष विराम को लेकर उन्होंने मदद जरूर की है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि व्यापार का दबाव डालकर उन्होंने भारत और पाकिस्तान को संघर्ष विराम के लिए राजी किया।उनके इस बयान पर भारत में राजनीतिक घमासान तेज हो गया था। विपक्ष दलों का आरोप था कि नरेंद्र मोदी सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर यह संघर्ष विराम किया।



उसका कहना था कि कश्मीर मसले पर यह भारत के आधिकारिक रवैये के खिलाफ है।

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच हालात बेहद तनावपूर्ण हो चुके थे। मिसाइलों की भाषा में बात होने वाली थी। इसीलिए उन्होंने दोनों देशों से बात कर माहौल शांत करवाया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मुझे उम्मीद है कि मेरे यहां से निकलने के बाद भी मैं यही सुनूंगा कि दोनों देश शांत हैं।

ट्रंप ने दावा किया कि पाकिस्तान और भारत दोनों बहुत खुश हैं। अब दोनों व्यापार पर बात कर रहे हैं। मगर इसी बातचीत के दौरान वह खुद ही उलझते दिखे। दरअसल इसके बाद उन्होंने कहा,ये लोग 1000 सालों से लड़ते आ रहे हैं, मैं नहीं जानता क्या मैं इसे सुलझा सकता हूं। ये काफी कठिन मामला है।

दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले जानकारी डोनाल्ड ट्रंप ने ही दी थी।उन्होंने शनिवार शाम साढ़े पांच बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम हो गया है।

## देशभर में जजों की कमी है दिल्ली हाईकोर्ट कोई अपवाद नहीं

नई दिल्ली। देश की सभी अदालतों में जजों की कमी है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट इसका अपवाद नहीं है। यहां जजों की कुल स्वीकृत संख्या 60 है, जबकि महज 36 जजों से ही काम चलाना पड़ रहा है। जजों की कमी को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इस मामले में उचित दिशा-निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने अहम टिप्पणी की है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा की ओर से ठोस दलील पेश की गई। इसके बाद याची ने अपनी याचिका वापस ले ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने जजों की रिक्तियों से संबंधित एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया पब्लिक सर्विस में नॉर्मल रिक्रूटमेंट की तरह नहीं है। जजों की रिक्तियों और नियुक्तियों का मामला संवैधानिक है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीके उपाध्याय की पीठ सीनियर वकील अमित साहनी द्वारा दायर जनहित याचिका पर विचार कर रही थी। अमित साहनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में जजों की कमी के मसले पर कोर्ट से निर्देश देने की मांग कर रहे थे। उन्होंने अपनी याचिका में बताया कि वर्तमान में हाईकोर्ट 60 स्वीकृत पदों के मुकाबले 36 जजों की संख्या के साथ काम कर रहा है।

## मणिपुर के चंदेल में 10 उग्रवादी ढेर

इंफाल। मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है।

सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया- 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। इधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं।

## 500 करोड़ के बांके बिहारी कॉरिडोर को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

मथुरा। बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनाने को लेकर रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कॉरिडोर बनाने की मंजूरी दे दी। अब 5 एकड़ में भव्य कॉरिडोर बनाया जाएगा। कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर के 500 करोड़ रुपए से कॉरिडोर के लिए मंदिर के पास 5 एकड़ जमीन अधिग्रहीत करने की इजाजत दी है। साथ ही शर्त लगाई कि अधिग्रहीत भूमि देवता के नाम पर पंजीकृत होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को भी संशोधित किया। हाईकोर्ट ने मंदिर के आसपास की भूमि को सरकारी धन का उपयोग करके खरीदने पर रोक लगा दी थी।

बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट में ईश्वर चंद्र शर्मा ने याचिका दाखिल की थी। इसमें दो मुद्दे रखे गए थे। पहला- रिसीवर को लेकर और दूसरा- कॉरिडोर निर्माण को लेकर। इन दोनों मुद्दों पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किया। बांके बिहारी कॉरिडोर बनाने के लिए प्रदेश सरकार मंदिर के खजाने की राशि से कॉरिडोर के लिए जमीन खरीदना चाहती थी। लेकिन, इसका मंदिर के गोस्वामियों ने विरोध किया और मामला हाइकोर्ट पहुंच गया। हाइकोर्ट ने मंदिर के खजाने की राशि के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इसके बाद याचिकाकर्ता ईश्वर चंद्र शर्मा सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और कॉरिडोर को लेकर याचिका दाखिल की। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिए आदेश में कहा कि मंदिर के खजाने से कॉरिडोर की जमीन खरीदने के लिए पैसा लिया जा सकेगा।

### वक्फ कानून को लेकर 20 मई को सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट -पीठ ने कहा-

## हम हर पक्ष को दो घंटे का समय देंगे...

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 20 मई को सुनवाई करेगी ताकि यह तय किया जा सके कि वक्फ संपत्तियों की स्थिति और वक्फ परिषद और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने से संबंधित कानून के कुछ प्रावधानों पर किसी अंतरिम रोक की जरुरत है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई भूषण आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं को अगले मंगलवार के लिए सूचीबद्ध किया है क्योंकि उन्होंने पहली बार इस मामले की सुनवाई की थी, इससे पहले 5 मई को पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना की



अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी आसन्न सेवानिवृत्ति के कारण सुनवाई को नए सीजेआई पीठ के पास भेज दिया गया था। पीठ में न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि वह याचिकाकर्ताओं को दो घंटे तक सुनवाई करेंगी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अगुआई वाली केंद्र सरकार को इस सीमित मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए दो घंटे का समय देगी कि क्या रोक के संबंध में कोई अंतरिम आदेश पारित करने की जरूरत है। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र द्वारा दिए गए आश्वासन को दर्ज किया कि वह 'वक्फ-बाय-यूजर' समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगी और केंद्रीय वक्फ परिषद और वक्फ बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं करेगी। केंद्र ने आश्वासन दिया कि राज्य द्वारा भी ऐसी किसी भी नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि हम हर पक्ष को दो घंटे का समय देंगे...सॉलिसिटर जनरल द्वारा दिया गया आश्वासन जारी रहेगा। मुख्य मामले की सुनवाई के बजाय, हम उन मुद्दों को देख सकते हैं जो अंतरिम राहत के लिए जरुरी हैं।

# 2 दिन में दूसरी बार डेंजर रोड पर लगा लंबा जाम

## यात्री बस सहित बड़े वाहन के वाहन चालक होते रहे परेशान

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। डेंजर रोड पर फिर एक बार एक वाहन के खराब होने से जाम के हालात बन गए बता दे की अभी 2 दिन पूर्व ही डेंजर रोड पर एक वाहन के खराब होने से लंबा जाम लग गया था और पुनः दूसरी बार चौपहिया वाहन खराब होने से लंबा जाम लग गया ,जिससे कुछ समय यहां से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आपको बता दे कि इन दिनों डेंजर रोड पर जाम जैसे हालात लगातार बन रहे हैं, अभी एक दिन पहले ही एक ट्रक के खराब हो जाने के कारण डेंजर रोड रेलवे क्रॉसिंग के ब्रिज के पास एक वाहन खराब होने के कारण लंबा जाम लग गया था, जिससे गर्रा रेलवे क्रॉसिंग सहित वैनगंगा नदी के बड़े पुल तक लंबा जाम लगा था तो वहीं दूसरी बार 15 मई को पुनः 1.30 बजे डेंजर रोड स्थित रेलवे ब्रिज के पास एक ट्रक दूसरी बार खराब हो गया और यहां आने वाले बड़े वाहन सहित यात्री बस इस जाम में फंस गए, जिसे यातायात विभाग द्वारा कड़ी मशक्कत कर ट्रक को हटाया गया और लगभग 1 घंटे के अंदर लगे हुए जाम को सुचारू रूप से बहाल करवाया गया बता दे की जिला प्रशासन की एक टीम ने डेंजर रोड पर आने वाली बरसात को देखते हुए मार्ग को व्यवस्थित करने निरीक्षण भी किया था जिसमें एसडीएम गोपाल सोनी ,नगर अधीक्षक वैशाली सिंह सहित यातायात थाना प्रभारी की एक टीम ने डेंजर रोड सहित गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ब्रीज की स्थिति का जायजा लिया था किंतु हालत यह है कि यहां कोई वाहन खराब होने या फिर मार्ग सकरा होने के कारण कभी भी डेंजर रोड पर जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है कई बार तो बड़े वाहनों के खराब होने या पलटने पर लंबा जाम लग जाता है जिससे आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ता है।



# 120 कराते प्रशिक्षणार्थी विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में ले रहे निःशुल्क प्रशिक्षण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्रीष्मकालीन कराते शिविर में 1 मई से विभागीय कराते प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। मुलना स्टेडियम में विभागीय जिला खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन के मार्गदर्शन में निरंतर सुबह 6:30 एवं शाम के समय 5:00 बजे से 5 वर्ष से 19 वर्ष की आयु के नवागत प्रशिक्षणार्थीयो को आत्मरक्षा व कराते प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जा रहा है। जिसमें कराते खेल में सबसे अधिक वर्तमान में लगभग 64 से अधिक




बालिकाओं एवं युवतियों का प्रशिक्षण खेल विभाग सेन्टर मुलना स्टेडियम में प्राप्त कर रही है एवं इस तरह शिविर के माध्यम से आत्मरक्षा खेल शिविर एवं शासन के महिला, बालिका आत्मरक्षा व महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को पूर्ण करने की मंशा को साकार कर रहा है। वहीं बालको की संख्या 58 तक 14 मई की स्थिती में रही। कराते के निःशुल्क शिविर में लगातार प्रशिक्षार्थियों का प्रवेश जारी है। एवं सभी कराते शिविर के प्रशिक्षणार्थियों जो निरंतर 31 तक प्रशिक्षण में आएंगे उन खिलाडियों को शिविर के समापन समारोह में प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा एवं जून माह से निरन्तर शासकीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता एवं मध्य प्रदेश खेल अकादमी एवं खेलों में भविष्य निर्माण, शासकीय सेवा की तैयारी किस प्रकार करे नवागत खिलाडियों को अभ्यास एवं जानकारी दी जाएगी ।

# नगर के प्रतिष्ठानो से खाद्य सामग्री के लिए गए सेम्पल, जांच के लिए भेजे प्रयोगशाला

### ठाकरे किराना स्टोर्स को किया मौके पर सील बंद

### दुकानदारों को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री रखने के निर्देश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग खाद्य प्रतिष्ठानों की जाँच कर कार्यवाही सुनिश्चित की गई। गुरुवार को खाद्य



सुरक्षा विभाग द्वारा बालाघाट नगर के बुढ़ी स्थित साई किराना एवं ठाकरे किराना स्टोर पर कार्रवाई करते हुए चाय पत्ती, केचप, एडिबल ऑयल, तुवर दाल एवं मूंगफली के नमूने जांच के लिये लेकर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। निरीक्षण के दौरान अमले द्वारा एक्सपायर डेट के खाद्य सामग्री का नष्टीकरण कराया गया। साथ ही लाइसेंस एक्सपायर पाए जाने पर ठाकरे किराना स्टोर्स को मौके पर ही सील बंद किया गया। ज्ञात हो कि मिलावट पर अंकुश लगाने एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जिले में विभिन्न अनुभागो मे भी कार्यवाही की जा रही है।

## राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता

# इंदौर के लिए बालाघाट जिले के 20 खिलाड़ी हुए रवाना

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन द्वारा 16 से 17 मई तक राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इंदौर में आयोजित इस 2 दिवसीय सब जूनियर, कैडेट, जूनियर राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में बालाघाट के खिलाड़ी भी अपनी कला का जौहर दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बालाघाट जिले के 20 खिलाड़ी कोच के साथ गुरुवार को रवाना हुए।बताया गया कि विभिन्न विभिन्न भार व आयु वर्ग के ये खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अधीकृत प्रतियोगिता हैं जिसमें चयनित खिलाड़ी आगामी जून माह में 12 से 15 जून को होने वाली अधीकृत कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप उत्तराखंड में भाग लेंगे एवं वहां से खिलाड़ी चयनित होकर आगामी अंतराष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।आपको बताए कि इस प्रतियोगिता के लिए पिछले दिनों 4 मई को जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता शहर के गुरुनानक पब्लिक हॉल में आयोजित कि गई थी जिसमें बालाघाट जिले से इन खिलाड़ियों का चयन इंदौर में आयोजित होने वाली मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन कि राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए हुआ था।

### टीम में इन खिलाड़ियों का शमावेश

इंदौर में आयोजित इस 2 दिवसीय सब जूनियर, कैडेट, जूनियर राज्य स्तरीय कराते




प्रतियोगिता में बालाघाट जिले से टीम कोच प्रवीण नन्हेट एवं रेफरी जज भावना सोनकर, मनीष बेंद्रे, और आकाश झा रहेंगे। साथ ही इस प्रतियोगिता में 14 खिलाड़ी एकलव्य मार्शल आर्ट एंड फिटनेस एकेडमी के है, 2 खिलाड़ी वारासिवनी से है एवं किरनापुर राजेगाँव से 4 खिलाड़ी,ऐसे कुल 20 खिलाड़ियो का शामवेश है।अवनी जैन, आराध्या श्रीवास्तव, लवी बोकाडे, सृष्टि बघेले, समृद्धि गर्दे ,ऋषिका चंदेवार, नियुक्ति सरकार, ऐश्वर्या राउत, अनिरुद्ध पुरोहित, सोहम बीरा ,अद्विक अग्रवाल ,धीरज बिसेन माहिरत्न ढाहाते ,कुणाल कुथे ,तरुण बहेश्वर ,विहान बिसेन, सर्वेश जांचपेले ,प्रणव सोनकर ,पार्थ वाघेला ,और यथार्थ गर्दे शामिल है।जो बालाघाट टीम कोच प्रवीण नन्हेट के साथ 15 मई गुरुवार की दोपहर बस से जबलपुर के लिए रवाना हुए और जबलपुर से टीम रात्रि ट्रेन से इंदौर रवाना होगी।इस मौके पर जिला कराते टीम बालाघाट के पदाधिकारी एकलव्य मार्शल आर्ट एंड फिटनेस एकेडमी के सभी पदाधिकारी एवं सभी खिलाड़ियों के अभिवावकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ प्रतियोगिता के लिए रवाना किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नैतरा जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

क्रमांक /क्यू                                   दिनांक 13.05.2025

**निविदा**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत नैतरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा, पंच परमेश्वर, पांचवां, 14 वां व 15 वां वित्त आयोग, स्वकराधान मद, स्व%छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, स्टेशनरी क्रय एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक 15/05/2025 से 21/05/2025 तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत नैतरा में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, गट्टू (पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, टीव्ही, टाईल्स, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबंधी सामग्री, वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप 10 फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

श्यामराव डोंगरे, सरपंच | आनंद ठाकरे, उपसरपंच | कोमल प्रसाद कटरे, सचिव

प्रेमलाल काटेकार, रोजगार सहायक | एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत नैतरा ( लालबर्रा )।


# मत्स्य पालन के लिए सर्राठी जलाशय का पुनः 10 वर्षीय पटटा आवंटित

### जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक हुई संपन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मंगलवार को जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में सभापति टामेश्वसर पटले की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी, लक्ष्य पूर्ति एवं विभागीय कार्यो की गतिविधियों की समीक्षा की गयी। इस दौरान मत्स्य विभाग द्वारा कृषि स्थाई समिति में अनुमोदन के लिए सर्राठी जलाशय 187.370 हेक्टेयर का दस वर्षीय पट्टा आवंटन का प्रस्ताव रखा गया। कृषि स्थाई समिति द्वारा मत्स्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के जांच और कमिश्नर जबलपुर द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आधार पर सर्राठी जलाशय का मत्स्य पालन के लिए पुनः 10 वर्षीय पटटा आवंटन किया गया। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदाय की गयी। सभापति श्री पटले द्वारा परसवाडा सहकारी समिति की जांच पुनः करने एवं किसी हितग्राही का अन्य किसी बैंक में केसीसी है तो सहकारी समितियों से खाद प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गए। वहीं सदस्य दलसिहं पन्द्रे द्वारा डेयरी विभाग में प्रत्येक माह समय पर कृषकों को भुगतान किये जाने का प्रस्ताव रखा गया। बैहर, बिरसा, परसवाडा में सब्जीं के उत्पादन बाहरी राज्य के लोग कर रहें हैं जिसमें अधिक मात्रा में कीटनाश्क एवं अधिक मात्रा में अन्य, दवाओं की उपयोग किया जाता है जिसकी जांच करने के लिये संयुक्त समिति गठित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा द्वारा गौशाला खोलने के लिए डॉ. भीमराव कामधेनू योजना एवं वैक्सीन लगाने के लिये कैंप आयोजित करने के लिए कहा गया। वहीं सदस्य श्रीमती केशर बिसेन द्वारा पशु चिकित्सा विभाग कटंगी में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य अतिशीघ्र करने के निर्देश दिये गए।



उपसंचालक कृषि श्री खोबरागढ़े ने बताया कि आगामी वर्ष में मक्का का रकबा बढाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। साथ ही उन्होंने कोदो, कुटकी, मक्का एवं रागी फसलों की विस्तार करने के लिये एवं सिंचाई की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये कम पानी से होनी वाली रबी फसलों को प्रोत्साह्रित करने की जानकारी प्रदाय की गई। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे स्वाइल हेल्थक एंड फर्टिलिटी योजना अंतर्गत नमूना एकत्रीकरण, योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में कृषि स्थाई समिति के सदस्य झामसिंह नागेश्वर, डुलेन्द्र ठाकरे, दलसिह पन्द्रे, डॉ.एनडी पुरी (पशुपालन विभाग), श्रीमति पूजा रोडगे (मत्स्य विभाग) श्री (सहायक संचालक उघान), केआर कुलस्तेन (सहायक कृषि यंत्री), श्रीमती ज्योवति पटले (दुग्ध संघ) एवं सीपी नारनवरे ग्राउवि अधि उपस्थित रहें।

# कन्या महाविद्यालय में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गयी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में आज सुशासन और सांस्कृतिक पुर्नजागरण की प्रतीक राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गयी। यह जयंती भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में संपन्न कि गयी।इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने राजमाता अहिल्याबाई की जीवन गाथा पर विस्तार से जानकारी दी इसके साथ ही उन्होंने बताया की राजमाता अहिल्या बाई होल्कर को उनके किये गये कार्यो एवं संघर्षो को याद रखना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. कुलदीप बिलथरे ने अपनी रचनात्मक कविता के माध्यम से छात्राओं को अहिल्या बाई के महत्व को बताया। इस कार्यक्रम में पुरातत्व विभाग के सदस्य सुभाष गुप्ता, श्री एसके भारद्वाज एवं राजेन्द्र ब्रम्हे, डॉ. अनुभूति सेंडीमन, डॉ. अरूण बोरकर, डॉ. श्वेता मोर, जीवन मसराम, कु. प्रीति उइके, श्रीमती बबली शेन्डे, श्रीमती पुष्पा कुशरे सहायक प्राध्यापक एवं समस्त छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।





## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग बालाघाट

**भवन हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

कार्यालय, संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग छिन्दवाडा के कार्यालयीन आदेश क्र. 38 दिनांक 16/02/2024 के द्वारा डी.डी. पुरम कॉलोनी बालाघाट में भवन क्रमॉक एम.आई.जी. सीनियर-02 श्री आशीष मेश्राम पिता श्री शीलचन्द मेश्राम एवं शुभभ मेश्राम पिता श्री शीलचन्द मेश्राम को हस्तांतरित है। उक्त भवन की रजिस्ट्री दिनांक 11/12/2023 को निष्पादित है। मूल आवंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमती ललीता मेश्राम पति श्री श्रीचन्द मेश्राम को बिना प्रतिफल प्राप्त किये दानपत्र द्वारा दिनांक 02/05/2025 को उप पंजीयक कार्यालय बालाघाट से रजिस्ट्री निष्पादित की गई है।

तत्पश्चात् दानदाता एवं दानग्रहिता द्वारा शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त भवन **श्रीमती ललीता मेश्राम पति श्री श्रीचन्द मेश्राम** के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत किये गये दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति को हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

( जे.एस. देशमुख )
संपदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग बालाघाट

**विक्रय/किराये से देना है**

श्याम टॉकीज एण्ड मॉल मेन रोड ग्राउंड फ्लोर एवं उसके उपर के दो फ्लोर (फ्लोर हाइट 15 फीट) पर स्थित कुल एरिया 3000 वर्गफीट का हाल/ दुकान/, बेचना/ किराये से देना है
-संपर्क-
8817024586, 9201340520

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु चपरासी की आवश्यकता है, 25 वर्ष से कम उम्र के बालाघाट एवं आसपास के रहने वाले ही संपर्क करें। वेतन-12000+ मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
संपर्क
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520/7999613237

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# सेना का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान!

# मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान पर भड़की कांग्रेस

## रैली निकालकर मंत्री शाह का फूंका पुतला, की जमकर नारेबाजी, मंत्री को पद से हटाकर, देशद्रोह का मामला दर्ज करने की लगाई गुहार, मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की भी दी चेतावनी






बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। पहलगाम हमले के बाद, पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था।जहां भारत सरकार के आदेश पर सेना द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर को कर्नल सोफिया कुरैशी ने लीड किया था। जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई इसी बीच एक मंचीय कार्यक्रम के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर पिछले दिनों प्रदेश के जनजाति कार्य मंत्री विजय शाह ने एक आपत्तिजनक बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था।जिसका वीडियो, सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। जहां मंत्री विजय शाह के इस बयान के बाद देशभर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। जिसकी एक झलक गुरुवार को नगर के हनुमान चौक में भी देखने को मिली। जहां कांग्रेसियों ने मंत्री विजय शाह के इस बयान की जमकर निंदा करते हुए अपना आक्रोश जताया। तो वही प्रदेश सरकार में मंत्री, शाह के इस बयान की आलोचना करते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से मंत्री विजय शाह के पुतले को साथ लेकर एक रैली निकाली और हनुमान चौक पहुंचकर मंत्री शाह के पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की। तो वही कोतवाली थाना पहुंचकर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें पद से हटाए जाने और उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज कराकर उन्हें कड़ी सजा दिए जाने मांग की है। जहां कांग्रेसियों ने उनकी यहां मांग पूरी न होने पर सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन किए जाने की भी चेतावनी दी है।आपको बताएं कि बीते रविवार को मध्य प्रदेश के जनजाति कार्य मंत्री विजय शाह ने इंदौर के महू जिला स्थित रायकुंडा गांव में आयोजित एक मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था। इसके बाद से ही प्रदेश सहित पूरे देश में मंत्री शाह के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है और हर कोई उन पर वैधानिक कार्यवाही की मांग कर रहा है।

### मंत्री शाह पर देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने की करी मांग

विवादित बयान के बाद, मंत्री विजय शाह का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस ने, मंत्री विजय शाह के स्तीफे और उन पर देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है। बालाघाट में मंत्री विजयशाह के बयान के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका। गुरूवार को सायंकाल 5.30 बजे, जिला कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेसी, मंत्री विजय शाह का प्रतिकात्मक पुतला लेकर हनुमान चौक पहुंचे और शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष, पुतले का दहन किया। प्रदेश शासन के मंत्री के पुतला दहन के दौरान कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। हालांकि इस पुतले में पेट्रोल डालकर आग लगाने के दौरान, भभकी आग से कांग्रेसी बाल-बाल बचे।इस दौरान कांग्रेसियों ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सेना के शौर्य और पराक्रम के जिंदाबाद के नारे लगाए। जिसके बाद कांग्रेसी कोतवाली थाना पहुंचे, जहां कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए बयान पर मंत्री विजयशाह पर एफआईआर किए जाने की मांग की।

### यह पूरे देश का अपमान है- पंजवानी

कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने बताया कि यह सेना के शौर्य और पराक्रम था कि सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।भाजपा ने शौर्य दिवस भी मनाया, लेकिन मंत्री विजयशाह ने, अपनी घृणित मानसिकता दिखा दी। इसके पूर्व भी मंत्री शाह कई उटपटांग बयान दे चुके हैं उनकी मानसिकता ही ऐसी बन चुकी है। इसीलिए ऐसे मंत्री को माफी नहीं मिलनी चाहिए। इनपर देशद्रोह का मामला दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जानी चाहिए ।क्योंकि यह पूरे देश का अपमान है

### नालायक मंत्री है विजयशाह-राजेश यादव

पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव और जिला प्रभारी राजेश यादव ने मंत्री विजयशाह को नालायक मंत्री कह दिया। उन्होंने बताया कि मंत्री विजयशाह पर जो संज्ञान कोर्ट ने लिया है, उसे प्रधानमंत्री मोदी को लेना था। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज कर उन्हें मंत्री मंडल से बर्खास्त किया जाए। क्योंकि वे इसके लायक ही नहीं है।

### मंत्री पद से हटाया जाए- लक्ष्मी वाघाड़े

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी वाघाड़े ने बताया कि मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ जो बयान दिया है, हम उसकी घोर निंदा करते है। भारत की बहादुर बेटी ने देश के लिए लड़ते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, हम चाहते है कि उन्हें मंत्री पद से हटाया जाए।

### ये मंत्री माफी के लायक नही है- बैस

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अनूप सिंह बैस ने कहा कि यह न सिर्फ सेना का घोर अपमान है बल्कि सेवा, बलिदान और निष्ठा को सांप्रदायिक रंग देने का घिनौना तरीका है।हमने सुना है कि विजय शाह मंत्री ने इस तरह का बेहूदा बयान देने के बाद माफी का राग अलापा है, माफी मांगने से क्या यह निर्लज्जता से भरा जहरीला कथन जो अब लोगों के दिलों में नासूर जैसा चुभ रहा है समाप्त हो जाएगा? संविधान के मूलभूत आधार एकता,अखंडता, संप्रभुता को चुनौती वाला बयान देकर माफी मांगने से अराजकता फैलेगी, लोगों के मन में धारणा बनेगी की रंग, भेद, जाति के आधार पर दंड या क्षमा तय होती है, देश के लिए बलिदान या समर्पण पर यदि इस मंत्री की सोच के आधार पर मानसिकता तय होने लग जाएगी तो देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का जज्बा समाप्त हो जाएगा, इसे दंडित करना अब अनिवार्य हो गया है । हमें न सिर्फ सेना पर गर्व है बल्कि उनके स्वाभिमान की रक्षा के लिए भी देशवासी संकल्पित हैं। सेना का मनोबल बढ़ाने आम जनता को आगे आकर सड़ांध मारते प्रजातंत्र के इन प्रदूषण फैलाने वाले जीवों को रोकना होगा।

---

# शराब पीने रुपए नहीं मिलने पर तीन युवकों एक युवक को मोटरसाइकिल रोक कर की मारपीट

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। नगर के झुग्गी झोपड़ी शराब दुकान के सामने तीन युवकों ने शराब पीने रुपए नहीं देने पर एक युवक को मोटरसाइकिल रोककर उसे हाथ बुक्केसे मारपीट किये और सिर में ईंट पटक कर घायल कर दिए। मारपीट में घायल युवक रौनक पिता विजय मोगरे 20 वर्ष वार्ड नंबर 33 ग्राम गायखुरी बालाघाट निवासी है। जिसका इलाज जिला अस्पताल में किया गया वहीं कोतवाली पुलिस ने इस युवक द्वारा की गई रिपोर्ट पर अरविंद, गुड्डू सहित तीन युवक सभी झुग्गी झोपड़ी निवासी के विरुद्ध अवैध वसूली मारपीट और धमकी देने के अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कि है। घटना के बाद तीनों युवक फरार बताए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रौनक मोगरे वार्ड नंबर 33 गायखुरी निवासी सरदार पटेल कॉलेज में पढ़ाई करते हैं।। 14 मई की रात्रि 9:30 बजे रौनक मांगरे अपनी मोटरसाइकिल से जय स्तंभ चौक तरफ अपने किसी काम से जा रहा था ।जैसे ही वह झुग्गी झोपड़ी दारू भट्टी के सामने पहुंचा तो वहां पर तीन लड़के खड़े थे जिन्होंने हाथ देकर रौनक मोंगरे को रोके और मोटरसाइकिल की चाबी निकाल लिया और शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे है और रुपए देने के बाद ही आगे जाने देंगे बोलने लगे। किंतु रौनक मोंगरे ने उन्हें पैसा देने से मना कर दिया। तभी तीनों ने रौनक मोंगरे को अश्लील गालियां देकर हाथ बुक्के से मारपीट किए इस दौरान मोटरसाइकिल भी गिरा दिए और एक लड़के ने ईट उठाकर रौनक मोगरे के सिर में मारा जिससे रौनक मौगरे का सर फट गया ।तभी वहां कुछ लड़के बीच बचाव करने आए ।जिन्हें देखकर तीनों लड़के रौनक मोंगरे को पुनः मिलने पर जान से मार डालने की धमकी देकर फरार हो गए ।आसपास के लोगों के द्वारा पूछने पर पता चला कि तीनों लड़कों में से सिर में ईंट मारने वाले युवक का नाम अरविंद और दूसरे का नाम गुड्डू है ।इस मारपीट में घायल युवक रौनक मोंगरे रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने रौनक मोगरे का इलाज जिला अस्पताल में करवाया वही उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर अरविंद, गुड्डू सहित तीनो झोपड़ी निवासी के विरुद्ध धारा 296 126(2) 115(1) 351(3) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

---

# पेंशन अधिकारी अंजनीश पंद्रे को स्थानांतरण पर दी गई बिदाई

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। शासकीय आदेशों के तहत बालाघाट जिला कोषालय में पदस्थ पेंशन अधिकारी अंजनीश पंद्रे का स्थानांतरण वित्त एवं लेखा कोष जबलपुर में किया गया है। तो वही कोषालय अधिकारी अमित मेंरावी को बालाघाट जिला कोषालय अधिकारी नियुक्त किया गया है। जहां जिला पेंशन अधिकारी अंजनीश पंद्रे के स्थानांतरण और नए अधिकारी अमित मेंरावी के पद ग्रहण को लेकर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा एक



सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नगर में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान पेंशन अधिकारी श्री पन्द्रे को भावभीनी बिदाई दी गई। एवं नव दायित्व पेंशन अधिकारी अमित मेरावी ( कोषालय अधिकारी ) का स्वागत व अभिनंदन किया गया। जहां दोनों ही अधिकारियों को शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेट कर दोनों अधिकारियों का अभिवादन स्वागत व वंदन किया गया ।आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ए.एल. मोहारे ने बताया कि सेवानिवृत कर्मियों की समस्याओं को सहजता व सरलता के साथ सुनना, उनका त्वरित निराकरण करना, श्री पन्द्रे जी की सहज प्रवृत्ति रही है ।एक लम्बे कार्यकाल में उन्होने अपने दायित्वों का निर्वाहन सफलता पूर्वक कर सेवानिवृत कर्मियों का हितरक्षण किया है ।जिनका पेंशनधारी कर्मचारियों को भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। ऐसी ही अपेक्षा नए अधिकारी से भी पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा की जाती है ।जिसपर अधिकारियों द्वारा अपने सम्मान समारोह में सभी पेंशनर्सों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवानिवृत होने पर भी अपने अधिकारियों के प्रति अनुराग रखने और उनका सम्मान करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस दौरान प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष ए. एल. मोहारे, संरक्षक सुभाष पटेल, संभागीय उपाध्यक्ष डा.एस.एस. बिसेन, सचिव पी.आर. देशमुख, अमर सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष पीएल मोहारे, नानाजी बिसेन, हंसराज बिसेन, गुलाब चंद पटले, सालिकराम पटले, बैरागी लाल पटले, पी.आर तुमसरे, एस.एल गौतम, एच.आर पटले , जे.एन टेंभरे, नारायण मदनकर, ए.के. सिंघई, और आर.एस.बघेले सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व पेंशनर्स साथी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

---

# नाबालिक लड़की का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपी को आजीवन ( मरते दम तक ) कारावास

## विशेष न्यायाधीश गौतम सिंह मरकाम की विशेष अदालत का फैसला

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश गौतम सिंह मरकाम की अदालत ने एक नाबालिक लड़की का अपहरण और दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई दोनों आरोपी निखिल पिता महेश एशने 19 वर्ष और विशाल पिता उपकार शेंद्रे 20 वर्ष दोनों ग्राम पिपरझरी थाना हट्टा निवासी है। विद्वान अदालत ने इन दोनों आरोपी को शेष प्राकृत जीवन काल के लिए कारावास के अलावा आरोपी निखिल एशने को 11 हजार रुपये अर्थदंड और आरोपी विशाल शेंद्रे को 6हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी कपिल कुमार डहेरिया के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती आरती कपले द्वारा की गई थी। अभियोजन के अनुसार 12 जून 2023 को सुबह 5:00 बजे यह नाबालिक लड़की अपने घर से बिना बताए चली गई थी। परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन किये। किंतु वह नहीं मिली। इसी दिन 4:00 बजे करीब इस नाबालिक लड़की के गुम होने की रिपोर्ट उसके परिजनों ने हट्टा पुलिस थाना में की थी। हट्टा पुलिस ने इस नाबालिक लड़की की खोजबीन शुरू की, इस दौरान 20 जुलाई 2023 को राजस्थान के बनकाखेड़ा मैं यह नाबालिक लड़की निखिल एशने के कब्जे से दस्तयाब की गई थी। इस लड़की को हट्टा थाना लाकर पूछताछ की जाने पर इस लड़की ने बताई की 1 वर्ष पूर्व से उसकी निखिल से बातचीत होती थी। 11 जून 2023 की रात्रि 11:00 बजे निखिल ने उसे घर के बाहर मिलने बुलाया और बहला फुसलाकर उसे किसी चीज की कमी नहीं होने दूंगा कहकर



राजस्थान चलने कहा तो वह उसकी बातों में आ गई। तब निखिल के दोस्त विशाल शेन्द्रे ने मोटरसाइकिल लाया और उन्हें मोटरसाइकिल से गोंदिया रेलवे स्टेशन तक छोड़ कर चला गया। निखिल एशने ने उसे ट्रेन से गोंदिया नागपुर और कोटा ले गया। जहां से ऑटो से बनकाखेड़ा अपनी दीदी के घर ले गया। जहां शिव मंदिर में निखिल एशने ने उसकी मांग में सिंदूर भरकर शादी किया और अपनी दीदी के घर के पास एक अलग कमरे में पत्नी बनाकर रखा। इस दौरान निखिल ने उसके साथ कई बार जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इस नाबालिग लड़की के बताएं अनुसार आरोपी निखिल एशने और विशाल शेन्द्रे के विरुद्ध धारा 363 366 376 376(2)एन 376 (3) 34 भादवि एवं धारा 3/4(2),5एल/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत अपराध दर्ज किया गया और इस अपराध में निखिल एशने और विशाल शेन्द्रे को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना उपरांत दोनों अभियुक्त के विरुद्ध अदालत में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। हाल ही में यह मामला विद्वान विशेष न्यायाधीश गौतम सिंह मरकाम की अदालत में चला। जहां अभियोजन पक्ष दोनों आरोपी के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। जिसके परिणाम स्वरुप विद्वान अदालत ने मामले की समस्त परिस्थितियों को देखते हुए अपने विवेचन निष्कर्ष और उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी निखिल एशने को धारा 366 भादवि के तहत अपराध में 7 वर्ष का कठोर कारावास और 1000 रूपये अर्थदंड , धारा 3/4(ii) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं धारा 376(3)भादवि के तहत अपराध में आजीवन कारावास (जिसका अभिप्राय शेष प्राकृत जीवन काल के लिए होगा),और 5000 रुपये अर्थदंड,धारा 5(1)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों की संरक्षण अधिनियम 2012 एवं धारा 376(2)(एन)भादवि के तहत अपराध में आजीवन कारावास (जिसका अभिप्राय शेष प्रकृत जीवन काल के लिए होगा) और 5000 रूपये अर्थदंड से दंडित किये। आरोपी विशाल शेंद्रे को धारा 366 सहपठित धारा 109 भादवी के तहत अपराध में 7 वर्ष का कठोर कारावास और 1000 रूपये अर्थदंड ,धारा 3/4(ii),5(1)/6 सहपठित धारा 17 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत अपराध में आजीवन कारावास( जिसका अभिप्राय जिसका अभिप्राय शेष प्राकृत जीवन काल के लिए होगा)और 5000रुपये अर्थदंड से दंडित किये।

---

# स्कूटर के सामने डंपर आ जाने के विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने स्कूटर चालक से की मारपीट-दी जान से मारने की धमकी

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)।गोंदिया रोड पुराना मारुति शोरूम के पास अचानक स्कूटर के सामने अचानक डंपर आ जाने से उपजे विवाद को लेकर स्कूटर चालक को हाथ बुक्के और और डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल व्यक्ति रविंद्र पिता गोपाल राव उमाटे 49 वर्ष वार्ड नंबर 26 प्रेम नगर बालाघाट निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। कोतवाली पुलिस ने इस व्यक्ति द्वारा की गई रिपोर्ट पर दीपक बजाज पिता मुरली बाजार बालाघाट निवासी के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 26 प्रेम नगर निवासी रविंद्र उमाटे नगर के एक न्यूज़ पेपर में काम करते हैं। 14 मई की रात्रि 10:45 बजे रविंद्र उमाटे अपनी स्कूटर में अंबेडकर चौक से अपने घर की ओर प्रेम नगर जा रहे थे। जैसे ही वे गोंदिया रोड पुराना मारुति शोरूम के पास पहुंचे तो वहा सड़क के किनारे खड़ा एक पीले रंग का डंपर अचानक रविंद्र उमाटे की स्कूटर के सामने आ गया। रविंद्र उमाटे ने अपनी स्कूटर को ब्रेक मार कर रोके और ट्रक के ड्राइवर से बोले की गाड़ी देखकर चलाओ तभी इस डम्फर के ड्राइवर ने अपने मालिक दीपक बजाज को बुलाया और दीपक बजाज ने आकर रविंद्र उमाटे को अश्लील गलियां देने लगा । रविंद्र उमाटे ने उन्हें गाली देने से मना किया तभी दीपक बजाज ने रविंद्र उमाटे को हाथ बुक्के और हाथ में रखे डंडे से मारपीट मारपीट कर दिए। मारपीट में रविंद्र उमाटे सिर में चोट लगने से घायल हो गए। इसके बाद वहा कुछ लोग पहुंचे और जिन्होंने बीच बचाव किया ।जिसके बाद दीपक बजाज ने रविंद्र उमाटे को आइंदा हमसे उलझने पर जान से खत्म कर देने की धमकी दिए। मारपीट में घायल रविंद्र उमाटे रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने मारपीट में घायल रविंद्र उमाटे को जिला अस्पताल में भर्ती किये वहीं उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर दीपक बजाज पिता मुरली बजाज बालाघाट निवासी के विरुद्ध धारा 296 115(2) 351(3) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

---

# खेतों पर झूल रहे बिजली के तार

## किसान ने विद्युत केबल को ठीक करने विभाग से लगाई गुहार

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। बीते 4 महीने पहले जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गोंगलाई से विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी लाइन को आगे बढ़ाया गया है जिसमें गोंगलाई के कुछ किसानों का कहना है कि उनके खेतों से जो विधुत लाइन के केबल गये है वह उनके खेतों की जमीन के नीचे झुकते हुए गुजरे है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जबकि इसकी सूचना उनके द्वारा बिजली विभाग को दे दी गई है। आपको बता दे की जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत गोंगलाई के कुछ किसानों ने उनके क्षेत्र से गुजरी 33 केवी विद्युत लाइन को लेकर नाराजगी जाहिर की है उनका कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा जो लाइन उनके क्षेत्र से आगे बढाई गयी है वह जमीन से कुछ ज्यादा ही नीचे है इससे वह आज अपने खेतों में हार्वेस्टर मशीन से अपनी फसल नहीं कटवा पा रहे हैं, और इस प्रकार से अधिक नीचे विद्युत केबल होने से कोई बड़ी घटना घट सकती है, ग्राम गोंगलाई के किसान शोभाराम द्वारा बताया गया कि उनके खेतों से 33 केवी लाइन गुजरी है जो कुछ ज्यादा ही जमीन से नीचे होते हुए गुजरी है , जबकि इस प्रकार विद्युत लाइन के वायर नीचे होने से आज वह अपने खेतों में कार्य नहीं करवा पा रहे हैं और कोई भी घटना उनके खेतों में घट सकती है , वह ट्रैक्टर , हार्वेस्टर जैसे बड़े वाहन का उपयोग अपने खेतों में नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए उन्होंने विद्युत विभाग से मांग की है कि उनके खेतों से लगे जो विद्युत केवल है उसे ठीक किया जाए।



# व्यापारियों ने बोली लगाकर कृषि उपज मंडी में की धान की खरीदी

## बकोड़ा मंडी प्रांगण में धान की खरीदी कार्य हुआ प्रारंभ, किसानों को मिलेगा लाभ

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत बकोड़ा में करोड़ों रूपयों की लागत से सर्वसुविधायुक्त कृषि उपज मंडी का निर्माण 4 से 5 वर्ष पूर्व किया गया है। ताकि क्षेत्रीय किसानों की धान सहित अन्य उपज की खरीदी की जा सके। लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते मंडी प्रांगण में खरीदी नही होने से किसानों को मजबूरन वारासिवनी कृषि उपज मंडी में अपनी उपज विक्रय करना पड़ रहा था। साथ ही लंबे समय से किसानों के द्वारा बकोड़ा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में धान की खरीदी शुरू करवाने की मांग मंडी प्रशासन से कर रहे थे। जिसके बाद मंडी प्रशासन के द्वारा लालबर्रा क्षेत्र में लायसेंसधारी व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर मंडी में धान खरीदी करने का प्रस्ताव रखा था और व्यापारियों ने अपनी सहमति भी दिये थे। व्यापारियों की सहमति मिलने के बाद 15 मई से कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के द्वारा बकोड़ा स्थित सर्वसुविधायुक्त मंडी प्रांगण में धान की खरीदी कार्य का श्रीगणेश किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर धान खरीदी कार्य प्रारंभ करवाया। वहीं प्रथम दिन व्यापारियों के द्वारा बोली लगाकर 4 क्विंटल धान किसान से खरीदी की गई है जिसका भुगतान भी नगद किया गया। इस तरह से 5 साल से बनकर तैयार हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण में कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के द्वारा धान खरीदी कार्य का श्रीगणेश किया गया है एवं व्यापारियों के द्वारा 15 मई से ई-मंडी के माध्यम से बोली लगाकर धान खरीदी की जा रही है। साथ ही मंडी में धान खरीदी कार्य शुरू हो जाने से किसानों को उपज का दाम भी अच्छा मिलेगा क्योंकि व्यापारी के द्वारा धान की





बोली लगाई जाती है जिसमें जो व्यापारी धान की बोली अधिक दाम पर लगाता है उसे किसान अपनी उपज विक्रय करते है। जिससे किसान को लाभ मिलेगा। वहीं कृषि उपज मंडी शुरू नही होने के कारण पूर्व में अधिकांश किसान वारासिवनी कृषि उपज मंडी दुर होने के कारण लालबर्रा के व्यापारियों को दुकानों में कम दाम पर ही अपनी उपज विक्रय कर देते थे। लेकिन अब बकोड़ा मंडी प्रांगण में धान खरीदी का कार्य शुरू हो जाने से अब किसान मंडी में ही व्यापारियों को अपनी उपज विक्रय करेगें जिससे उन्हे उनकी फसल का दाम भी अच्छा मिलेगा और मंडी प्रशासन को राजस्व भी प्राप्त होगा। साथ ही ई-मंडी के माध्यम से उपज विक्रय करने पर किसानों को नगद/आर. टी. जी. एस/एन. ई.एफ.टी. से भुगतान किया जा रहा है। जिससे किसानों को उपज विक्रय करने के बाद समय पर भुगतान भी मिल जायेगा। वहीं खरीदी शुरू होने के प्रथम दिन महज 4 क्विंटल ही धान की खरीदी हुई है, जिसका मुख्य कारण यह है कि कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के द्वारा मंडी प्रांगण बकोड़ा में नीलामी (ई-मंडी) के माध्यम से 15 मई से धान की खरीदी शुरू करने के बारे में प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर नही किया गया है। जिसके कारण अधिकांश किसानों को जानकारी नही है कि बकोड़ा कृषि उपज मंडी में धान सहित अन्य फसलों की खरीदी प्रारंभ हो चुकी है। ई-मंडी के माध्यम से व्यापारियों के द्वारा खरीदी की जा रही है इसलिए प्रथम दिन बहुत कम कृषक अपनी उपज लेकर पहुंचे थे। लेकिन जैसे-जैसे किसानों को जानकारी लगेगी कि बकोड़ा कृषि उपज मंडी में धान की खरीदी की जा रही है तो किसान धीरे-धीरे अपनी उपज लेकर विक्रय करने पहुंचेगें। वहीं बकोड़ा मंडी प्रांगण में धान की खरीदी शुरू होने से अब स्थानीयजनों को रोजगार भी मिलेगा।

### किसानों की उपज का नगद किया जा रहा भुगतान - अनिल

धान व्यापारी अनिल कुमार सचदेव ने बताया कि कृषि उपज मंडी लालबर्रा के अधिकारियों के द्वारा हमें सूचना दी गई थी कि बकोड़ा मंडी प्रांगण में ई-मंडी के माध्यम से धान खरीदी 15 मई से प्रारंभ की जा रही है। आप लोगों को उपस्थित होकर किसानों की धान फसल की खरीदी करना है। श्री सचदेव ने बताया कि



बकोड़ा मंडी प्रांगण में गुरूवार से खरीदी प्रारंभ हो चुकी है और नीलामी के माध्यम से फसल की व्यापारीगण खरीदी कर रहे है और किसानों की उपज का नगद भुगतान भी किया जा रहा है।

### किसान अपनी फसल मंडी में लाकर बेचे - कन्हैया

तहसीलदार कन्हैयालाल तेकाम ने बताया कि रबी धान की फसल उपार्जन केन्द्रों में खरीदी नही होने के कारण किसानों को अपनी उपज विक्रय करने में परेशानी हो रही थी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए गत दिवस धान व्यापारियों की बैठक लेकर बकोड़ा स्थित मंडी प्रांगण में नीलामी (बोली) के माध्यम से धान खरीदी करने कहा गया था और उन्होने अपनी सहमति भी दिये थे। जिसके बाद



15 मई से लालबर्रा कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के द्वारा बकोड़ा मंडी प्रांगण में धान की खरीदी कार्य का श्रीगणेश किया गया है। श्री तेकाम ने बताया कि प्रथम दिन 4 क्विंटल धान की खरीदी हुई है और किसानों को नगद भुगतान किया जा रहा है इसलिए क्षेत्रीय किसानों से अपील है कि अपनी उपज बकोड़ा मंडी प्रांगण में लाकर बेचे। साथ ही कृषि उपज मंडी में फसल बेचने पर किसानों को उनकी फसल का अच्छा दाम भी मिलेगा।

# विद्युत करेंट की चपेट में आया मजदूर महेश

### लालबर्रा अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर किया गया जिला चिकित्सालय रिफर



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. एवं दक्षिण सामान्य वनमंडल लालबर्रा अंतर्गत आने वाले वनग्राम के जंगल क्षेत्र से ट्रक में बास भरकर गर्रा डीपों जा रहे ट्रक में बैठे मजदूर विद्युत करेंट की चपेट में आने से झुलस गया। जिसके बाद विद्युत करेंट से झुलसे व्यक्ति को तत्काल लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गागुलपारा के आगे कावली निवासी महेश उइके मजदूरी का कार्य करता है और वन विभाग में ट्रक में लकड़ी व बास भरकर लाने एवं खाली करने का कार्य करता है। जो गुरूवार को अपने अन्य साथियों के साथ ट्रक में बैठकर दक्षिण सामान्य वन मंडल लालबर्रा के अंतर्गत आने वाले सोनेवानी जंगल क्षेत्र में बास के लिए आये थे और ट्रक में बास भरने के बाद गुरूवार को दोपहर डेढ़ बजे गर्रा डीपों जा रहे थे। तभी पनबिहरी से टेकाड़ी ला. पहुंच मार्ग के उड़ानपुल के आगे से रोड़ के बीच से विद्युत तार गुजरा हुआ है जो बास से भरे ट्रक से टकरा रहा था। जिसे देखने के लिए ट्रक में बैठा महेश उइके ट्रक के खिड़की से बाहर निकलकर देख रहा था। तभी वह विद्युत तार के संपर्क में आ गया और वह झुलस गया। जिसके बाद मार्ग से गुजर रहे ऑटो चालक को रोककर ऑटों में बिठाकर लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाकर भर्ती किये जहां प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। इस विद्युत करेंट की चपेट में आने से मजदूर के हाथ, पैर झुलस गये है। चर्चा में घायल मजदूर का साथी अनिल वरकड़े ने बताया कि गर्रा डीपों में बास ले जाने के लिए लालबर्रा टेकाड़ी ला. के वनग्राम के जंगल क्षेत्र आये थे और 6 से 7 मजदूर ट्रक में बास भरकर जा रहे थे तभी पनबिहरी से टेकाड़ी ला. पहुंच मार्ग में रोड़ के ऊपर से गुजरे विद्युत तार से ट्रक में भरा बास टकरा रहा था इसलिए विद्युत तार को बास की मदद से ऊपर करने के लिए नीचे उतरा था एवं महेश ट्रक के खिड़की से तार को देख रहा था। तभी उसे करेंट लग गया और नीचे गिर गया। जिसके बाद उसे तत्काल लालबर्रा अस्पताल लेकर आये, जिसका उपचार जारी है।

# कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में डीनू बोपचे ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत ददिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का



परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। साथ ही कक्षा 10 वीं की छात्रा कु. डीनू बोपचे ने 96.6 प्रतिशत अंक से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम गौरवांवित किया है। चर्चा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ददिया के प्रभारी प्राचार्य आरके बेलेकर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा गत दिवस कक्षा 10 वीं, 12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें हमारे विद्यालय का दोनों कक्षाओं का बेहतर परीक्षा परिणाम रहा है। साथ ही यह भी बताया कि कक्षा 10 वीं में छात्रा कु. डीनू बोपचे ने 500 में से 483 अंक प्राप्त कर 96.6 प्रतिशत से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। इसी तरह बिंदिया भोयर ने 91.6 अंक से उत्तीर्ण होकर द्वितीय एवं ओम सोनबिरसे ने 88.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। श्री बेलेकर ने बताया कि कक्षा 12 वीं में कला संकाय में खुशी डोंगरे ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त की है, गणित संकाय में श्रुति क्षीरसागर ने 82.2 प्रतिशत, कला संकाय में श्रध्दा कटरे ने 81.2 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हुए है। इसी तरह कक्षा 10 वीं, 12 वीं में अन्य छात्र-छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम गौरवांवित किया है। उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने वालों में प्रभारी प्राचार्य आरके बेलेकर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल है।

# कृषि उपज मंडी के अधिकारी-कर्मचारियों ने कृषि उपज के परिवहन हो रहे वाहनों की जांच की

## धान भरकर ले जा रहे वाहनों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये एवं लालबर्रा मंडी में उपज विक्रय करने की अपील की







लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा क्षेत्र के किसानों के द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन में पकने वाली धान की उपज को वारासिवनी कृषि उपज मंडी में विक्रय करने परिवहन से लेकर जाते है परन्तु कई बार कृषि उपज धान बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से परिवहन करते है। जिससे मंडी प्रशासन को राजस्व का नुकसान भी होता रहा है। 15 मई को कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग मानपुर के आगे पांगा तालाब की मोड़ाई के पास चौपहिया वाहनों में कृषि उपज (धान) लेकर जा रहे वाहनों को रोककर परिवहन संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही किसानों से कहा गया कि 15 मई से बकोड़ा स्थित मंडी प्रांगण में कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के द्वारा ई मंडी के माध्यम से धान की खरीदी प्रारंभ की गई है इसलिए आप लोग भी अब वारासिवनी उपज मंडी में धान विक्रय न करते हुए लालबर्रा कृषि उपज मंडी समिति के माध्यम से बकोड़ा कृषि मंडी प्रांगण में व्यापारियों के द्वारा नीलामी (बोली) लगाकर धान की खरीदी की जा रही है उस स्थान पर उपज लेकर पहुंचकर अपनी उपज लालबर्रा के बकोड़ा स्थित मंडी प्रांगण में विक्रय करे और किसानों को नगद/आर.टी.जी.एस/एन.ई.एफ.टी. से भुगतान किया जायेगा। साथ ही उपज लेकर वाहनों में ले जाते समय आवश्यक दस्तावेज रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश वाहन चालक व किसानों को दी गई। आपकों बता दे कि लालबर्रा कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के द्वारा किसानों की फसल को मंडी में खरीदी नही करने के कारण क्षेत्रीय किसानों के द्वारा उपज का सही दाम लेने की मंशा से वारासिवनी कृषि उपज मंडी में विक्रय करने लेकर जाते है और कृषि उपज धान बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन अधिक मात्रा में होते है। जिस पर रोक लगाने के लिए कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा उपज लेकर जा रहे वाहनों को रोककर जांच नियमित रूप से नही की जाती थी। जिसके कारण कई बार तो धानों का अवैध रूप से परिवहन हो जाता है। जिससे मंडी प्रशासन को राजस्व का भी नुकसान होता है। इसी को मद्देनजर रखते हुए कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के द्वारा 15 मई को बगैर अनुज्ञा कृषि उपज के परिवहन कर रहे वाहनों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की गई और यह कार्यवाही निरंतर रूप से जारी रहेगी।

### उपज लेकर जा रहे वाहनों की चेकिंग की जा रही - भानेश्वर

कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के सहायक उपनिरीक्षक भानेश्वर तुरकर ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा के द्वारा बकोड़ा मंडी प्रांगण में 15 मई से धान खरीदी की नीलामी प्रारंभ की गई है। जिसके लिए प्रचार-प्रसार भी किया गया है ताकि क्षेत्रीय किसान अपनी उपज विक्रय करें। साथ ही यह भी बताया कि क्षेत्रीय किसान वारासिवनी उपज मंडी में अपनी उपज विक्रय करने जाते है, परन्तु कई बार बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से परिवहन करते है इसलिए समय-समय पर जिस चौपहिया वाहन से धान लेकर जाते है उसकी जांच की जाती है ताकि उनके पास उपज लेकर जाने का समस्त दस्तावेज है या नही जिसकी जांच आज की गई है। श्री तुरकर ने बताया कि मानपुर के पांगा तालाब मोड़ाई में धान उपज लेकर जा रहे वाहनों को



रोककर दस्तावेजों की जांच की गई और उनसे कहा गया कि बकोड़ा कृषि उपज मंडी प्रांगण में आज से धान की खरीदी ई-मंडी के माध्यम से व्यापारियों के द्वारा की जा रही है इसलिए सभी किसान अब बकोड़ा स्थित मंडी में विक्रय करे, जिन्हे दाम भी अच्छा मिलेगा।

# पनबिहरी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा जारी, हवन-पूजन आज





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी स्थित गढ़वाल मंगल भवन में गत 9 मई से जारी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का 16 मई को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया जायेगा। आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक श्री रामाश्रम के परम पूज्य गुरूदेव जी के प्रिय शिष्य श्री राघवदास जी महाराज के द्वारा प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण के जीवनलीलाओं पर संगीतमय प्रवचन दिया जा रहा है। जिससे पुरे ग्राम में ज्ञान की गंगा बह रही है एवं क्षेत्रीय श्रध्दालुजन कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। साथ ही इस श्रीमद् भागवत कथा में रोजाना विविध धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न करवाये जा रहे है। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पनबिहरी स्थित गढ़वाल मंगल भवन में गत 9 मई से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा जारी है, जिसमें कथावाचक राघवदास जी महाराज के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवनगाथाओं पर संगीतमय प्रवचन दिया जा रहा है और क्षेत्रीय श्रध्दालुजन कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। साथ ही यह भी बताया कि इस 8 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक कथा जारी रहता है और इस कथा प्रवचन के माध्यम से क्षेत्रीयजन पुण्यलाभ अर्जित कर रहे है एवं 16 मई को हवन-पूजन और महाप्रसादी वितरण के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया जायेगा।

# सोलर पंप के लिए किसानों को मिलेगी जबरदस्त सब्सिडी

भोपाल। मध्य प्रदेश के किसानों को भी अब केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना का लाभ मिल सकेगा। राज्य सरकार ने सिंचाई के लिए सोलर पंप लगाने की इस योजना में संशोधन कर इसे राज्य में लागू कर दिया है। इस योजना के तहत सभी किसानों को सोलर पंप लगाने का मौका फिलहाल नहीं मिल सकेगा। राज्य सरकार ने इसमें संशोधन किया है। इसके तहत योजना के पहले चरण में चुनिंदा किसानों को ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा। अभी सिर्फ उन्हीं किसानों के खेतों पर सोलर पंप लगाए जाएंगे, जिन खेतों पर बिजली का स्थाई कनेक्शन मौजूद नहीं है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को अपनी जेब से कितनी राशि खर्च करनी होगी यह भी साफ कर दिया है।

राज्य सरकार ने योजना में संशोधन कर इसे लागू करने अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें प्रावधान किया गया है कि योजना के लिए वह किसान पात्र होंगे, जिनकी भूमि पर अभी स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं है। सोलर पंप लगाए जाने के पहले कृषि भूमि पर टैगिंग किया जाएगा, ताकि किसान को सोलर पंप और बिजली कनेक्शन दोनों के अनुदान का लाभ न मिल सके। इस योजना के दूसरे चरण में उन सभी किसानों के खेतों पर सोलर पंप लगाने के लिए अनुदान का लाभ दिया जाएगा, जिसके खेतों पर स्थाई बिजली कनेक्शन मौजूद है।

### विभाग बनाएगा किसानों का डाटा बेस

नवीन एवं नवकरणीय विभाग बिजली कंपनियों की मदद से प्रदेश के किसानों का डाटाबेस तैयार करेगी। इसमें किसानों द्वारा लिए गए अस्थायी और स्थायी बिजली कनेक्शन उससे लिंक किए गए किसानों के समग्र, आधार का डाटा प्राप्त करेगी और उसे मध्य प्रदेश भू लेख की मदद से खसरा नंबर से लिंक किया जाएगा। इसके आधार पर ही किसानों को सोलर पंप के लिए ऋण और अनुदान दिया जाएगा। सोलर पंप लेने वाले किसानों से हितग्राही अंश की राशि पोर्टल के जरिए ही जमा कराई जाएगी। इससे किसानों का डाटा वैरीफाई किया जाएगा।

### स्प्रिंकलर सिस्टम भी जोड़ा जाएगा

राज्य सरकार ने तय किया है कि सोलर पंप की इस योजना के साथ किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इसमें भी किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग द्वारा अनुदान दिया जाता है। इससे किसानों को पानी की बचत होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम के वेब पोर्टल पर सोलर पंप के लिए आवेदन करना होगा।

# कांग्रेसियो ने महामहिम राजयपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## जनजातिय कार्य मंत्री विजय शाह की मंत्री पद एवं विधानसभा सदयस्ता बर्खास्त करने की मांग

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच एवं कांग्रेस पार्टी के द्वारा संयुक्त रूप से 15 मई को महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश शासन के नाम का ज्ञापन एसडीएम राजीव रंजन पांडे एवं थाना प्रभारी हेमंत नायक को सौंप कर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कुंवर विजय शाह के द्वारा भारतीय सेना में पदस्थ कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अभद्र टिप्पणी के लिए प्रदेश सरकार से मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेखित है की मध्य प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारी भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया कुरैशी के ऊपर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि यह पाकिस्तान की बहन है। ऐसी टिप्पणी से हमारी सेना का अपमान हुआ है हमारी भारतीय सेना के लिए ऐसी सोच रखने वाले एवं हमारी भारतीय सेना में धर्म ढूंढ कर अपमानित टिप्पणी करने वाले मंत्री को अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए। उनके द्वारा कर्नल सोफ़िया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर अभद्र टिप्पणी एवं अपमान किया है यह बहुत शर्मनाक है। यह भारतीय सेवा का अपमान है पूरा भारत देश इस बयान से आहत है। हमारी मांग है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव मंत्री विजय शाह को तत्काल प्रभाव से पद से हटकर उन पर देशद्रोह का मुकदमा कायम कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी स्वप्निल डोंगरे, सुदेश सोनी, जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन, राहुल गाँधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, पूर्व नपाउपाध्यक्ष अनीश बेग, पूर्व सरपंच राजा अली, हरि क्षिरसागर, रामकिशोर बिसेन, ईस्वरीय दामनकर, विजय बिसेन, चिंटू जैन, गगन पारधी, आशिफखान, राजकुमार चौधरी, अशोक मरार, रेशमा कुमरे, अनिल उइके, धार्मिक इनवाती, बिट्ठू पारधी सहित कांग्रेसीगण मौजूद रहें।






### बीजेपी दलित और मुसलमान को टारगेट बना रही है - स्वप्निल डोंगरे



वरिष्ठ कांग्रेस स्वप्निल डोंगरे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेता शाह ने पिछले दिनों आर्मी कार्यवाही की ब्रीफिं ग कर रही हमारी बेटी सोफिया कुरैशी एवं व्यामिका सिंह दोनों के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी की है। जिसको लेकर न केवल कांग्रेस देश की समस्त पार्टी के लोग आंदोलित है भाजपा का चेहरा सबके सामने आ गया है। भाजपा दलित और मुसलमान को टारगेट बना रही है व्यामिका सिंह दलित है सोफिया कुरैशी मुस्लिम है भाजपा का चेहरा साफ दिख रहा है। हाई कोर्ट इंदौर में स्वत: संज्ञान लिया है एफ आईआर करने डीजीपी को कहा है। भाजपा उनका निजी बयान नहीं बता सकती क्योंकि वह मंत्री है यदि यह बीजेपी का बयान नहीं है तो उनकी प्राथमिक सदस्यता को तत्काल बर्खास्त करना होगा।

### यह देश के सामाजिक सदभाव को बांटने का कर रहे प्रयास - लोमहर्ष बिसेन



जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन ने बताया कि भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह है। उन्होंने देश की जांबाज सैनिक सोफिया कुरैशी जिनके द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। उनके खिलाफअनर्गल टिप्पणी की गई है जो गलत है यह देश के सामाजिक सद्भाव को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। उनके खिलाफ पूरा देश आंदोलित है हमने भी आज ज्ञापन सोपा है इसमें हाईकोर्ट ने भी एफआईआर के निर्देश दिए हैं और हम चाहते हैं कि वारासिवनी में भी एफ आईआर दर्ज हो। सरकार उन्हें तत्काल मंत्री पद के साथ विधानसभा की सदस्यता से बर्खास्त करें।

### यह बयान सरकार की कथनी और करनी बताता है - जावेद अली



राहुल गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने भारत की बेटी सोफिया कुरैशी जो कर्नल है उसे पर अभद्र टिप्पणी करी है। उन्होंने उसे आतंकवादी की बहन कहकर अपमान किया है इस बयान से हम और देश की जनता आहत है। हमारे द्वारा मांग की जाती है कि मोहन सरकार तत्काल उन्हें उनके पद से हटाकर उनके ऊपर देशद्रोह का अपराध दर्ज करें। भाजपा सरकार जो बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, महिला सम्मान की बात करते हैं तो इस प्रकार उनके द्वारा किये गये अपमान से उनकी कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट होता है।

### भाजपा नेताओं को पद का घमंड हो गया है - सुदेश सोनी



विधायक प्रतिनिधि सुदेश सोनी ने बताया की भारतीय सेना की कर्नल जिन्होंने अपने शौर्य और वीर से पाकिस्तान पर हमला कर उन्हें परास्त किया। मंगर उन्हें पाकिस्तान की बहन बताकर अपमानित करने का काम मंत्री विजय शाह द्वारा किया गया है जो बहुत ही निंदनीय है। भाजपा ने नेताओं और मंत्रियों को अपने पद का घमंड आ गया है जो कभी आजादी में भाग नही लिए उसके बाद भी भाजपा के कुछ नेता भारतीय सेना के बारे में समय-समय पर अंगर्नल बयान देते रहते है। मंत्री विजय शाह को तत्काल विधानसभा सदस्य से बर्खास्त करना चाहिए।

# सरपंच के समर्थन में आये पंचो ने गुमराह कर प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कराने का लगाया आरोप

## मामला रमरमा सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रमरमा की सरपंच श्रीमती इमला बिसेन के विरुद्ध १० पंचों द्वारा ५ मई को एसडीएम वारासिवनी को दिये गये अविश्वास प्रस्ताव में नया मोड़ आ गया है। और अब ग्राम पंचायत के १४ में से ५ पंचों ने एसडीएम के समक्ष पेश होकर सरपँच के समर्थन में अपना शपथ पत्र पेश कर सरपंच पर अपना पूरा भरोसा व्यक्त किया हैं। वही ग्राम की ही एक पंच हेमा मेश्राम ने अविश्वास प्रस्ताव पेश करने वालों पर प्रस्ताव पर उसके जाली हस्ताक्षर करने के आरोप भी शपथपत्र में लगाकर एसडीएम से जाँच की मांग की हैं। तो वही एक और महिला पंच जिराबाई जमरे ने अन्य पंचों पर उसे गुमराह कर प्रस्ताव पर दस्तखत कराने और एसडीएम कार्यालय में लेकर आने का उल्लेख करते हुए सरपंच के समर्थन में अपना शपथ पत्र पेश किया हैं। कुछ इसी तरह का शपथपत्र पेश करते हुए ३ अन्य पंचों बिहारी बिसेन, ललिता राणा, तीजन पटले ने भी अपना शपथ पत्र एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश कर अपना समर्थन सरपंच के पक्ष में जाहिर करने के साथ बताया कि वे सभी लोग सरपंच के बीते करीब ३ वर्ष के कार्यकाल से हमको किसी भी तरह की शिकायत नही हैं बीते ३ बर्षो में सरपंच ने सभी को विश्वास में लेकर ग्राम विकास के कार्य को अंजाम देने का कार्य किया हैं। लेकिन उनके द्वारा निरन्तर करवाये जा रहे ग्राम विकास के कार्य विपक्षी दल के लोंगो को रास नही आ रहे हैं इसलिए उनके द्वारा पंचायत के कुछ पंचों को अपनी ओर मिलाकर सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया हैं जिसका हम विरोध करते। वहीं रमरमा सरपंच इमलाबाई बिसेन ने बताया कि उनके द्वारा बिना किसी भेदभाव के कार्य सरकार के सहयोग से करवाये जा रहे। लेकिन ग्राम में कुछ लोंगो को रास नही आ रहे हैं जिसके चलते उनके पंचों को ऐसे तत्वों द्वारा गुमराह कर एसडीएम न्यायालय में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया हैं। लेकिन प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले 10 पंचों में से 3 पंचों सहित 5 पंचों उनके समर्थन में एसडीएम न्यायालय के समक्ष लिखित शपथपत्र सौंपा हैं। अब आगे विपक्ष के पंच क्या कदम उठाते है यह देखने योग्य होगा। इस मामले में वारासिवनी एसडीएम से जानकारी लेने संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नही हो पाया।



# एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत 50 प्रधान पाठकों को दिया गया प्रशिक्षण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप के दिशा निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय के मार्गदर्शन में गुरुवार को एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 50 प्रधान पाठकों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र (डाइट) में प्रशिक्षण प्रदान किया




गया। प्रशिक्षण में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के बारे में समस्त प्रधान पाठकों को पूर्ण जानकारी क्षेत्रीय समन्वयक एविडेंस एक्शन जबलपुर राजवल्लभ ठाकुर के द्वारा दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि स्कूल के समस्त बच्चों को खाना खाने के बाद आयरन की गोली खिलाना तथा उसके फायदे, एनीमिया के कारण और आयरन युक्त पोषण के बारे में भी विशेष जानकारी दी जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में घनश्याम बर्मन डीपीसी एवं डाइट प्राचार्य एन.पी.मलगाम उपस्थित रहें।

# सांदिपनी विद्यालय वारासिवनी में समर केम्प सम्पन्न

## कैंप में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों का किया अभ्यास






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के बालाघाट रोड स्थित सांदिपनी विद्यालय मैं आयोजित १५ दिवसीय समर कैंप का १५ मई को समारोह पूर्वक समापन किया गया। यह समर कैंप १ मई को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अवकाश पर विद्यालय स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिदिन सुबह ८ से ११ बजे तक विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों का नैतिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास करने का प्रयास किया गया। इसके समापन अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



### विद्यार्थियों में क्षमता विकसित करने का किया गया कार्य

इस वर्ष समर केम्प का आयोजन १ मई से १५ मई २०२५ तक किया गया। जिसमे शासकीय विद्यालयों में अकादमिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों के रचनात्मक, सृजन, शीलता, एकता, कौशल के विकास के लिये केम्प लगाया गया। जिसमे विद्यार्थियों में २१ वी सदी के विभिन्न कौशलों जैसे आपसी सहयोग, टीम वर्क, समस्या समाधान, आपसी सामंजस्य, तार्किकता और नेतृत्व जैसे जीवन कौशल विकसित करने के लिए अवसर प्रदान करना। सामाजिक, सांस्कृतिक जागरूकता के अंतर्गत डिजिटल और वित्तिय साक्षरता को बढावा देना। विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा बोलने की क्षमता विकसित करने का कार्य किया गया।

### यह प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

विद्यालय स्तर पर समर केम्प अंतर्गत लोक शिक्षण से प्राप्त थीम के आधार पर कैम्प आयोजित किया गया। इसमें खेलकूद, सांस्कृतिक, योग, डांस, संगीत, घुड़सवारी, लेखन प्रतियोगिता, इंडोर गेम, आउट डोर गेम, आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें शामिल विद्यार्थियों से समापन अवसर पर १५ दिवस में बच्चो द्वारा जो जो विधाएं सीखी गई उसका प्रदर्शन किया गया। जिसका सभी ने आनंद लेकर विद्यार्थियों के द्वारा सीखी गई कला की सराहना की गई।

### समर कैंप में १४१ विद्यार्थियों ने लिया भाग

इस केम्प में १४१ बच्चो द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया था सभी बच्चों द्वारा प्रतिदिन अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गयी। इस अवसर पर श्रीमती वंदना शर्मा, लखन रिनायत, श्रीमती श्यामकला वाड़ीचार, डेलेन्द्र मेश्राम, राजेश डाहरे, श्रीमती प्रतिमा भगत, श्रीमती आकांशा आश्वले, श्रीमती अनु राहंगडाले, सूश्री रितिक जैन, सुश्री रिया शर्मा, मुकेश देशकर, विजय गजभिये, किशोर कुमार गजभिये, फूलचंद ठाकरे, राम लाल उइके, अमित डोंगरे, कार्यक्रम सह संयोजक राजेश सोनेकर, कमल टेम्भरे सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

# योग राहंगडाले ने सीबीएसई हायर सेकंडरी परीक्षा में अर्जित किया ९८.८ प्रतिशत

## नवोदय विद्यालय वारासिवनी का नाम गौरवान्वित



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। होनहार बिरवान के होत चीकने पात लोकोक्ति को पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन के निज सहायक बसंत राहंगडाले के कनिष्ठ पुत्र योग राहंगडाले ने बखूबी चरितार्थ किया। कुशाग्र बुद्धि के धनी योग ने अपने अध्ययन, लग्न, निष्ठा और अथक परिश्रम से सीबीएसई जैसी कठिनतम बोर्ड की हायर सेकंडरी परीक्षा ९८.८ प्रतिशत से अव्वल दर्जे में उत्तीर्ण किया। उन्होंने नवोदय विद्यालय वारासिवनी से अध्ययन कर जीवविज्ञान समूह शानदार सफलता अर्जित की। निश्चित ही जीवविज्ञान समूह में ऐसा परिणाम देश की प्रतिभा को परिलच्छित करता है। जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम होगी। अपने इस नव कीर्तिमान पर योग राहंगडाले ने बताया की शिक्षकों, नवोदय विद्यालय परिवार, माता-पिता, स्थानीय अभिभावक छगन हनवत, भाई, स्नेहीजनों के कठिन परिश्रम, समर्पण और मेरे प्रयासों का प्रतिफल है परिणाम। मैं इन सबके प्रति आभार प्रकट करता हूं। सफलता अपने से वादा और अटल इरादा करने से अवश्य मिलती है। हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए बल्कि उसका मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने प्रतिभावान छात्र योग राहंगडाले की अविस्मरणीय सफलता पर कहाँ हमें गर्व और गौरव की अनुभूति देती है मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे, सांसद भारतीय पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कराहे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन, पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम, रमेश भटेरे, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, छगन हनवत, भाजपा जिला महामंत्री मौसम बिसेन, डॉ नरेंद्र भैरम, निरंजन बिसेन, हेमेंद्र क्षीरसागर, सुधीर चौधरी, जितेंद्र चौधरी, वनराज महेश, जैनेंद्र कटरे, विजय बिसेन, सिद्धार्थ वाजपेई, अखिलेश चौरे, सुमित यादव, ईशु लाल धावडे ने उदयीमान छात्र योग राहंगडाले को इस सुयश पर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना कर नवोदय विद्यालय वारासिवनी की उत्कृष्ट शिक्षा की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

# डेंगू में लापरवाही जिंदगी पर पड़ सकती है भारी

डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब लगभग हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया। डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहमे बल्कि सालभर डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं।

तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्रायः गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है। किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरूआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्रायः बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए।

# अच्छी संगत व माहौल हमारी काबिलियत का लोहा मनवाने में मील का पत्थर साबित होगा

हजारों वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति के बारे में कहा जाता है कि सृष्टि में मानवीय योनि की पहचान यहीं से हुई है, जो बंदरों से विकसित होते हुए मानवीय योनि तक विकसित हुई और बौद्धिक क्षमता का विकास होते गया, जिसकी भव्यता हम वर्तमान स्तर में देख रहे हैं कि मानवीय योनि ने दुनियाँ को कहां से कहां और कैसी डिजिटल स्थिति में पहुंचा दिया कि,साक्षात मानवीय आकृति रोबोट बना दिया जो पूरी तरह से मानवीय कार्य करने में सक्षम है, जो मानवीय बौद्धिक क्षमता का प्रमाण है। परंतु अगर हम इस तकनीकी प्रौद्योगिकी मेड मानव से हटकर सृष्टि रचयिता मानव में तकनीकी स्तरपर गुणों, व्यक्तित्व का विकास करने पर ध्यान दें तो हर मानवीय जीव अपने अपने स्तरपर एक अनोखा इतिहास रच सकते हैं, जिसके सहयोग से हम विश्व को कहां से कहां ले जा सकते हैं। चूंकि हम यहां मानवीय गुणों के विकास की बात कर रहे हैं तो सबसे महत्वपूर्ण गुण मानवीय व्यक्तित्व व उसकी संगत है क्योंकि मनुष्य जिसकी संगत में रहता है उसी के ही नक्शे कदम पर चलता है, किस हालत में कहां पैदा हुआ है उससे फर्क नहीं पड़ता,परंतु किस संगति में रह रहे हैं किन लोगों के साथ उठना बैठना बातचीत है, कैसे लोगों के माहौल में रह रहे हैं, यह हमारी सोच और सोचनें की प्रवृत्ति बनाते हैं,जो हमारी जिंदगी बनाने में महत्वपूर्ण रोल अदा करती है, इसलिए हमें गलत माहौल से निकाल कर अच्छे माहौल में रहने के सुझाव को रेखांकित करना होगा जो हर मानव अपने आप में पहचानकर उसमें अपने आप को ढाले तो वह स्वयं इतिहास रच सकता है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अच्छी संगत व माहौल हमारी काबिलियत का लोहा मनवाने में मील का पत्थर सटीक साबित होगा।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति में पले मानवीय जीव की करें तो मेरा मानना है कि सदियों से हर मानवीय जीव की अभिलाषा रहती है कि मेरे बच्चे इतनी ऊंची सकारात्मक तरक्की करें कि मैं अपने बच्चों के नाम से पहचाना जाऊं कि यह फ़लाने के पिता हैं! बिल्कुल सही बात! बस! इसके लिए हर व्यक्ति को चाहे वह मेल हो या फीमेल उसके संबंध में माता-पिता शिक्षक समाज सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि अपने बच्चों के व्यक्तित्व को निखारें उसके सही संगत में रहने का ध्यान रखेंक्योंकि हर बालक अनगढ़ पत्थर की तरह है जिसमें सुन्दर मूर्ति छिपी है, जिसे शिल्पी की आँख देख पाती है। वह उसे तराश कर सुन्दर मूर्ति में बदल सकता है। क्योंकि मूर्ति पहले से ही पत्थर में मौजूद होती है शिल्पी तो बस उस फालतू पत्थर को जिसमें मूर्ति ढकी होती है, एक तरफ कर देता है और सुन्दर मूर्ति प्रकट हो जाती हैमाता-पिता शिक्षक और समाज बालक को इसी प्रकार सँवार कर खूबसूरत व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। एक अच्छे व्यक्तित्व निर्माण के मूल्यों के नियम बच्चों में रखना जरूरी है। इसलिए सबसे पहले बच्चों में या हमने खुद में समझदारी, धैर्य, उच्च विचार, गुस्से पर कंट्रोल सच्चाई पारदर्शिता को अपनाकर खुद को पहचाने जो बच्चे को अच्छे माहौल में रखकर प्राप्त किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम अपने व्यक्तित्व की करें तो, हर मनुष्य का अपना-अपना व्यक्तित्व है। वही मनुष्य की पहचान है। कोटि-कोटि मनुष्यों की भीड़ में भी वह अपने निराले व्यक्तित्व के कारण पहचान लिया जाएगा। यही उसकी विशेषता है,यही उसका व्यक्तित्व है। प्रकृति का यह नियम है कि एक मनुष्य की आकृति दूसरेसे भिन्न है।आकृति का यह जन्मजात भेद



आकृति तक ही सीमित नहीं है; उसके स्वभाव, संस्कार और उसकी प्रवृत्तियों में भी वही असमानता रहती है। व्यक्तित्व-विकास में वंशानुक्रम तथा परिवेश दो प्रधान तत्त्व हैं। वंशानुक्रम व्यक्ति को जन्मजात शक्तियाँ प्रदान करता है। परिवेश उसे इन शक्तियों को सिद्धि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है।बालक के व्यक्तित्व पर सामाजिक परिवेश प्रबल प्रभाव डालता है।ज्यों-ज्यों बालक विकसित होता जाता है, वह उस समाज या समुदाय की शैली को आत्मसात् कर लेता है, जिसमें वह बड़ा होता है और उस व्यक्ति के गुण ही व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ते हैं।

साथियों सब बच्चे जुदा-जुदा परिस्थितियों में रहते हैं। उन परिस्थितियों के प्रति मनोभाव बनाने में भिन्न-भिन्न चरित्रों वाले माता-पिता से बहुत कुछ सीखते हैं। अपने अध्यापकों से या संगी-साथियों से भी सीखते हैं। किन्तु जो कुछ वे देखते हैं या सुनते हैं, सभी कुछ ग्रहण नहीं कर सकते। वह सब इतना परस्पर-विरोधी होता है कि उसे ग्रहण करना सम्भव नहीं होता। ग्रहण करने से पूर्व उन्हें चुनाव करना होता है। स्वयं निर्णय करना होता है कि कौन-से गुण ग्राह्य हैं और कौन-से त्याज्य। यही चुनाव का अधिकार बच्चे को भी आत्मनिर्णय का अधिकार देता है। प्रत्येक मनुष्य के मन में एक ही घटना के प्रति जुदा-जुदा प्रतिक्रिया होती है। एक ही साथ रहने वाले बहुत-से युवक एक-सी परिस्थितियों में से गुज़रते हैं, किन्तु उन परिस्थितियों को प्रत्येक युवक भिन्न दृष्टि से देखता है, उसके मन में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं होती है। यही प्रतिक्रियाएं हमें अपने जीवन का दृष्टिकोण बनाने में सहायक होती हैं।हम अपने मालिक आप हैं,अपना चरित्र स्वयं बनाते हैं। ऐसा न हो तो जीवन में संघर्ष ही न हो; परिस्थितियां स्वयं हमारे चरित्र को बना दें, हमारा जीवन कठपुतली की तरह बाह्य घटनाओं का गुलाम हो जाए। सौभाग्य से ऐसा नहीं है। मनुष्य स्वयं अपना स्वामी है। अपना चरित्र वह स्वयं बनाता है। चरित्र-निर्माण के लिए उसे परिस्थितियों को अनुकूल या सबल बनाने की नहीं बल्कि आत्मनिर्णय की शक्ति को प्रयोग में लाने की तात्कालिक आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम व्यक्तित्व विकास में खुद की पहल की करें तो, हमेशा अपने से स्वयं कहें ! मैं कर सकता हूं, ये मेरे लिए है। इससे जीवन में आगे ब ?ने का प्रोत्साहन मिलता है। साथ ही इससे आत्म सम्मान बढ़ता है और व्यक्तित्व में भी निखर आता है। अपने अन्दर अच्छा व्यक्तित्व विकास लाने का एक और सबसे बड़ा कार्य है अपने विश्वदृष्टि में बदलाव लाना। दूसरों की बात को ध्यान से सुनें और अपने दिमाग के बल पर अपना सुझाव या उत्तर दें। अपने फैसलों को खुद के दम पर पूरा करें क्योंकि दूसरों के फैसलों पर चलनाया कदम उठान असफलता का कारण है। चाहें हमारी बातें हो या हमारे कार्य, सभी जगह सकारात्मक सोच का होना अच्छे व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत आवश्यक है। हमारे सोचने का तरीका यह तय करता है कि हम अपना कार्य किस प्रकार और किस हद तक पूरा कर सकेंगे। सकारात्मक विचारों से आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व को बढाता है।जीवन में कई प्रकार की ऊँची नीची परिस्तिथियाँ आती हैं परन्तु एक सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति हमेशा सही नजर से सही रास्ते को देखता है। एक अच्छा श्रोता होना बहुत कठिन है लेकिन व्यक्तित्व विकास का एक अहम स्टेप है। जब भी कोई हमसे बात करे, ध्यान से उनकी बातों को सुनें और समझें और अपना पूरा ध्यान उनकी बातों पर रखें।

संगत कीजै साधु की,कभी न निष्फल होय।,लोहा पारस परसते,सो भी कंचन होय॥,कबीर संगत साधु की,जौ की भूसी खाय।,खीर खांड भोजन मिले,साकट संग न जाए॥,

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, अच्छी संगत व माहौल हमारी काबिलियत का लोहा मनवाने में मील का पत्थर साबित होगा।आओ अच्छी संगत व माहौल में रहकर अपनें व्यक्तित्व को अपनी पहचान बनाकर इतिहास रचें।अच्छी संगत व माहौल हमारी सोच प्रवृत्ति व कुछ कर गुजरने का संकल्प दिलाता है-उम्र के हर स्तरपर अच्छे माहौल व संगत में रहना जरूरी है।

**यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- किशन सनमुखदास भावनानीं**

# मोदी-उद्बोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान

ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक होगा।

पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है और भारत ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए न केवल पाकिस्तान को पस्त किया बल्कि दुनिया को चौंकाया भी है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर ब ?ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली एवं सकारात्मक होने का आह्वान है।

मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें इक्कीसवीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उसने भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बड़ा चुका है और ये स्थितियां हमने पाक के खिलाफ एक्शन में देख ली है।

मोदी ने भारतीय समाज में एकजुटता को अपरिहार्य बताया और कहा कि जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है।

मोदी ने अपने इस संबोधन से अनेक निशाने साधे हैं। उनके अनुसार 2047 तक विकसित मुल्क बनाने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। पाक एवं क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से विश्व राजनीति एवं आर्थिक विकास में नई आशा का संचार हुआ है। मोदी के पाक के खिलाफ एक्शन को स्थगित करने की खुशखबरी के साथ दुनिया में दो बड़ी सकारात्मक खबरे भी आशा की किरण बनी। एक आशा की किरण है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, दूसरी किरण तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह के लिये दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होना। यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आई सकारात्मक खबरों का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों में आया उछाल है। इनके चलते भारत में नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति भी पुनः रफ्तार पकडेगी। ताजा घटनाक्रम से भारत एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर एवं सशक्त राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

**-ललित गर्ग**

## पत्थर की पूजा

संत नामदेव के जीवन से जुड़ी यह चर्चित कथा है। उनके पिता दामाशेट दर्जी थे। वह चाहते थे कि नामदेव उनका कारोबार आगे बढ़ाएं पर नामदेव तो दिन भर मंदिर में कीर्तन करते रहते थे। इससे दामाशेट दुखी रहते थे। एक दिन उन्होंने नामदेव को कपड़ों का एक गट्ठर सौंप दिया और कहा कि इसे वह बाजार में बेच आएं। नामदेव बाजार पहुंचे। वहां गट्ठर सामने रख विट्ठल के ध्यान में मग्न हो गए। सभी की कमाई हुई, पर नामदेव खाली ही रहे।

वहीं पास में खेत में कुछ पत्थर पड़े थे। उन्होंने पत्थरों को कपड़ों से ढक दिया और एक बड़े पत्थर से कहा कि आठ दिन बाद फिर आऊंगा, पैसे दे देना, ताकि पिता को हिसाब दे सपूं। पिता ने पूछा तो कहा कि आठ दिन बाद पैसे मिलेंगे। आठ दिन बाद नामदेव उस बड़े पत्थर के पास गए। पैसे मांगने लगे। पर वह कहां से देता! उन्होंने गुस्से में उसे उठाया और पंढरपुर के विट्ठल मंदिर ले आए। बोले- यहीं बापू को जवाब दे देना। दामाशेट बौखला रहे थे- कपड़ों के बदले पत्थर! नजदीक आकर देखा तो वह पूरा पत्थर सोने का हो गया था। यह समाचार सब ओर फैल गया।

स किसान के खेत का पत्थर था, वह आकर सोने का पत्थर मांगने लगा। नामदेव ने अपने कपड़े के पैसे मांगे व पत्थर उसे दे दिया। घर जाकर किसान ने देखा कि वह तो फिर पत्थर बन गया। वह गुस्से में नामदेव जी के घर वह पत्थर रख गया। आज भी उस पत्थर की पूजा नामदेव के मंदिर में होती है।

## डिजिटल पर्दे पर कामुकता की तिजारत!

संस्कृति, चेतना और सामाजिक अनुशासन की तमाम परंपराएं उस समय ठिठककर खड़ी रह जाती हैं, जब किसी समाज में नंगई को 'स्वतंत्रता', अश्लीलता को 'प्रयोग', और उत्तेजना को 'रचनात्मकता' कहकर स्वीकार कर लिया जाता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के उल्लू एप पर प्रसारित हो रहा एक शो 'हाउस अरेस्ट' इसी अंधेरे की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहाँ मनोरंजन के नाम पर मूल्यों की अर्थी सजाई जा रही है। 20 अप्रैल, 2025 से प्रसारित यह शो, जिसे होस्ट कर रहे हैं पूर्व बिग बॉस प्रतिभागी एजाज खान केवल एक रियलिटी शो नहीं, बल्कि समाज के उस गिरते हुए मानसिक धरातल की गवाही है, जहाँ टास्क के नाम पर प्रतियोगियों से अंतरंग मुद्राओं का अभ्यास करवाया जा रहा है। कैमरे के सामने, कपड़े पहनकर गरिमा को तार - तार किया जा रहा है। शो की एक क्लिप में जब एक महिला प्रतिभागी मासूमियत से अपनी जानकारी 'डॉग पोजीशन' या 'अप-डाउन' जैसे शब्दों में व्यक्त करती है, और दर्शकों की वाहवाही पाती है, तब प्रश्न यह उठता है कि क्या अब शालीनता बासी विषय हो चुका है?

वास्तव में यह शो एक सतही प्रवृत्ति की उपज है, जहाँ न सामाजिक उत्तरदायित्व है, न रचनात्मक विवेक। नारी-पुरुष संबंधों की मर्यादा को जिस चंचलता और अश्लील चेष्टाओं के सहारे टास्क बनाया गया है, वह दर्शाता है कि अब वयस्क कंटेंट और विवेकहीन कंटेंट में कोई अंतर नहीं रहा। यह केवल शो नहीं, चेतना पर आघात है एक ऐसी पीढ़ी के नाम जो यह देख रही है, सीख रही है, और आगे यही बनना चाह रही है। ऐसी सामग्री का मनोवैज्ञानिक असर गहरा और दीर्घकालिक होता है। किशोरावस्था में जब पहचान और सोच का निर्माण हो रहा होता है, तब इस तरह के दृश्य मस्तिष्क में यौनिकता की विकृत छवियाँ अंकित कर देते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में नाबालिगों द्वारा किए गए यौन अपराधों में पिछले 5 वर्षों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। क्या यह महज संयोग है कि उसी दौर में इंटरनेट और ओटीटी पर इस तरह की सामग्री की बाढ़ आई? भारत में 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 43 प्रतिशत ओटीटी दर्शक वयस्क सामग्री को प्राथमिकता देते हैं। यही तथ्य प्लेटफॉर्म्स की रणनीति बन चुका है जहाँ भावनात्मक संबंध नहीं, केवल शरीर की 'संभावनाओं' को भुनाया जाता है और यही वह खतरनाक मोड़ है, जहाँ एक समाज अपने नैतिक संतुलन को खो देता है।

'हाउस अरेस्ट' जैसे कार्यक्रम केवल क्षणिक उत्तेजना का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक आदर्शों को दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं। नारी को केवल दृश्य माध्यम का उपकरण बना देना, उसके अस्तित्व को 'कंटेंट' में सीमित कर देना, वह भी स्वयं की स्वीकृति के साथ ये वह चुप्पी है जो आने वाले समय में सामाजिक विस्फोट का कारण बन सकती है। विडंबना यह है कि इसे 'बोल्डनेस', 'ओपन माइंडेडनेस' और 'फ्रैंकनेस' जैसे शब्दों की चमकदार चादर में लपेट दिया गया है और अगर कोई प्रश्न करे, तो वह 'पिछड़ा', 'रूढ़िवादी' या 'मॉरल पुलिस' करार दिया जाता है। लेकिन क्या सभ्यता इतनी उन्नत हो चुकी है कि अब विवेक पर प्रश्नचिह्न लगाना अपराध हो गया है? 'हाउस अरेस्ट' केवल एक मंच नहीं, यह एक समाजशास्त्रीय चेतावनी है जो एक संकेत है कि हम किस दिशा में बढ़ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अगर इन दृश्यों में 'टास्क' देखती है और सम्मान, संबंध, मर्यादा जैसे शब्द उसे बेमानी लगने लगते हैं, तो फिर यह नासमझी नहीं, हमारी चूक है। यहाँ सवाल केवल किसी एक शो का नहीं है, बल्कि उस सोच का है जो इसे जन्म देती है, बढ़ावा देती है और उसे सामान्य मानने लगती है। जब सरकारें केवल 'आत्म-नियमन' की बात करती हैं और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स व्यावसायिक लाभ के लिए किसी भी सीमा को लांघते हैं, तब मूल्यों का अपमान भी एक व्यापारिक रणनीति बन जाता है।

हाउस अरेस्ट जैसे कार्यक्रम यह बताते हैं कि मनोरंजन के नाम पर समाज किस गहराई तक गिर सकता है। यह केवल एक शो नहीं है, यह उस सोच का प्रतिनिधि है, जो स्त्री को उत्पाद, पुरुष को उपभोक्ता, और संस्कृति को वस्त्रहीन कल्पना मानती है। हमें अब यह तय करना होगा कि हम अपने बच्चों को कैसी दुनिया सौंपना चाहते हैं। आज आवश्यकता है एक गहरी, समवेत चर्चा की जो केवल सेंसरशिप की नहीं, बल्कि सामाजिक जवाबदेही की बात करे। 'स्वतंत्रता' का अर्थ अगर विवेकहीनता है, तो फिर वह स्वतंत्रता नहीं, सामाजिक अराजकता है। हमें तय करना होगा कि क्या हम उस दिशा में जा रहे हैं, जहाँ मनोरंजन का मतलब केवल उत्तेजना रह जाएगा? यदि हम अब भी नहीं चेतें, तो आने वाले समय में हमें अपनी ही पीढ़ी के सामने यह उत्तर देना होगा कि हमने उन्हें सोचने, समझने और सृजन करने की जगह केवल देखने, भोगने और ताली बजाने की आदत क्यों डाली?

**- सोनम लववंशी**

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** दिसावरी तेजी के समाचारों से गुरूवार को किराना बाजार में कालीमिर्च बाजार तेजी पर रहे। शक्कर में सुस्ती रही। खाद्य तेलों में मजबूती देखी गयी। तिलहनों में भाव बने रहे। दलहनों में मूंग बाजार नरमी के रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार कालीमिर्च में दिसावरी तेजी से भावों में सुधार का रूख रहा। कालीमिर्च में एटम क्वालिटी मालों में बाजार 770-800 रू. प्रति किलो पर आ गये। शक्कर में सुस्ती कायम रही। खाद्य तेलों में मजबूती आयी। तिलहनों में सोयाबीन व रायडा सुर्ख रहा। दलहनों में मूंग बाजार नरमी के देखे गये। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4140-4190, खोपरा गोला 210-245, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 180-220, सांगली 250-270, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 95-120, बेस्ट 280-315, एस्ट्रा बेस्ट 320-350, सौंफ बारिक 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1050-1200, क्लीन 1220-1330, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-2000, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 820-835, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2500-2550, (160) 2850-2900, (200) 3250-3300, (250) 3250-3300

**तेल**- सींगदाना 1360-1380, मुम्बई 1390, राजकोट तेलिया 2165, सोया साल्वेंट 1190-1195, सोया रिफाइंड 1250-1260, कपास्या 1235, धूलिया 1240, कड़ी 1240,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1350, मुम्बई पाम 1255, मुम्बई सोया 1300,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2200, देवास-उज्जैन 2200, खंडवा-बुरहानपुर 2175, अकोला 2990 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6400-6500, रायडा 5600, सोयाबीन 4300, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6050-6075, एवरेज 5900-5950, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 63000-6350, एवरेज 6250-6300, मूंग देशी 7700-7750, पाला 7750-7800, चमकी 7800-7900, नायलोन 7800-7900, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6700-6800, हल्की 6500-6600, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**दाल**- चना दाल एवरेज 8000-8200, बेस्ट 8300-8500, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3050, सेला 3400-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4800, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

# इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार नरमी के देखे गये। भाव इस प्रकार रहे =-

चॉंदी (9999) 96000, चॉंदी (99) 95900, टंच 95200, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 94500,

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.50 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.64 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने स्थानीय मुद्रा की गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.53 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 85.64 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 32 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.32 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.81 पर रहा।

# आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को ट्रांसफर मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपके कामों से परेशान रहेंगे। यदि आप साझेदारी में कोई व्यवसाय करने की सोच रहे थे, तो आपकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने शत्रुओं से सतर्क रखते रहने की आवश्यकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको अपने खानपान पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। आप अपने कुछ पेंडिंग कामों को भी समय से निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को अक्समात लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके काम को लेकर गति काफी तेज रहेगी। आपको अपने कानूनी मामलों को समय रहते निपटाने की आवश्यकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप अपने व्यवसाय पर पूरी निगरानी बनाकर रखे, नहीं तो साथी इसका फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा। आप अपने कामों में किसी तरह की कोई लापरवाही ना करें। परिवार के सदस्यों का आप पूरा आनंद लेंगे। आपका कोई पुराना काम लंबे समय से रुका हुआ था वह अब काम पूरा हो सकता है। आपको इधर-उधर खाली बैठकर समय व्यतीत करने से अच्छा है कि आप अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगाएं।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपके अत्यधिक खर्च करने की आदत के कारण आपकी समस्या बढ़ सकती है। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन आपको अपने पेट का भी खास ख्याल रखना होगा। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। व्यापार में आप किसी के साथ पार्टनरशिप करने से बचें, नहीं तो आपको धोखा मिलने की संभावना है।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार के सदस्य के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी कुछ पुरानी यादें भी ताजा होंगी। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। सुख और भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आपकी अच्छी पैठ रहेगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है। आपको किसी काम के समय से पूरा न होने से मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके सुख साधन में वृद्धि होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपके खर्चे बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको किसी अनजान व्यक्ति से तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप किसी के बहकावे में ना आए। भाई और बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद खड़ा हो सकता है, जो कोर्ट कचहरी तक जा सकता है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिल सकते हैं, जिसमें आप पुराने गिले शिकवे न उखाड़ें। प्रेम जीवन में आपसी सहयोग बना रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट होने की संभावना है। आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आपको अपने धन को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आपको कुछ मौसमी बीमारी होने की संभावना है, जिससे आपको सावधान रहना होगा। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपको किसी पुरानी गलती को करने से परिवार में किसी सदस्य से डांट खानी पड़ सकती है।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आपको बिजनेस में एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन आपको उससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा, क्योंकि अकस्मात गिरावट आने से आपकी कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है। आपके व्यापार में काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर संशय है, तो आप उस बात पर ढील बिल्कुल ना करें। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

## शब्दजाल - 7900

*शब्द जाल में भारत के 10 प्रधानमंत्रियों के नाम नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | इं | दि | रा | गां | धी | इं | ल | ज |
| र | ट | ल | दे | व | गौ | ड़ा | इं | द्र | ट | वा |
| त | स | ल | ल | र्म | छ | मो | रा | कु | ख | ह |
| च | ज | ज | बि | पु | र | रा | प | मा | ली | र |
| म | र | दो | ग | हा | लं | र | तू | र | झ | ला |
| न | क | ण | प | ह | री | जी | ना | गु | घ | ल |
| मो | अ | स | सिं | या | प | दे | श | ज | ला | ने |
| ह | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | ह |
| न | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| सिं | पा | ला | ल | ब | हा | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | बा | द | प | न |

जवाहरलाल नेहरु, लालबहादुर शास्त्री, चरण सिंह, मोरारजी देसाई, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, इंद्रकुमार गुजराल, देवगौडा, अटलबिहारी, मनमोहन सिंह.

### शब्दजाल - 7899 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रिं | शो | ना | दि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | ध | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | ब | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | ब्न | धा | क | ब | री | ग | वी | र |
| री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | गा | प | म | क्रां | कौ | या | हा |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | थ |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| थो | झ | सा | रु | बा | घ | ब | हा | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6844

**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6843

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | जु | बा | | जो | र | | दा | मि | नी |
| ल | | बा | जी | | क्ष | त्रि | य | | तू |
| बे | टा | | न | म | क | | ग | जा | |
| ला | | अं | त | | | गे | | लि | |
| | दा | दा | | नू | | जा | ने | म | न |
| मे | | ज | ह | री | ले | | हा | | र्गि |
| री | मा | | त्या | | कि | ला | | द | स |
| जं | | सू | | म | न | | म | र्द | |
| ग | द | र | | द | | आ | ह | | डॉ |
| | म | ज | बू | र | | | ल | गा | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**16 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | वृष | 05.14 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मिथुन | 07.16 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.30 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.46 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 13.58 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.08 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.23 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.39 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.44 बजे से |
| | | कुंभ | 00.31 बजे से |
| | | मीन | 02.03 बजे से |
| | | मेष | 03.34 बजे से |

राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 136 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 05.14 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** मूल 16.08 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 07.14 बजे को समाप्त। **करण** बव 16.42 बजे तदनन्तर बालव 05.14 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 07' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872346 **जूलियन दिन** 2460811.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 17 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: मक्खी और मुर्गा

बाप रे बाप ! आज तो मैं बहुत ही थक गई मेरी भी जिंदगी क्या है ! मक्खी अपने मित्र मुर्गा से कहने लगी। मर्गा अपने पंजो से जमीन खुरच रहा था। मक्खी की बात सुनकर बोला, 'क्यों? आज तुम्हें इतनी उदासी और थकावट क्यों मालूम हो रही है?' 'अरे, तुम्हें मेरी मुसीबतों का क्या पता ! आज घर से मंडी तक एक ठेले को खींचने पड़ा।' मक्खी बताने लगी। 'क्यों, तुम्हें यह काम कैसे करना पड़ा गया? छकडे पर क्या लदा था?' मुर्गे ने पूछा। मक्खी ने उत्तर दिया, 'तुम तो मिट्टी खोदते रहते हो। तुम्हारे लिए ये सब बात समझना कठिन है। फिर भी बताती हूं। सुनो, मैंने एक आदमी को ठेला खींचते हुए देखा। मैं उसकी पीठ पर बैठ गई। उसके साथ मैं भी वह ठेला खींचकर मंडी तक लाई हूं।' 'अरे, तुममें इतनी ताकत कहां से आ गई? छकड़ा तो, मैंने सुना है, बहुत भारी होता है ! मुर्गे ने अचरज के साथ पूछा। 'भाई, काम करने के लिए दिल और उमंग चाहिए। ताकत तो अपने आप आ जाती है।' बड़े घमंड से मक्खी कहने लगी, 'घर से मंडी तक कई जगह सड़े-गले फल दुकानों पर टंगे हुए दिखाई दिए। मुंह में पानी भर आया। कई बार सोच भी कि रूक जाऊं। लेकिन इस विचार से कि मेरे बिना ये लोग ठेला नहीं खींच पाएंगे, मैं कहीं नहीं रूकी।' 'तुम ठीक कहती हो।' मुर्गे ने कहा। मुर्गे की आंखों में नींद आने लगी था। वह बोला, 'अब मैं सो जाना चाहता हूं, नहीं तो सुबह जल्दी उठना मुश्किल हो जाअगा। तुम तो जानती ही हो कि यह सूरज कितना आलसी है। मेरी 'कुकड़ु -कं' से ही वह जाग पाता है, नहीं तो सोता ही रह जाए।'

## सूडोकु नवताल- 7153 ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

### सूडोकु नवताल -7152 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8368

**बाएँ से दाएँ**

1. तरंग, हिलोर-3
3. झगड़ा, द्वेष, कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा, थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया, पीर-3
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन, प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान, रब, करतार -4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण, जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

**ऊपर से नीचे**

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया, करुणा-3
3. शर्ट, बुशर्ट-3
4. अधिकार-2
5. भद्र, कुलीन-3
7. बड़ा भवन, कोठी-3
8. हमेशा, हर पल-4
9. यात्री, पथिक, राहगीर-2
12. कुख्यात-2,2
15. तमीज, तहजीब-3
16. रात्रि, रजनी-2
18. शोषण करना, दबाना-3
19. आसान, सीधा-3
20. नाव चलाने वाला-3
22. झुका हुआ-2
23. मर्तबान, रुस का राजा-2

### शब्द पहेली -8367 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | | श | री | र | | ज | ला |
| त | | ह | र | म | | न | हा | ना |
| | आ | रा | म | | रा | ज | न | |
| क | स | म | | ल | ह | र | | त |
| र | न | | ग | ल | त | | भ | ला |
| म | | स | ब | क | | का | र | क |
| | आ | ब | रु | | ह | र | ना | |
| म | ह | ल | | का | र | ण | | त |
| न | ट | | क | ल | म | | शा | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भारी बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई और इसके बाद दिन भर उतार-चढ़ाव बना रहा पर अंत में अचानक आई तेजी से बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1200.18 अंक 1.48 फीसदी की तेजी के साथ 82,530.74 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 395.20 अंक तकरीबन 1.60 फीसदी बढ़कर 25,062.10 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 29 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए और केवल एक कंपनी का शेयर ही नीचे आया। इस प्रकार निफ्टी की 50 में से 49 कंपनियों के शेयरों में तेजी आई और केवल एक कंपनी का शेयर ही गिरा। सेंसेक्स की कंपनियों में



शामिल टाटा मोटर्स के शेयर सबसे ज्यादा 4.16 फीसदी उछले जबकि इंडसइंड बैंक के शेयर 0.16 फीसदी नीचे टूटे। आज बढ़त पर बंद होने वाली सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में एचसीएल टेक 3.37 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 2.60 फीसदी, मारुति सुजुकी 2.17 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 2.07 फीसदी, एशियन पेंट्स 2.04 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 1.88 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.62 फीसदी व भारती एयरटेल 1.61 प्रतिशत रहीं। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंसो शेयरों में भी उछाल आया। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत रही। सुबह बाजार हल्की बढ़त के साथ सपाट स्तर पर खुले। खुलते ही निफ्टी-50 और सेंसेक्स लाल निशान में फिसल गए। बाजार के जानकारों का कहना है कि पिछले दो कारोबारी सत्र में बेंचमार्क में प्रॉफिट बुलिंग देखी गई। यह दिखाता है कि हाई लेवल पर गति कमजोर हो सकती है। आईटी स्टॉक्स में तेजी और मेटल कंपनियों के शेयरों में बढ़त और आखिरी एक घंटे में खरीदारी से बाजार चढ़कर बंद होने में कामयाब रहा। वहीं एशियाई बाज़ारों में गुरुवार को गिरावट देखी गई। पिछले दिन अमेरिका-चीन तनाव में नरमी की उम्मीद पर बढ़त बनी थी, लेकिन आज बाज़ार नीचे आ गए। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.90 फीसदी गिरा, जबकि टॉपिक्स में 0.76 फीसदी की गिरावट रही।

# क्लोज्ड-लूप वॉलेट मामले की जांच कर रहा आरबीआई

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी ऑल-ईवी टैक्सी सर्विस ब्लूस्मार्ट, के अचानक बंद होने के बाद खुलेआम जानकारी आई है कि इसकी क्लोज्ड-लूप वॉलेट में उपयोगकर्ताओं के पैसे सुरक्षित नहीं थे। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक अब इस मामले की जांच कर रहा है। ब्लूस्मार्ट कंपनी के खिलाफ धोखा देने के आरोपों से शुरू हुई घटनाओं ने सदस्यों को सुरक्षित महसूस नहीं कराया, खासकर उन यूजर्स के लिए नहीं जो ऐप पर ईवी-संबंधित सेवाओं के लिए पैसे जमा करते थे। क्लोज्ड-लूप वॉलेट एक ऐप बेस्ड पेमेंट सिस्टम है, जिसमें उपयोगकर्ता अपने पैसे एक ही प्लेटफॉर्म पर ही इस्तेमाल कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, इस वॉलेट से पैसे वापस बैंक में ट्रांसफर करना भी असंभव है। ब्लूस्मार्ट कंपनी के कुछ प्रमुख संचालकों पर फ्रॉड के आरोपात्मक खुलासे के बाद अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह कंपनी उपभोक्ताओं के पैसों की सुरक्षा को ध्यान में रखती थी या नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक ने चार्जिंग-पॉइंट ऑपरेटरों और अन्य ईवी प्लेटफार्मों के साथ बातचीत शुरू की है जिससे यह मामला सुलझाया जा सके।अब रिजर्व बैंक की जांच द्वारा पता चलेगा कि क्या ब्लूस्मार्ट के बंद होने से उपयोगकर्ताओं का भरोसा उड़ गया था और क्या शुरू से ही यह सिस्टम मजबूत नहीं था।




# गूगल की बादशाहत को टक्कर देने को तैयार यह भारतीय स्टार्टअप

मुंबई। बीते कई साल से दुनिया का इकलौता सर्च इंजन बना गूगल अब तगड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। उसकी बादशाहत अब खत्म होने वाली है। गूगल का मुकाबला करने के लिए जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी पर्प्लेक्सिटी ने 50 करोड़ डॉलर (करीब 4,400 करोड़ रुपये) की फंडिंग हासिल कर ली है। फंडिंग के बाद स्टार्टअप का मूल्यांकन 14 अरब डॉलर (करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये) पहुंच जाएगा। इस स?टार्टअप को इंटरनेट सर्च की दुनिया में क्रांति लाने वाली सबसे संभावित एआई कंपनियों में से एक माना जा रहा है। पर्प्लेक्सिटी का लक्ष्य गूगल के दशकों से चले आ रहे इंटरनेट सर्च के प्रभुत्व को तोड़ना है। वर्तमान में यह अपने खुद के ब्राउजर कॉमेट (कॉमेट) को लांच करने की प्रक्रिया में है। कॉमेट को गूगल के सर्च इंजन क्रोम को टक्कर देने के लिए तैयार किया जा रहा है और इसी कारण है कि इस प्रोजेक?ट ने दुनियाभर के दिग्गजों का ध्यान खींचा है। इसकी लोकप्रियता भी तेजी से बढ़ती जा रही है। कॉमेट के लिए अब तक दुनिया के कई दिग्गजों ने निवेश किया है। इसमें एनवीडिया, सॉफ्टबैंक के विजिन फंड 2, अमेजन के संस्थापक जेफा बेजोस, ओपन एआई के सह-संस्थापक आंद्रेज कारपेथी, गूगल एआई के कार्यकारी अधिकारी जेफ डीन और मेटा के यांन लेकून जैसे तकनीकी पायनियर्स ने भी फंडिंग की है! गूगल को इस नए सर्च इंजन से चुनौती मिलने के साथ ही यह कंपनी अमेरिका में प्रतिस्पर्धा विरोधी चुनौतियों का भी सामना कर रही है। कंपनी के संस्थापक अरविंद श्रीनिवास ने कहा था कि नई फंडिंग का उपयोग कंपनी के ब्राउजर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में होगा। यह स्टार्टअप बहुत जल्द कॉमेट नामक से नया एजेंटिक ब्राउजर लांच करेगा। यह एक बहुत ही गंभीर इंजीनियरिंग प्रयास है।

# फसल कटाई उपरांत फसल अवशेष (नरवाई) जलाने पर होगी कार्रवाई



लांजी(पद्मेश न्यूज)। पर्यावरण सुरक्षा, जन-स्वास्थ्य एवं जीव-जन्तुओं की जीवन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फसल कटाई उपरांत फसल अवशेष (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद फसल अवशेष (नरवाई) जलाने का सीलसीला बदस्तूर जारी है। इसी की रोकथाम के लिए अब जुर्माना निर्धारित किया गया है। फसल अवशेषों का उचित प्रबन्ध न कर पाने के कारण ज्यादातर किसान अपनी फसलों की कटाई के बाद खेत को साफ करने के लिए खेत में बचे फसल अवशेष को आग लगा देते है। किसान अच्छी तरह समझता है कि वह नरवाई जलाकर वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। फिर भी वह अपनी निजी सुविधा के लिए नरवाई जलाना नहीं छोड़ रहा है। पर्यावरण सुरक्षा, जन-स्वास्थ्य एवं जीव-जन्तुओं की जीवन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत मध्यप्रदेश शासन ने धान एवं गेंहू तथा अन्य फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किये जाने पर संबन्धित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप के जुर्माना लिया जावेगा। नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसान होने पर जुर्माना - 2500 रु., 2 से 5 एकड़ भूमि वाले किसान होने पर जुर्माना - 5000 रु. 5 एकड़ से ज्यादा भूमि वाले किसान होने पर जुर्माना 15000 रु. वसूला जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमलचंद सिंहसार ने सभी किसान भाईयों एवं बहनों से अपील की है कि पर्यावरण सुरक्षा एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण हेतु नरवाई कतई न जलाएं अन्यथा नियमों की अवहेलना करने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में जुर्माना देना पड़ सकता है। कृषि विभाग द्वारा भी सभी किसान भाईयों को सूचित किया है कि वे अपने खेतों की मिटटी की जांच करवाएं । जिन किसान भाइयों को अपने खेत के मिट्टी की जांच करवाना हो, वे कृषि विभाग या कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर अपने खेत से मिट्टी देकर उसका परीक्षण करवाएं।

# कृषि बीज व खाद भण्डारण व बिक्री के पूर्व हो जांच

लांजी(पद्मेश न्यूज)। खरीफ की धान फसल बोने का समय आ चुका है एवं किसान अपने खेतों में जुताई करते हुये दिखाई दे सकते है। इसी के साथ कृषि केन्द्रों के संचालको के द्वारा भी अपने अपने कृषि केन्द्रों के गोदामों में बिक्री के लिए अनेकों किस्म के धान बीजों का भण्डारण प्रारंभ कर दिया गया है। और किसान भी अपने खेतों के हिसाब से धान बीजों की खरीदारी प्रारंभ कर दिया है। किन्तु विगत वर्षों पर गौर करें तो किसान बीजों की खरीदीदारी करने के पहले सोचने लगा है। क्योंकि पूर्व के वर्षों में अनेक कम्पनी के धान बीज बुआई करने के बाद अमानक पाए गए, जब तक इस बारे में ज्ञात हुआ तब बहुत देर हो चुकी थी एवं किसान अपने आप को ठगा सा महसूस करते रहने के अलावा कुछ नहीं कर पाया। किसानों ने कृषि विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में बिक्री के लिए भण्डारण किए जा रहे धान बीजों का समय पर परीक्षण किया जाएं। इसके साथ उर्वरक खाद की भी जांच की जावें।



### इनका कहना है

कृषि अधिकारियों की टीम गठित करके क्षेत्र के सभी कृषि केन्द्रों की जांच कर खाद, बीज के सेम्पल लिए जाएंगे एवं अमानक पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार**
**एसडीएम**

# जनपद पंचायत में किया गया सिविल डिफेंस वालेंटियर प्रशिक्षण

लांजी(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी में 14 मई दिन बुधवार को सिविल डिफेंस वालेंटियर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में एसडीआरएफ प्लाटून कमांडर श्याम सिंह धुर्वे एवं उनकी टीम द्वारा सिविल डिफेंस वालेंटियर को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युद्ध के दौरान ब्लैकआउट की स्थिति में की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में नागरिकों को जागरूक एवं सुरक्षित करना है । इस प्रशिक्षण में एसडीआरएफ द्वारा वालेंटियर को ब्लैकआउट , आपातकालीन खोज एवं बचाव आदि के बारे में सिविल डिफेंस वालेंटियर को प्रशिक्षण दिया गया । इस प्रशिक्षण में एसडीआरएफ प्लाटून कमांडर श्याम सिंह धुर्वे एवं उनकी टीम, लांजी जनपद पंचायत सी ई ओ राम गोपाल यादव, सिविल डिफेंस सदस्य दीपांकर भार्गव, सिविल डिफेंस वालेंटियर विरेंद्र बिसेन, विनोद मुरकुटे, हरेश परिहार, रासु कोठारे मनीषा बागड़े, काजल हरिनखेडे, पूजा राउत, दिनेश भोयर सहित अन्य वॉलिंटियर उपस्थित रहे।।



# जनजाति संस्कार केन्द्र के आचार्य दीदीयों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

लांजी(पद्मेश न्यूज)। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी के सभागार में महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास जबलपुर द्वारा संचालित सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस 15 मई को प्रथम कालखंड में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के पूर्व छात्र? झनकार किरनापुरे, विद्या भारती जनजाति संस्कार केन्द्र बालाघाट के जिला संयोजक विजय रामटेककर, छबिलाल मरठे कोषाध्यक्ष कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति, योगेंद्र दहीकर खंड व्यवस्था प्रमुख, रवि परते जिला समन्वयक मंडला, जिला समन्वयक नरेंद्र मरावी वर्ग के मुख्य शिक्षक एवं संकुल समन्वयक अयोध्या प्रसाद जगेला, नीरज बाहेश्वर, राकेश मर्समेले, श्रीमती कौशल्या लिल्हारे, वर्ग में उपस्थित 71 केंद्र के 61 आचार्य एवं दीदी सम्मिलित रहे। सर्वप्रथम झनकार किरनापुरे एवं अतिथियों के द्वारा भारत माता, मां सरस्वती जी का पूजन कर एवं दीप प्रज्वलित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित करती है और शिक्षा के साथ-साथ संस्कारित भी किया जाता है। प्रभारी प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री किरनापुरे का समय-समय पर मार्गदर्शन एवं विद्यालय को सराहनीय सहयोग बराबर मिलते रहता है, विद्यालय इनके सहयोग का सदा आभारी हैं। मंच संचालन जिला समन्वयक नरेंद्र मरावी के द्वारा किया गया।



# बयान पर बवाल- सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की फटकार के बाद सियासी उथलपुथल तेज...

## इंदौर में जनजातीय विभाग की कार्यशाली से हटाया मंत्री का चेहरा...विजय शाह की जगह पीएम मोदी का फोटो लगाया

भोपाल। महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर मप्र हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि आप संवैधानिक पद पर हैं और आपको अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। एक मंत्री होकर आप किसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं मप्र हाईकोर्ट की जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ लिखी गई एफआईआर की कॉपी पर भी सवाल उठाए हैं। इधर सियासी उथलपुथल भी तेज हो गई है। उमा भारती भी इस मामले में लगातार मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग कर रही हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि कोर्ट ने फटकारा, अपनों की दुत्कार के बाद भी शाह पर आंच नहीं आई है। गौरतलब है कि प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह हर ओर से बुरी तरह घिर गए हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद से शाह पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। इस बीच इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में वन विभाग और जनजातीय विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यशाला के होर्डिंग्स पर लगे मंत्री शाह के मुस्कुराते फोटो फटाफट छिपा दिए गए। उनके फोटो के स्थान पर पीएम नरेंद्र मोदी के फोटो लगाए गए। फोटो लगाने वाले जिम्मेदारों को जमकर फटकार भी पड़ी। विजय शाह जनजाति विभाग में ही कैबिनेट मंत्री हैं। कार्यशाला में एक बड़े बैकड्राप में सीएम मोहन यादव और विभाग के मंत्री विजय शाह का पोस्टर लगा हुआ था। लेकिन, कार्यक्रम शुरू होने से पहले पहुंचे अधिकारियों ने स्टाफ को जमकर फटकार लगाई और मंत्री का पोस्टर हटाने के लिए कहा। बैकड्राप बन गया था और पोस्टर हट नहीं सकता था। इसलिए उस पर सफेद कागज चिपकाया गया और ऊपर से पीएम नरेंद्र मोदी का फोटो लगाया गया।

### पहले हाईकोर्ट फिर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

गुरुवार को युगलपीठ ने हाईकोर्ट के आदेशानुसार मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा है कि एफआईआर ऐसे कंटेंट के साथ लिखी गयी है,जो चुनौती देने पर निरस्त हो जाये। युगलपीठ ने आदेश में उल्लेखित कंटेंट के बारे बताते हुए एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। इसके अलावा एफआईआर में पुलिस विवेचना की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट द्वारा की जाएगी। गुरुवार को विजय शाह सुप्रीम कोर्ट की शरण पहुंचे और एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन यहां भी शाह को राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि आप संवैधानिक पद हैं और आपको अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। एक मंत्री होकर आप किसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके पहले इसी कोर्ट ने बुधवार को विजय शाह के बयान पर नाराजगी जताई थी। हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए इसे कैंसर जैसा घातक बताया। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने संज्ञान याचिका की सुनवाई करते हुए डीजीपी को विजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्री शाह ने गटरछाप भाषा का इस्तेमाल किया है, जो अस्वीकार्य है। इसके बाद बुधवार देर रात महू पुलिस ने विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी।

### आज राज्यपाल से मिलेंगे कांग्रेस विधायक

एफआईआर के बाद भी मंत्री का इस्तीफा नहीं होने पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कड़ा रुख अपनाया है। सिंघार ने कहा कि वो और उनके कांग्रेस विधायकदल के सदस्य शुक्रवार सुबह 10.30 बजे राज्यपाल महोदय से मिलेगा और विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग करेगा। सिंघार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और मुख्यमंत्री मोहन यादव मंत्री विजय शाह से इस्तीफा लेने में विफल रहे है। ऐसा लगता है कि भाजपा के नेता विजय शाह के सामने कठपुतली बन गए हैं। अगर विजय शाह जी में थोड़ी भी इंसानियत बची है तो उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उमंग सिंघार ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी विजय शाह को फटकार लगाई है और हाइकोर्ट ने भी कड़ा रुख अपनाया है। उन्हें उन्हें शर्म आनी चाहिए कि उन्होंने न केवल एक महिला का अपमान किया हैं बल्कि भारतीय सेना का भी अपमान कर रहे हैं।

### शाह के बंगले की सुरक्षा बढ़ाई

इधर गुरुवार को मंत्री विजय शाह के बंगले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। गुरुवार को ही महिला कांग्रेस बंगले के बाहर प्रदर्शन करने पहुंची थीं। उनके प्रदर्शन के दौरान ही बंगले के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगा दी गई थी। अतिरिक्त फोर्स लगाने की भी जानकारी सामने आई थी।

# विजय शाह के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

भोपाल। कर्नल सोफिया पर मंत्री विजय शाह का विवादित बयान और उसका विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेशभर में प्रदर्शन के बाद कल हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और मामले में अपराध दर्ज करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मंत्री के विरुद्ध अपराध दर्ज हुआ, अब उनकी गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन का दौर जारी है। आज भोपाल में विजय शाह के श्यामला हिल्स स्थित बंगले के बाहर महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने शाह के बंगले के सामने और बीजेपी नेत्री उमा भारती के बंगले के पहले ही बेरिकेटिंग कर रास्ता बंद कर दिया था। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के नेतृत्व में पहुंचीं महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विभा पटेल ने कहा कि हम भी सोफिया कुरैशी हैं क्या हम आतंकवादी हैं? नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक्स पर लिखा- भाजपा के मंत्री विजय शाह पर कोर्ट के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज हुई है। जब विजय शाह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार पर अभद्र टिप्पणी करते हैं, तो भाजपा तुरन्त उनसे इस्तीफा ले लेती है। लेकिन जब वही मंत्री सेना की बहादुर अफसर पर अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, तो मुख्यमंत्री जी मौन साध लेते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा के लिए पार्टी पहले, देश बाद में का सिद्धांत ही सर्वोपरि है। मंत्री पद पर बैठा व्यक्ति यदि भारतीय सेना की बहादुर महिला अधिकारी के लिए ऐसी सोच रखता है, तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और देश के लिए अपमानजनक भी है। मंत्री विजय शाह से इस्तीफा लिया जाए।

# आपातकाल एवं आपदा जैसी स्थिति में निपटने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का किया जा रहा नामांकन

लांजी(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल एवं कलेक्टर बालाघाट के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र में आपातकाल एवं आपदा जैसी स्थिति में नागरिक सुरक्षा एवं प्रबंधन हेतु नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (सिविल डिफेंस वालेंटियर्स) का नामांकन किया जाना है। जिस हेतु शासन द्वारा प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया है। अत: लांजी नगर के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, सीनियर एनसीसी के सदस्यों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सदस्यों, निजी सुरक्षा एजेंसियों के सदस्यों एवं अन्य नागरिकों से स्वयंसेवको की भर्ती हेतु एक सप्ताह के भीतर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। नामांकन हेतु निर्धारित प्रार्थना पत्र कार्यालय नगर परिषद एवं संबधित वार्ड पार्षद के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता हैं। नामांकन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे-मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक, या अन्य कोई सरकारी दस्तावेज की फोटो अनिवार्यत: प्रस्तुत करेंगें। नगर पालिका अधिकारी ने यह आम सूचना जारी कर राष्ट्हित में सभी से आवश्यक सहयोग करने की अपील की है।

# कमाई के फेर में किताबों की गुणवत्ता से समझौता

भोपाल। प्राथमिक स्तर पर शिक्षण में किताबों का महत्व ही अधिक होता है। इसके बाद फिर शिक्षक व स्कूल का माहौल। कक्षाओं का आकार, अन्य सुविधाएं और खेल का मैदान। ये सभी वह कारक हैं, जो बच्चे की नींव मजबूत करने के अहम कारक हैं। सरकार जहां एक तरफ गुणवत्तापरक व सभी को शिक्षा मुहैया कराने की बात करती है। लेकिन अधिकारी किताबों की घटिया छपाई करा सरकार की साख को बट्टा लगा रहे हैं। प्रदेश में एक करोड़ से अधिक स्कूली बच्चों की किताबों की घटिया क्वालिटी की छपाई की घटिया क्वालिटी अधिकारियों की पोल खोल रही है। प्रदेश के निजी स्कूल अभिभावकों की जेब काटने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। वहीं सरकारी स्कूलों में बंटने वाली किताबों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश में एक करोड़ से अधिक स्कूली बच्चों की किताबों की घटिया क्वालिटी की छपाई कर अफसर सरकार की साख को बट्टा लगा रहे है। घटिया क्वालिटी की छपाई में प्रिंटरों से अफसर बसूली भी कर लेते हैं। इसका खुलासा इंदौर डिपो मैनेजर के एक पत्र से हुआ है। पत्र में किताबों की अमानक स्तर की छपाई की पूरी पोल खोली गई है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से बारहवीं तक के बच्चों को निःशुल्क किताबे राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाती हैं। हैं। निःशुल्क किताबों का वितरण सरकार की साख से जुड़ा हुआ है, जबकि एमपी बोर्ड से संबंद्ध निजी स्कूलों के बच्चों को यह किताबें खरीदना होती है। प्रदेश की स्कूली शिक्षा की किताबों की छपाई का जिम्मा मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पास है। पाठ्यपुस्तक निगम हर साल करीब साढ़े छह करोड़ किताबें छापता है। किताबों के लिए कागज खरीदी व छपाई करीब ढाई हजार करोड़ रुपए की है। सत्र 2025-26 के लिए प्रिंटिंग की गई स्कूली किताबों का वितरण एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। किताबों की प्रिंटिंग अलग अलग प्रिंटरों दूद्वारा की जाती है। प्रिंटिंग के लिए पूरे मापदंड तय किए गए है। मापदंडों के आधार पर किताबों की छपाई बहुत अच्छी गुणवत्ता वाली होनी चाहिए, लेकिन जब स्कूलों में किताबें पहुंचती हैं, तो उसके कागज की क्वालिटी के साथ प्रिंटिंग भी घटिया होती है। इसी घटिया क्वालिटी के कागज व प्रिंटिंग में पूरा खेल होता है। इसकी पोल भी इंदौर डिपो मैनेजर के एक पत्र से खुली है। इंदौर डिपो मैनेजर ने रोहन प्रज्ञा एंड पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा (उप्र) को एक पत्र लिखा है, जिमसें अमानक स्तर की प्रिंटिंग की बात कही गई है। उक्त पत्र की प्रति पाठ्यपुस्तक निगम मुख्यालय भोपाल में भी भेजी गई। विभागीय सूत्रों का कहना है कि अमानक स्तर की प्रिंटिंग होने के बाद प्रिंटर को भुगतान कर दिया गया है। दरअसल, पाठ्यपुस्तक निगम स्कूली किताबों की छपाई के टेंडर ग्रुप वाइज जारी करता है। स्कूली किताबों की प्रिंटिंग राजधानी समेत अलग-अलग राज्यों में प्रिंटरों द्वारा की जाती है। बताया जाता है कि कई प्रिंटर ऐसे हैं, जो सेटिंग कर उंचे दामों पर किताबों की छपाई करते हैं। बाहरी राज्यों के प्रिंटर लो रेट पर प्रिंटिंग कर देते हैं। खास बात यह कि राजधानी भोपाल में ऊंचे दामों पर किताबों की प्रिंटिंग के टेंडर लिए जाते हैं, जबकि राजधानी के प्रिंटरों का किताबों को पहुंचाने के आवगमन का खर्च भी बचता है। इंदौर डिपो मैनेजर की ओर से घटिया क्वालिटी की छपाई को लेकर रोहन प्रज्ञा एंड पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा (उप्र) को बार-बार पत्र लिखा गया है। बावजूद इसके किताबों की छपाई में सुधार नहीं किया गया। इंदौर डिपो मैनेजर ने लिखा कि आपके द्वारा मुद्रित कृतिका भाग-1 एवं भाग-2 की दी गई पुस्तकों के मुद्रण एवं पैकिंग/बाइंडिंग कार्य में कई अमानक स्तर की त्रुटियां हैं। इस कार्यालय के पत्रों द्वारा निर्देशित भी किया गया, लेकिन आज दिनांक तक कोई समाधानकारक कार्यवाही नहीं की गई।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# कहां गायब हो गया 60 हजार मीट्रिक टन गेहूं

## - खरीदी के बाद गोदामों तक नहीं पहुंचा करोड़ों का गेहूं

भोपाल। मप्र की सरकार किसानों का कितना ख्याल रखती है इसका उदाहरण गेहूं खरीदी के मामले में सामने आया है। क्योंकि प्रदेश के किसानों ने न केवल सरकारी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में उत्साह दिखाया वहीं इस बार 77 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं सरकार को बेच दिया है। लेकिन विडंबना यह है कि किसानों से खरीदा हुआ 60 हजार मीट्रिक टन गेहूं गायब हो गया है। खरीदी बंद होने के बाद भी यह गेहूं गोदामों में नहीं पहुंचा है।

इस साल गेहूं की सरकारी खरीद के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य पर 175 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस राशि देने का निर्णय लिया गया था। जिसके चलते इस साल किसानों ने बढ़ चढ़कर गेहूं खरीद में हिस्सा लिया। पिछले साल जहां मप्र में किसानों से मात्र 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई थी वहीं इस साल किसानों ने सरकार को 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूं बेचा है। लेकिन जब गोदामों में जमा गेहूं का हिसाब लगाया गया तो करोड़ों रूपए के गेहूं गायब मिले हैं।



### 22 जिलों में गड़बड़ी

गौरतलब है कि गड़बड़ी रोकने लाख कोशिशों के बावजूद समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी में बड़ा गोलमाल सामने आया है। रायसेन, नर्मदापुरम व उज्जैन समेत 22 जिलों में खरीदा गया 156 करोड़ कीमत का लाख क्विंटल (60 हजार मीट्रिक टन गेहूं का हिसाब नहीं मिल रहा है। उक्त गेहूं की खरीदी 15 मार्च से 5 मई के बीच हुई थी, जो गोदामों में नहीं पहुंचाया गया तो खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अफसरों ने खोजबीन शुरू की। जब पता नहीं चला तो आयुक्त खाद्य ने 22 जिलों के कलेक्टरों को फटकार लगाते हुए आज शाम तक गेहूं गोदामों में जमा कराने को कहा है। जब तक गेहूं गोदामों में जमा का स्वीकृति पत्रक जारी नहीं हो जाता तब तक उक्त गेहूं बेचने वाले किसानों को भुगतान नहीं होगा। प्रत्येक जिलों में जिला विपणन समितियां होती हैं, जिनके अध्यक्ष कलेक्टर होते हैं। खरीदी से जुड़ी पूरी जिम्मेदारी कलेक्टरों की होती है इसलिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने कलेक्टरों को गेहूं जमा कराने के लिए निर्देश दिए हैं।

### घटिया गेहूं की खरीदी से गड़बड़ाया गणित

जानकारों का कहना है कि खरीदी का स्टैंडर्ड तय है, लेकिन कुछ जिलों के खरीदी केंद्रों में अफसरों द्वारा सरकार से मिलने वाले कमीशन की अधिक राशि पाने के लिए घटिया गेहूं भी खरीदा गया। चूंकि खरीदा गया गेहूं वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉपरिशन व अनुबंधित गोदामों में जाम करना होता है। सूत्रों के मुताबिक अब उक्त गेहूं गोदाम वाले जमा करने से मना कर रहे हैं, क्योंकि एक बार गेहूं गोदामों में जाम हो जाए तो पूरी जिम्मेदारी वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन की होती है।

### पूर्व में लग चुका है हजारों करोड़ का चूना

गौरतलब है कि पूर्व के वर्षों में कई अफसर घटिया गेहूं खरीदकर सरकारों को नुकसान पहुंचा चुके हैं तो वेयर हाउसिंग कॉरिशन को भी हजारों करोड़ का चूना लग चुका है। सवाल यह भी उठता रहा है कि कई बार केंद्रों पर खरीदे जाने वाले गेहूं की गुणवत्ता अच्छी होती है, लेकिन उसमें कमियां बताकर गोदाम वाले जमा करने से आनाकानी करते हैं। इसी में गेहूं गीला हो जाता है। गेहूं की सरकारी खरीदी में परिवहन का काम करने वाली एजेंसियां भी कई बार देरी कर देती हैं। ये जिसका खामियाजा सरकार और किसानों को भुगताना पड़ता है। कई बार किसानों के नाम पर व्यापारियों से घटिया गेहूं खरीद लिया जाता है, जिसे बाद में औने-पौने दामों में शराब कंपनियों को बेचा जाता है। यह कई स्तर पर ढिलाई के कारण होता है। जिसके बाद गड़बड़ी की आशंका बढ़ जाती है।

### गेहूं की सुरक्षा में हो रहा है लाखों खर्च

गेहूं की सुरक्षा और रखरखाव पर समितियों को लाखों रुपए खर्च करना पड़ रहा है। ज्यादातर समितियों और खरीदी केंद्रों के पास बाउंड्रीवॉल नहीं है। इसके चलते समितियों को मवेशियों और चोरों से गेहूं को बचाने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात करना पड़ता है। इसके अलावा बारिश होने पर उसे भींगने से बचाने के लिए पन्नी और टेंट लगाना पड़ता है और बारिश के बाद उसमें हवा लगाने के लिए उसे हटाना पड़ता है। बारिश के दौरान जो अपना भींग जाता है उसे मजदूर लगाकर धूप में सुखाने की व्यवस्था कराना पड़ता है।

# खुरई का विकास रोकने कांग्रेसी-भाजपाई रात में कराते हैं तंत्र क्रियाएं

### - पूर्व गृहमंत्री और विधायक एक बार फिर अपने विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में, भूपेंद्र सिंह ने कहा

भोपाल। मप्र के पूर्व गृहमंत्री और खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह एक बार फिर अपने विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने दावा किया है कि रात 9 बजे के बाद भाजपा और कांग्रेस के नेता एकजुट होकर उनके खिलाफ षड्यंत्र रचते हैं। भूपेंद्र सिंह यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि खुरई का विकास रोकने के लिए तंत्र-मंत्र और पूजा-पाठ तक कराए जा रहे हैं। उनका यह बयान वायरल हो रहा है। इधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे (भूपेंद्र सिंह) अपनी पार्टी फोरम पर बात रखकर अनुशासनहीनता की कार्रवाई कराएं।

दरअसल, गत दिनों खुरई में विधायक भूपेंद्र सिंह ने सिविल अस्पताल खुरई में 1.70 करोड़ की लागत से बने बाल एवं शिशु वार्ड और 50 लाख रुपए की लागत से बनी पैथोलॉजी व माइक्रोबायोलॉजी लैब का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मेला ग्राउंड में 1 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सीसी फर्श के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए सिंह ने चाणक्य नीति का हवाला देते हुए कहा, आचार्य चाणक्य ने कहा था कि जब सारे बेईमान एक साथ हो जाएं तो समझ लीजिए कि राजा ईमानदार है। यही स्थिति यहां बन गई है। दिन में कोई भाजपा है, कोई कांग्रेस, लेकिन रात में ये सब एक साथ बैठ जाते हैं। इनकी कोई पार्टी नहीं है, बस मेरा विरोध करना मकसद है।

### भाजपाई और कांग्रेसी कर रहे षड्यंत्र

उन्होंने कहा कि कुछ जो कांग्रेसी भाजपाई है और जो कांग्रेसी है वो सब रात में एकसाथ बैठते हैं। सबको मालूम है। वह पूरे समय भूपेंद्र भैया के खिलाफ षड्यंत्र करते हैं। खुरई का विकास कैसे रोका जाए। इसके लिए षड्यंत्र होते हैं। पूजा-पाठ कराई जाती है। तंत्र क्रियाएं कराई जाती है। सब होता है, सबको पता है। उन्होंने अपनी बातों में स्पष्ट किया है कि उनका इशारा कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेताओं की ओर है। वहीं सागर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद अहिरवार ने कहा कि यदि कांग्रेस और भाजपा के लोग एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं तो वे उदाहरण बताएं। यदि ऐसा है तो वे अपनी पार्टी फोरम पर बात रखकर अनुशासनहीनता की कार्रवाई कराएं। वहीं मैं भी देखता हूं यदि कोई ऐसी बात सामने आती है तो अनुशासनहीनता की कार्रवाई कराई जाएगी।

# सिविल डिफेंस वालंटियर की होगी भर्ती

### - गृह विभाग तैयार करा रहा पोर्टल, युद्ध समेत अन्य आपातकालीन समय में करेंगे काम

भोपाल। भारत-पाकिस्तान सीजफायर तय हुआ है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। ऐसे में अब केंद्रीय गृह विभाग एक पोर्टल तैयार करवा रहा है। जिसके जरिये सिविल डिफेंस वालंटियर की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही सिविल डिफेंस वार्डन और ब्लैकआउट वार्डन भी बनाये जाएंगे।

भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद सिविल डिफेंस वालंटियर बनाये जाना तय हुआ। देश में 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स बनाई गई है। जिनमें मध्य प्रदेश के पांच जिले भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी शामिल है। भारत सरकार देश के अंदर आपातकालीन समय में इन सिविल डिफेंस वालंटियर को प्रशिक्षण देगी। हालांकि इसके पहले इनकी भर्ती की जाएगी।



### गृह विभाग तैयार करा रहा पोर्टल

भारत सरकार का गृह विभाग इसके लिए पोर्टल तैयार करवा रहा है। पोर्टल के जरिये भर्ती प्रक्रिया कैसे होगी?, कैसा आईकार्ड और कोई विशेष यूनिफॉर्म उन्हें दिया जाएगा? इन सभी बातों पर लगातार मंथन किया जा रहा है। ग्वालियर समेत प्रदेश की सभी पांचों सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जा रहे है। जिनमें समाज से जुड़े सभी महत्वपूर्ण लोगों को जोड़ा जा रहा है। अफसरों ने जानकारी दी है कि सिविल डिफेंस वालंटियर को डिसिप्लिन में रखने सिविल डिफेंस वार्डन के साथ ब्लैकआउट वार्डन बनाना भी तय किया गया है। यह वार्डन युद्ध समेत अन्य आपातकालीन समय में अपने अंडर में आने वाले सभी सिविल डिफेंस वालंटियर को एक्टिव कर काम में जुटेंगे। आपको बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये देश दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति और सख्त कूटनीतिक कदमों को देखा है।

# पिछले तीन दिन से नहीं बना एक भी लाइसेंस

### भोपाल आरटीओ के सस्पेंशन के बाद सैकड़ों आवेदक परेशान

भोपाल। भोपाल में बाणगंगा बस हादसे के बाद सस्पेंड हुए आरटीओ जितेंद्र शर्मा की जगह अब तक किसी नए प्रभारी की नियुक्ति नहीं की गई है। इधर, भोपाल आरटीओ कार्यालय में पिछले तीन दिनों से सभी कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। सैकड़ों आवेदक आरटीओ कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, आरटीओ में प्रतिदिन औसतन 150 नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाते हैं, जबकि 200 से ज्यादा लाइसेंस रिन्यू किए जाते हैं। इसके अलावा गाड़ियों के ट्रांसफर के करीब 200 मामले, परमिट से जुड़े 200 आवेदन और आरसी रिन्युअल के लगभग 200 काम हर दिन होते हैं। लेकिन आरटीओ के निलंबन के बाद से यह पूरा सिस्टम जाम हो गया है।

### लर्निंग लाइसेंस के आवेदकों पर संकट

इधर, पिछले दो दिनों में करीब 50 ऐसे आवेदक हैं जिनका लर्निंग लाइसेंस स्थायी लाइसेंस में बदलने की समय-सीमा 13, 14 और 15 मई को खत्म हो रही थी। अब इन आवेदकों को दोबारा पूरे प्रोसेस से गुजरना पड़ सकता है। विभाग से उन्हें कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं मिला है, जिससे वे असमंजस की स्थिति में हैं। 12 मई की शाम भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर एक स्कूल बस ने 8 वाहनों को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक इंटर्नशिप कर रही महिला डॉक्टर की मौत हो गई थी, जबकि 6 लोग घायल हुए थे। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। जांच में सामने आया कि बस की फिटनेस 5 महीने पहले ही समाप्त हो चुकी थी और बीमा भी नहीं था। संभाग आयुक्त संदीप सिंह ने प्रथम दृष्टया क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की लापरवाही मानते हुए उसी दिन आरटीओ जितेंद्र शर्मा को निलंबित कर दिया। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने तत्काल राहत के रूप में 5 पीड़ितों को रेडक्रॉस से 10-10 हजार रुपए की सहायता भी दिलवाई।

### 3 दिन में कोई नई नियुक्ति नहीं, व्यवस्था सुधारने की मांग

आरटीओ के निलंबन को तीन दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी अन्य अधिकारी की अस्थाई नियुक्ति नहीं की गई है। इससे न केवल आवेदक बल्कि ड्राइविंग स्कूल संचालक, एजेंट और वाहन डीलर भी प्रभावित हैं। कार्यालय परिसर में रोजाना सैकड़ों लोग लौटाए जा रहे हैं। लोगों की मांग है कि विभाग जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करे ताकि आम जनता को राहत मिल सके और कार्यालय की नियमित कार्यप्रणाली बहाल की जा सके।

# मप्र में कई सरकारी कॉलेज पर लगेगा ताला

भोपाल । मध्य प्रदेश में जल्द पुराने सरकारी कॉलेज में ताला लगने वाला है। उच्च शिक्षा विभाग प्रदेश के कई शासकीय बंद करने पर मंथन कर रहा है। जिन कॉलेजों में कम स्टूडेंट हैं उन्हें बंद कर इसके फैकल्टी को दूसरे कॉलेजों में भेजा जाएगा।

बता दें कि मध्य प्रदेश में 571 सरकारी कॉलेज हैं। प्रदेश के कई कॉलेज ऐसे हैं जिन्हें सिर्फ स्थानीय मांग पर खोला गया था। पिछले साल 100 से अधिक कॉलेज में पर्याप्त एडमिशन नहीं हुए थे। इस साल कम एडमिशन होने पर कॉलेज बंद करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने दिया बयान

कॉलेज में कम एडमिशन के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर पास-पास कॉलेज खुल गए हैं।आने वाले समय में जहां विद्यार्थी नहीं होंगे, वहां की समीक्षा कर रहे हैं। कुछ कॉलेज बंद करेंगे। कॉलेज बंद करने के मुद्दे पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री ऐसे ही हैं। ये नए कॉलेज नहीं खोलेंगे लेकिन पुराने बंद करेंगे।

### सेना का सम्मान सर्वोपरि, जीतू पटवारी बोले

# विजय शाह को बर्खास्त कर प्रधानमंत्री स्पष्ट संदेश दें

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि विजय शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। पटवारी ने कहा है कि भारत-पाक तनाव के समय प्रधानमंत्री ने पूरे देश को यह संदेश दिया था कि 140 करोड़ भारतीय एकजुट हैं और सेना के साथ हैं। परंतु जब उन्हीं की पार्टी का एक मंत्री सेना के सम्मान को ठेस पहुंचाता है, तब प्रधानमंत्री की चुप्पी और भाजपा का संरक्षण, इन संदेशों की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है।



उन्होंने बताया कि इस मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस को चार घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था, लेकिन पुलिस ने आठ घंटे की देरी से कार्रवाई की, जिससे सरकार की नीयत पर संदेह होता है। पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि अब विजय शाह सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह भाजपा की तरफ से उन्हें बचाने की एक सोची-समझी कोशिश प्रतीत होती है। जीतू पटवारी की प्रमुख मांगें हैं-मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। भाजपा और सरकार सेना से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। प्रधानमंत्री यह स्पष्ट संदेश दें कि सेना का सम्मान राजनीति से ऊपर है। कानून का सम्मान सुनिश्चित किया जाए और दोषियों पर निष्पक्ष कार्रवाई हो।

पटवारी नेआगे कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए यह लड़ाई किसी दल के खिलाफ नहीं, बल्कि देश की सेना और राष्ट्रीय गरिमा के सम्मान की लड़ाई है। जब तक उचित कार्रवाई नहीं होती, कांग्रेस हर मंच पर इस मुद्दे को उठाती रहेगी। अंत में उन्होंने कहा कि जो सरकार राष्ट्रवाद की बात करती है, उसे अब तय करना होगा कि वह देश की सेना के साथ खड़ी है या उन लोगों के साथ जो उसे अपमानित करते हैं।

# मॉक ड्रिल के दौरान ग्रेनेड फटा, दो पुलिसकर्मी घायल, एक की हालत नाजूक

भोपाल। राजधानी भोपाल की 25वीं बटालियन में गुरुवार हो आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान बड़ा हादसा हो गया। ड्रिल के दौरान हैंड ग्रेनेड फटने से दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत काफी चिंताजनक बताई जा रही है। घायलों में प्रधान आरक्षक विशाल सिंह और आरक्षक संतोष कुमार हैं। जवानो को इलाज के लिए बंसल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें विशाल सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले के बाद पुलिस द्वारा लगातार मॉक ड्रिल के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को परखते हुए उसे हर स्तर पर चाक-चौबंद किया जा है। इसी के तहत गुरुवार को एसएएफ की 25वीं बटालियन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। मॉक ड्रिल के दौरान एक ग्रेनेड फट गया। ग्रेनेड फटने से हुए धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी जिससे वहां सनसनी फैल गई। मॉकड्रिल में भाग ले रहे दो पुलिसकर्मी इसकी चपेट में आ गये। दोनों पुलिस कर्मियों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। देखते ही देखते अस्पताल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस कमिशनर हरिनारायण चारी मिश्र, डीसीपी प्रियंका शुक्ला समेत कई अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। वहीं जहां घटना हुई उसे भी सुरक्षित करते हुए आम नागरिकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। और जहां ग्रेनेड फटा वहां मौजूद दूसरे असलाह को न्यूट्रलाइज किया गया। पुलिस मुख्यालय ने भी बटालियन के कमांडेंट से रिपोर्ट तलब करने के साथ ही इंटेलिजेंस के अधिकारियों से मामले की जांच के लिये कहा हैं। जांच करने वाली उच्च स्तरीय कमेटी मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल में हुई चूक की जांच करेगी।

# सेंटर पर पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थी होते रहे परेशान

## ढाई घंटे इंतजार के बाद कहा- आज एग्जाम नहीं होगा

भोपाल। मप्र कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा गुरुवार को समूह 1- उप समूह 3 की संयुक्त परीक्षा 2024 आयोजित की गई थी। प्रथम पाली के कैंडिडेट सुबह 8 बजे से परीक्षा केंद्र में सभी फॉर्मेलिटीज पूरी करने के बाद एग्जाम देने की तैयारी में थे। सुबह 9:00 से उन्हें परीक्षा के लिए आईडी पासवर्ड संबंधित केंद्र द्वारा दिया जाना था। ढाई घंटे इंतजार करने के बाद करीब 11:30 बजे कैंडिडेट्स को बता दिया गया कि आज परीक्षा नहीं होगी। इसके बाद जब उनके द्वारा विरोध जताया गया तो उन्हें मध्य प्रदेश कर्मचारी मंडल का एक नोटिफिकेशन दिखाया गया। जिसमें समूह एक- उप समूह तीन संयुक्त भर्ती परीक्षा 2024 की प्रथम पाली को तकनीकी समस्या का कारण बताते हुए स्थगित करने की बात कही गई।

इसके बाद अभ्यार्थियों से सामूहिक रूप से ईएसबी डायरेक्टर को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि सेज यूनिवर्सिटी भोपाल को भविष्य में [परीक्षा केंद्र न बनाया जाए, सेंटर में लंबे इंतजार के बाद भी गर्भवती अभ्यर्थी ने पानी और ओआरएस की मांग की गई जो उन्हें नहीं दिया गया, जिसके चलते उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें लौटना पड़ा।

### 22 हजार कैंडिडेट ने किया था आवेदन

समूह 1 उप समूह 3 के पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा 2024 में कुल 22 हजार 66 आवेदन आए थे जिसमें 4 हजार 639 कैंडिडेट अन रिजर्व कैटेगरी के हैं।

### छात्र बोले- हमें चाहिए भत्ता

प्रथम पाली में परीक्षा देने के लिए आए रीवा के संतोष कुमार ने कहा कि अभी मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय में सिर्फ 40 से 50 कैंडिडेट्स मौजूद हैं। लेकिन इस परेशानी का सामना 20 हजार से अधिक लोगों ने किया है। कई फोन हमारे पास आए हैं, कैंडिडेट्स अपने अपने केंद्र से निकल कर सीधे मंडल के कार्यालय में एकत्र हो रहे हैं। नीलबड़, कोलार, अवधपुरी समेत राजधानी के अलग अलग क्षेत्रों के इंस्टिट्यूट्स में सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें परीक्षा देने के लिए पूरे राज्य से लोग आए। अब इनका जो मंडल की लापरवाही से 3 से 4 हजार रुपए खर्च हुआ है, उसका भत्ता देना भी इनकी जिम्मेदारी है। मंडल के अधिकारी हम लोगों से मिलने आए तो उनके सामने यह डिमांड रखी है। उन्होंने हमसे इसके लिए आवेदन मांगा है। कैंडिडेट रुचि शर्मा ग्वालियर से परीक्षा देने भोपाल आई थी। उन्होंने बताया कि उनके साथ सेंटर पर करीब 400 लोग थे, जिसमें गर्भवती महिलाएं भी शामिल थीं। जो सतना, रीवा, मुरैना समेत अन्य दूर दराज के इलाकों से भोपाल भर्ती परीक्षा के लिए आए थे। परीक्षा न होने से इन सभी को परेशानी का सामना करना पड़ा है। भोपाल के अभिषेक तिवारी ने कहा, परीक्षा का ऐसे बार-बार स्थगित होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। चयन मंडल को यह साफ करना होगा कि यह परीक्षा में तकनीकी कारण की मुख्य वजह क्या है।

# वृद्धा पेंशन 600 से बढ़ाकर 1500 की जाए

भोपाल। लाडली बहन योजना आने के बाद से मध्य प्रदेश में लगातार वृद्धा पेंशन बढ़ाने की मांग उठ रही है। अब मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार को एक पत्र लिखा हैं। जिसमें उन्होंने पेंशन बढ़ाने की मांग की है। उमंग सिंघार ने वृद्धावस्था पेंशन को 600 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किये जाने का अनुरोध किया है।



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (मध्य प्रदेश शासन) को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने पेंशन बढ़ाने की मांग की है। उमंग ने पत्र में लिखा-श्री बाल कृष्ण चतुर्वेदी एवं अन्य पेंशनरों से प्राप्त संयुक्त हस्ताक्षरित एवं बीजेपी का संकल्प पत्र मूलतः संलग्न है, जिसमें सभी पेंशनरों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन को 600 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किये जाने का अनुरोध किया है। उक्तानुसार पेंशन वृद्धि का अनुरोध है।

### वर्तमान पेंशन जरूरतों के हिसाब से बेहद कम

फिलहाल, 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को वृद्धजन पेंशन योजना के तहत 600 मासिक सहायता मिलती है, जो उनकी जरूरतों के हिसाब से बेहद कम है। वहीं, विधवा (कल्याणी) महिलाओं और दिव्यांगजनों को भी इसी राशि पर गुजारा करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए सरकार पेंशन राशि को बढ़ाने पर विचार कर रही है।

### पेंशन बढ़ने से सरकार पर क्या होगा असर

वर्तमान में, सरकार 55 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को हर महीने 331 करोड़ की पेंशन राशि वितरित करती है। यदि नई योजना को मंजूरी मिलती है, तो सरकार को हर महीने लगभग 827 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। यानी सरकार पर हर महीने 496 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ेगा।

# ईशान को मिल सकती है इंडिया ए टीम में जगह

मुम्बई । पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे बांए हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन को इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए टीम में जगह मिल सकती है। इंग्लैंड दौरे में इंडिया ए को इंग्लैंड लायंस से दो अभ्यास मैच खेलने हैं। इसके अलावा उसका एक अभ्यास मुकाबला भारतीय टीम से भी होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक चयनकर्ताओं ने दोनों अभ्यास मैचों के लिए दो अलग टीमों का चयन किया है। यह फैसला आईपीएल के संशोधित कार्यक्रम के कारण लेना पड़ा है क्योंकि कई खिलाड़ी इस दौरान आईपीएल में व्यस्त रहेंगे। इंग्लैंड लायंस से पहला मैच 30 मई से होगा। इंग्लैंड दौरे पर अभ्यास मैचों के लिए टीम में ईशान किशन को भी अवसर दिया जा सकता है। टीम की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन को दिये जाने की संभावना है। इसमें शार्दुल ठाकुर और अंशुल कंबोज के नाम भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंग्लैंड दौरे पर पहले अभ्यास मैचों के लिए उन आईपीएल टीमों के खिलाड़ियों को अवसर दिया जा रहा है जो प्लेऑफ से बाहर हो गयी हैं। इसी के तहत ही यशस्वी जायसवाल पहला अभ्यास मैच खेलने के लिए, इंग्लैंड रवाना हो सकते हैं। उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स, पहले ही आईपीएल से बाहर हो गयी है। इसके अलावा ईशान भी टीम में शामिल किये जा सकते हैं। इसका कारण है कि उनकी टीम, सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही आईपीएल से बाहर हो गयी है। किशन को जगह के लिए, विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल से टक्कर मिल रही है। जुरेल जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारतीय टेस्ट टीम में शामिल थे। यह दोनों ही पहले अभ्यास मैच में इंडिया ए में शामिल किये जा सकते हैं। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अभ्यास मैच ईश्वरन के लिए बड़ा मौका साबित हो सकते हैं। वह काफी समय से टीम इंडिया में प्रवेश का प्रयास कर रहे हैं। इंडिया ए के लिए अच्छा प्रदर्शन करके ईश्वरन टेस्ट टीम में यशस्वी जायसवाल के जोड़ीदारी के तौर पर उतरने के लिए अपनी दावेदारी कर सकते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक करुण नायर और मुकेश कुमार भी पहले अभ्यास मैच के लिए इंडिया ए टीम में हैं। हालांकि अगर इनकी आईपीएल टीम, दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई कर जाती है तो उन्हें जगह नहीं मिलेगी। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज को डिया ए टीम में शामिल किया जा सकता है।



संभावित इंडिया ए टीम = यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, शार्दुल ठाकुर, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाशदीप, खलील अहमद, अंशुल कंबोज और मानव सुथार।

## मिलान को हराककर बोलोग्ना ने कोपा इटालिया कप फुटबॉल खिताब जीता

रोम। बोलोग्ना एफसी ने एसी मिलान को 1-0 की जीत के साथ कोपा इटैलियन कप फुटबॉल खिताब जीत लिया है। ये जीत बोलोग्ना को 51 साल बाद मिली है। इससे पहले उसने 1973/74 में ये खिताब जीता था। मैच का पहला हाफ गोलरित रहा। इसमें दोनो ही टीमों ने अपनी ओर से कई प्रयास किये। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही बोलोग्ना ने एक गोल कर बढ़त हासिल कर ली। थियो हर्नांडिज़ ने ये गोल दागा। मिलान ने वॉकर, जोआओ फेलिक्स और जिमेनेज को टॉमोरी, जिमेनेज और जोविक के प्रतिस्थापन खिलाड़ी को मैदान में उतारा। वहीं बोलोग्ना ने भी फेबियन और ओरसोलिनी की जगह पर पोबेगा और कैसले को मैदान में उतारा। मिलान ने गोल के कई प्रयास किये पर वह सफल नहीं हुई। बोलोग्ना ने अंत में मुकाबला 1-0 से जीत लिया। इस जीत से बोलोग्ना के कोच विन्सेन्ज़ो इटालियानो बेहद खुश हुए कोच ने कहा, यह मेरे लिए फुटबॉल खेलने के बाद से सबसे बड़ी खुशी है, एक खिलाड़ी और एक कोच के रूप में। मैं तीन फाइनल मुकाबले में हार के बाद इस कप को जीतने में सफल रहा। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। जिसमें सफलता मिली। यह मेरी पहली बड़ी ट्रॉफी है और इसके लिए मैं बेहद खुश हूं। वहीं हार के बाद निराश एसी मिलान के कोच सर्जियो कॉन्सेकाओ ने कहा, इस मैच के दौरान क्या गलती हुई इसपर मेरा ध्यान लगा हुआ है। मैं ये सोच रहा हूं कि हमने क्या गलत किया और क्या बेहतर हो सकता था। हमारे पास अभी दो मैच शेष हैं।

## विराट को चयन समिति का समर्थन नहीं मिला - कैफ





नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि विराट कोहली ने समय से पहले संन्यास लिया है। कैफ के अनुसार किसी को भी अंदाज नहीं था कि विराट अचानक ही ये फैसला लेंगे। कैफ के अनुसार कुछ समय पहले विराट रणजी खेल रहे थे और इसका मतलब है कि वह अभी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते थे। फिर कुछ महीनों में ऐसा क्या हुआ कि उन्हें संन्यास लेना पड़ा। कैफ का मानना है कि कोहली को चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। समिति ने हाल के उनके फॉर्म को लेकर चिंता व्यक्त की और टेस्ट लाइन-अप में उनकी जगह पर भी सवाल उठाए थे। जिससे विराट दबाव में थे। कैफ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद रणजी ट्रॉफी में खेलना ये बताता है कि विराट अभी इतनी जल्दी टेस्ट नहीं छोड़ना चाहते थे। उन्होंने कहा 'मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट में खेलना जारी रखना चाहते थे पर बीसीसीआई के साथ उनकी बातचीत हुई होगी, जिसमें चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 साल में उसके प्रदर्शन को उम्मीद के अनुसार नहीं माना होगा। उन्हें कहा गया होगा कि टीम में अब उसकी जगह नहीं बनती है। हमें कभी पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ, यह अनुमान लगाना बहुत कठिन है कि वास्तव में क्या हुआ पर उनके रणजी ट्रॉफी खेलने को देखते हुए मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह आगामी टेस्ट दौरे पर जाना चाहता था। पिछले कुछ हफ्तों में हुए घटनाक्रमों के कारण उसे बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से वह समर्थन नहीं मिला जिसकी उसे उम्मीद थी।' कोहली की फॉर्म पिछले पांच साल में गिरी है। इस दौरान वह 68 पारियों में तीन शतकों के साथ ही केवल 2028 रन बना पाये हैं। उनके करियर का औसत भी 46 तक गिरा है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में वापसी के संकेत दिए, जहां उन्होंने नवंबर 2024 को पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में शानदार शतक जड़ा. लेकिन उसके बाद दौरे में केवल 90 रन ही बना पाए और भारत 1-3 से हार गया। कैफ को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया में कोहली के साथ जो हुआ उससे वह निराश हुए होंगे।

## आईपीएल फाइनल कोलकाता में ही आयोजित किये जाने के पक्ष में सीएबी

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग 17 मई से फिर शुरु होने जा रहा है पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसमें फाइनल सहित प्लेऑफ्स के मैच स्थलों को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। ऐसे में माना जा रहा है कि बारिश की संभावना को देखते हुए फाइनल को कोलकाता की जगह कहीं और रखा जा सकता है। वहीं बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) फाइनल को अपने यहां ही आयोजित कराने के पूरे प्रयास कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार सीएबी ने इसी लेकर मौसम विज्ञान केंद्र से भी बात की है। इकसे बाद जो रिपोर्ट, जो बीसीसीआई को सौंपी गई है, उसमें साफ कहा गया है कि इस तरह की भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी और 25 मई के आसपास ही पता चल सकेगा कि मौसम कैसा रहेगा।

सीएबी ने दिल्ली में भारतीय मौसम विभाग से भी संपर्क किया। उन्होंने भी इसी तरह का जवाब दिया और इसी को देखते हुए उसने बीसीसीआई से फाइनल का स्थल नहीं बदलने की अपील की है। सीएबी के अधिकारियों का कहना है कि मौसम की भविष्यवाणी के आधार पर आईपीएल खेलों को कोलकाता से बाहर ले जाना सही नहीं है। उसे उम्मीद है कि बीसीसीआई रिपोर्ट को देखने के बाद ही कोई फैसला करेगा।

आईपीएल 2025 के फाइनल और प्लेऑफ के आयोजन स्थलों की घोषणा नहीं होने के बाद भी सीएबी को उम्मीद है कि बीसीसीआई फाइनल के स्थल को लेकर कोई बदलाव नहीं करेगा। सीएबी अधिकारी ने कहा, हमें पूरा भरोसा है कि चीजें ठीक हो जाएंगी, क्योंकि हमने सभी आयोजनों में बहुत अच्छा काम किया है। साथ ही कहा कि आप अभी से मौसम का अनुमान नहीं लगा सकते और हमने इस संबंध में सभी आधिकारिक दस्तावेज जमा कर दिए हैं। आईपीएल 2025 के फाइनल के अधिकार कोलकाता के पास ही हैं, क्योंकि 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने ही खिताब जीता था।

## आईसीसी ने डब्लयूटीसी फाइनल के लिए पुरस्कार राशि घोषित की

### विजेता को 3.6 मिलियन, वहीं उपविजेता को 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे

दुबई । अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले माह 11 जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारी भरकम पुरस्कार राशि घोषित की है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच ये खिताबी मुकाबला लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

??फाइनल के लिए कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर रखी गयी है, जो पिछले दो संस्करणों के मुकाबले दोगुनी से भी ज्यादा है। इसमें विजेता टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे जो 2021 और 2023 दोनों में दिए गए 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक है जबकि उप-विजेता के लिए 800,000 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर अब 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। वहीं तीसरे स्थान वाली भारतीय टीम को 1440,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। चौथे स्थान वाली न्यूजीलैंड को 1200,000 जबकि पांचवें नंबर की टीम इंग्लैंड को 960,000 व छठे स्थान की टीम श्रीलंका को 840,000, सातवें स्थान की टीम बांग्लादेश को 720,000 वह आठवें स्थान की टीम वेस्टइंडीज को 680,000 व नौवें स्थान की टीम पाकिस्तान को 480,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।




इस मुकाबले के लिए अब केवल एक माह ही बचा है और ऐसे में माना जा रहा है कि इनामी राशि घोषित मुकाबले के लिए जोश जगाया जा रहा है। आईसीसी ने इसी के तहत ही एक प्रचार वीडियो भी जारी किया जिसमें दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा, तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, एडेन मार्करम, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव स्मिथ और शानदार ट्रेविस हेड के साथ-साथ पूर्व महान खिलाड़ी शॉन पोलक, डेल स्टेन, मैथ्यू हेडन, मेल जोन्स, नासिर हुसैन, शोएब अख्तर और रवि शास्त्री नजर आ रहे हैं। इसी के साथ ही दोनों ही टीमों के नाम भी इस वीडियो में हैं। टीमों का भी ऐलान कर दिया है।

दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण पहली बार फाइनल में पहुंची है। उसने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका पर जीत हासिल की थी जबकि भारत के खिलाफ उसकी घरेलू सीरीज ड्रॉ रही थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत पर 3-1 की जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। इससे पहले उसने न्यूजीलैंड और श्रीलंका के अलावा पाकिस्तान पर भी बड़ी जीत हासिल की थी।

## मुस्ताफिजुर का आईपीएल में खेलना तय नहीं

मुम्बई । बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल के बचे हुए सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने शामिल किया है पर उनका खेलना संदिग्ध है। ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क की जगह सात करोड़ रुपए में शामिल रहमान टीम के साथ दुबई दौरे पर चले गये हैं। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट भी लिखी है। मुस्ताफिजुर ने इसमें अपनी तस्वीर के साथ लिखा है, 'यूएई जा रहा हूं उनके खिलाफ खेलने। दुआओं में याद रखना।' बांग्लादेश को इस दौरे में यूएई के खिलाफ 2 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज का पहला टी20 मैच 17 मई को जबकि दूसरा और आखिरी मैच 19 मई को खेला जाएगा। इसके बाद बांग्लादेश की टीम को पाकिस्तान का दौरा करना है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार मुस्तफिजुर को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं किया गया है। बीसीबी का कहना है कि मुस्तफिजुर को लेकर आईपीएल से उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली है। बीसीबी सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा, 'मुस्तफिजुर को तय कार्यक्रम के अनुसार टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है। मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है।'

## नीरज चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। नीरज ने ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीते हैं। इसके अलावा वह विश्व चैम्पियनशिप विजेता भी हैं। नीरज 26 अगस्त 2016 को नायब सूबेदार के रूप में भारतीय सेना में जूनियर कमीशंड अधिकारी के रूप में पहली बार शामिल हुए थे।

इसके दो वर्ष बाद नीरज को एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार मिला और फिर 2021 में खेल रत्न से सम्मानित किया गया। इस वर्ष उन्हें सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर नीरज को 2022 में भारतीय सेना के सर्वोच्च शांतिकालीन सम्मान परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। उन्हें टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई

भारतीय सेना ने इससे पहले भी कई प्रसिद्ध खिलाड़ियों को उनके खेल में उत्कृष्ट योगदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए, मानद सैन्य उपाधियाँ प्रदान की थीं। ।



### अभिनव बिंद्रा

निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई। बिंद्रा ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय व्यक्तिगत ओलंपिक चैंपियन रहे हैं।

### कपिल देव

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव को 2008 में टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक प्रदान की गई। यह सम्मान उनके क्रिकेट में योगदान और नेतृत्व के लिए दिया गया। कपिल की कप्तानी में ही साल 1983 में भारतीय टीम ने विश्वकप सहित कई अन्य खिताब जीते थे।

### महेंद्र सिंह धोनी

पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को 2011 में 106 टेरिटोरियल आर्मी बटालियन (पैरा) में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक दी गई। वे एक योग्य पैराट्रूपर भी हैं, जिन्होंने पांच पैराशूट प्रशिक्षण कूद पूरी की। धोनी ने 2019 में कश्मीर में 15 दिन की स्वैच्छिक सेवा भी दी। धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2011 विश्वप के अलावा कई अन्य आईसीसी खिताब भी जीते थे।

### सचिन तेंदुलकर

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को 2010 में भारतीय वायु सेना ने ग्रुप कैप्टन की मानद उपाधि प्रदान की। यह सम्मान उनके क्रिकेट में अभूतपूर्व योगदान और युवाओं को प्रेरित करने के लिए दिया गया।

## जडेजा ने सबसे अधिक समय तक नंबर एक पर रहने का रिकार्ड बनाया

दुबई। भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा पिछले तीन साल से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर बने हुए हैं। इसकी के साथ ही जडेजा ने सबसे अधिक समय से नंबर एक पर बने रहने का नया रिकार्ड बनाया है। जडेजा के इस रिकॉर्ड को तोड़ना किसी भी ऑलराउंडर के लिए असंभव सा है। वह लगातार 1,151 दिनों तक शीर्ष पर रहे हैं, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास में नंबर एक टेस्ट ऑलराउंडर के रूप में सबसे लंबी अवधि है। ये उपलब्धि दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर जैक्स कैलिस, भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर कपिल देव या पाकिस्तान के इमरान खान के नाम भी नहीं है। जडेजा पहली बार 9 मार्च 2022 को टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन ऑलराउंडर बने थे। उस समय उन्होंने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर को पीछे कर वह नंबर एक सथान पर आये थे। इसके बाद से ही वह लगातार नंबर एक पर बने हुए हैं। अब उनके कुल 400 अंक हो गए हैं। वहीं पिछले सत्र की बात करें तो जडेजा ने 30 के औसत से कुल 527 रन बनाये हैं। वहीं गेंदबाज के तौर पर 24 के करीब के औसत से 48 विकेट लिए हैं। इन आंकड़ों से उनकी निरंतरता का अंदाज होता है।




## आईएलटी20 क्रिकेट लीग के चौथे सत्र का कार्यक्रम घोषित

दुबई। डीपी विश्व इंटरनेशनल लीग (आईएलटी20) का चौथा सत्र इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरु होगा। ये लीग दो दिसंबर से शुरु होकर चार जनवरी तक चलेगी। यह टूर्नामेंट जनवरी फरवरी में खेला जाता है पर अगले साल फरवरी मार्च में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप हो देखते हुए इसके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष और आईएलटी20 के चेयरमैन खालिद अल जरूनी ने कहा, 'हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि डीपी विश्व अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग का चौथा सत्र यूएई के राष्ट्रीय दिवस ईद अल एतिहाद से शुरू होगा।

## आईपीएल सत्र के बाद संन्यास ले सकते हैं धोनी

मुम्बई । नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की कप्तानी संभाल रहे महेन्द्र सिंह धोनी का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। वह फिटनेस समस्याओं से भी जूझते दिखे। इससे ये संकेत मिलते हैं कि धोनी इस सत्र के बाद शायद ही खेलते हुए दिखें। इस सत्र में सीएसके की टीम को प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा और वह प्लेऑफ से भी शुरुआत में ही बाहर हो गयी। उसके बाद से ही धोनी ने कहा था कि अब टीम अगले सत्र के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की तलाश कर रही है। जो बताता है कि धोनी आईपीएल से संन्यास ले सकते हैं। वैसे भी धोनी की उम्र 43 साल हो गयी है और अब उनके खेल में पहले वाली बात नहीं रह गयी है। वह पिछले आईपीएल में भी मांसपेशियों में खिंचाव से पीड़ित रहे थे। चोट की वजह से धोनी की लय भी प्रभावित हुई है।




टीम में अब नए खिलाड़ियों को शामिल किया जा रहा है जिसमें धोनी मेंटर की भूमिका निभा सकते हैं। उनका अनुभव सीएसके के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण होगा। दूसरी ओर, धोनी ऋतुराज को कप्तानी और फील्ड प्लेसमेंट के बारे में कुछ टिप्स सीखने में मदद कर सकते हैं।

धोनी आईपीएल के इतिहास में 100 पारी में नाबाद रहने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। धोनी के बाद सबसे ज्यादा बार नाबाद रहने वाले खिलाड़ी रविंद्र जडेजा हैं। जडेजा 80 बार ऐसा कमाल आईपीएल करियर में कर चुके हैं। वहीं तीसरे नंबर पर कायरन पोलार्ड हैं। वह 52 बार नाबाद रहे हैं।

## विराट के संन्यास से टेस्ट क्रिकेट को लगा झटका - वॉन

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने विराट कोहली के अचानक ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर निराशा जतायी है। वॉन ने कहा कि वह विराट के इस प्रकार संन्यास लेने से टेस्ट क्रिकेट का भी नुकसान हुआ है। वॉन ने कहा कि विराट ने टेस्ट क्रिकेट के लिए जितना किया है उतना किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया है। उनकी आक्रामकता से टेस्ट को एक नई पहचान मिली है और उसके प्रति दर्शकों का आकर्षण बढ़ा है। वॉन ने कहा ,'टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वालों में बहुत कम ही ऐसे हैं. जिनके जाने से मैं वाकई दुखी हुआ हूं कि अब इसे दोबारा खेलते देखने का मौका नहीं मिलेगा। मैं इसलिए भी दुखी हूं कि अब विराट को इंग्लैंड दौरे पर या आगे सफेद जर्सी में नहीं देख सकेंगे।'

वॉन ने कहा ,'मैं स्तब्ध हूं कि वह अभी संन्यास ले रहा है और दुखी भी हूं। मुझे नहीं लगता कि टेस्ट प्रारूप के लिए किसी और बल्लेबाज ने इतना किया है जितना कोहली ने।'



भारत के सफलतम टेस्ट कप्तान कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते हैं। वॉन ने कहा कि कोहली ने पारंपरिक प्रारूप से लोगों को फिर प्यार करना सिखाया और उनके बिना यह प्रारूप बेहद नीरस होगा। वॉन,'एक दशक पहले जब वह कप्तान बना तो मुझे लगा था कि भारत की टेस्ट क्रिकेट में रूचि कम हो रही है। महेंद्र सिंह धोनी सफेद गेंद के महान खिलाड़ियों में से थे पर मुझे लगता है कि उन्होंने एसी टेस्ट टीम की कप्तानी की जिसे प्रारूप से प्यार नहीं था। खेल के लिए जरूरी है कि भारत की टेस्ट क्रिकेट में रूचि रहे और बतौर कप्तान विराट ने ऐसा ही किया। उनका जुनून, कौशल और टेस्ट क्रिकेट को लेकर उनके विचारों ने काफी सकारात्मक असर डाला. उनके बिना यह प्रारूप बेहद नीरस होता और अपनी अपील खो चुका होता।

### टैरिफ वार... भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बातचीत जारी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा...

# भारत ने अमेरिका को दिया जीरो टैरिफ का ऑफर

नई दिल्ली।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर शून्य टैरिफ का ऑफर दिया है। इस बीच उन्होंने एप्पल कंपनी की भारत में मैन्यूफैक्चरिंग को लेकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की, जहां उन्होंने कंपनी से साफतौर पर कहा कि वह नहीं चाहते कि कंपनी अपनी मैन्यूफैक्चरिंग भारत में करे। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बात चल रही है, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस पर समझौता भी हो जाएगा।



राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि भारत में कुछ बेचना काफी मुश्किल है, और वे हमें डील ऑफर कर हैं, सच बताऊं तो वे हमें शून्य टैरिफ का ऑफर दे रहे हैं। ट्रंप अभी मिडिल ईस्ट के दौरे पर हैं, और उन्होंने यह बात कतर की राजधानी दोहा में कही। अमेरिका ने भारत पर 26 फीसदी का टैरिफ लगाया था, लेकिन तमाम मुल्कों के लिए उन्होंने इस पर 90 दिनों की रोक लगा दी थी, और भारत को भी इसका फायदा हुआ - जहां भारतीय प्रोडक्ट्स पर फिलहाल 10 प्रतिशत टैरिफ लग रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने 60 प्रतिशत टैरिफ लाइंस तक शून्य टैरिफ लगाने का ऑफर दिया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि नई दिल्ली ने सौदे के पहले चरण में 60 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क को शून्य करने की पेशकश की है, जिस पर बातचीत चल रही है। मसलन, भारत ने अमेरिका को इंपोर्ट किए जाने वाले लगभग 90 प्रतिशत सामानों तक प्रीफेरेंशियल एक्सेस देने की पेशकश की है, और इसमें कम टैरिफ भी शामिल है - जिसका मतलब है कि अमेरिका भारत में अपना ज्यादा-से-ज्यादा सामान सस्ते दामों में बेच सकेगा।

#### अमेरिका भारत में सस्ते दामों में बेच सकेगा सामान!

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को अपना प्रोडक्ट्स भारत भेजने में आसानी होगी, और अमेरिकी प्रोडक्ट्स सस्ते में बिकेंगे, जहां फिलहाल चीनी प्रोडक्ट्स का दबदबा है। मसलन, अगर अमेरिका अपने 10 प्रोडक्ट्स भारत को सप्लाई करता है, तो उसे अपने छह प्रोडक्ट्स पर शून्य टैरिफ लगेगा और बाकी प्रोडक्ट्स पर सामान्य रूप से तय समझौते के मुताबिक, चार्ज लगेंगे। भारत को उम्मीद है कि इससे ज्यादा से ज्यादा ट्रेड होगा, जिससे लॉन्ग टर्म में फायदा हो सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए; इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय जल्दबाजी होगी।

## भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर 18 मई तक ही - पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार

नई दिल्ली । पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर 18 मई तक ही है। डार ने यह बयान गुरुवार को नेशनल एसेंबली में दिया।

इशाक डार ने नेशनल एसेंबली में कहा, 10 मई में दोनों देशों के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत में 12 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी। 12 मई को जो बात हुई उससे 14 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी। 14 मई को जो बात हुई उसमें 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी। उन्होंने ये भी कहा कि सैन्य स्तर पर जो सहमति बनी है वह पूर्ण सहमति तभी बनेगी जब राजनीति स्तर पर जब दोनों देशों के बीच बातचीत हो।

दरअसल पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान भारत के उन सख्त फैसलों से ज्यादा परेशान है, जिससे वो किसी भी समय भयंकर तबाही में पड़ सकता है। पाकिस्तान को सबसे बड़ा डर सिंधु समझौते को लेकर है।

सीजफायर की घोषणा के बाद भी भारत से स्पष्ट कर दिया है कि सिंधु समझौता स्थगित ही रहेगा। पाकिस्तान के साथ बात होगी तो आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर होगी। पाकिस्तान सिंधु समझौता का सस्पेंशन हटाना चाहता है। इसके लिए वह भारत को राजनीतिक बातचीत पर लाना चाहता है।

दरअसल पाकिस्तान यह चाह रहा है कि राजनीति स्तर पर बात हो। ताकि सिंधु जल संधि स्थगित करने को लेकर वह भारत से बात कर सके। हालांकि भारत पहले ही इसके लिए ना कह चुका है। भारत पहले आतंकवाद पर पाकिस्तान की ओर से पूरा गारंटी चाहता है कि वो भविष्य में ऐसा नहीं करेगा। भारत कह चुका है कि फिलहाल डीजीएमओ स्तर की बातचीत होगी। जिसके लिए भारत ने अपनी शर्तें भी तय कर दी हैं।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में पहुंचा

नई दिल्ली। दिल्ली में बीती रात धूल प्रदूषण में अचानक और चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में घूल की चादर छा गई है। इसका असर विजिबिलिटी और हवा की क्वालिटी पर भी दिखाई दिया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में पहुंच गया और 200 के पार चला गया। दिल्ली के कई प्रदूषण नियंत्रण केंद्रों पर पीएम 10 और पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कणों की मात्रा सामान्य से करीब 20 गुना ज्यादा दर्ज की गई है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। कई सारे केंद्रों ने पीएम 10 की मात्रा दे भी नहीं रहे हैं जो इनकी उपयोगिता पर भी सवाल खड़ा करता है। धूल प्रदूषण के कारण विजिबिलिटी का कम होने से न केवल सड़क ट्रैफिक के लिए जोखिम बढ़ाता है, बल्कि सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा होता है।

## सोफिया कुरैशी के बाद अब विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर सपा नेता रामगोपाल ने की विवादित टिप्पणी

लखनऊ। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान चर्चा में आयीं कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एमपी सरकार के भाजपा मंत्री विजय शाह ने विवादित बयान देने के बाद अब समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने सेवा के अधिकारियों की जाति बता दी है। रामगोपाल यादव ने कहा कि सोफिया कुरैशी के मुस्लिम होने के कारण उन्हें गाली दी गई है, जबकि विंग कमांडर व्योमिका सिंह को राजपूत समझकर उनके लिए कुछ नहीं बोला गया है। लेकिन व्योमिका सिंह हरियाणा की जाटव चमार है।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद प्रो. राम गोपाल यादव ने कहा कि दुष्ट के साथ दुष्टता का ही बर्ताव करना चाहिए। पाकिस्तान मार नहीं सकता है। जब सीजफायर हुआ तो सबके दिमाग में था कि पाकिस्तान नहीं मानेगा। रोजाना आतंकवादी मारे जा रहे हैं। आतंकी पाकिस्तान से आ रहे हैं और ये लोग तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि यह लोग सिर्फ चुनाव के लिए सब कुछ करते हैं। इसमें तिरंगा यात्रा की क्या जरूरत है। अगर जरूरत है तो पूरे देश को विश्वास में लेकर कीजिए। सारी पॉलिटिकल पार्टी को विश्वास में लेकर कीजिए।

सपा सांसद ने कहा कि जो लोग (सेना) लड़ रही थीं, वो क्या भाजपा के लोग थे। कर्नल सोफिया कुरैशी को इनके (बीजेपी) के मंत्री ने गाली तक दे दी है। उसे मामले में हाईकोर्ट ने एफआईआर करने के आदेश दिए हैं, लेकिन व्योमिका सिंह के बारे में मालूम नहीं है कि वो कौन है। एयर ऑपरेशन के इंचार्ज एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती के बारे में भी मालूम नहीं था। वरना इन्हें भी गाली देते। व्योमिका सिंह हरियाणा की 'जाटव चमार' हैं, और एयर मार्शल ए.के. भारती पूर्णिया के यादव हैं। इस तरह तीनों ही पीडीए सेगमेंट से थे। एक को मुसलमान समझकर गाली दी और एक को राजपूत समझकर कुछ नहीं कहा। भारती के बारे में जानकारी नहीं थी, लेकिन जब पेपर में आ गया तो सोचने पर मजबूर हैं। मानसिकता खराब होती है सेना की उपलब्धियों की बजाय अपनी उपलब्धियां बताने में लग जाते हैं।

## समुद्री जल को मीठे पानी में बदलने की स्वदेशी तकनीक विकसित की

नई दिल्ली।रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। डीआरडीओ ने स्वदेशी नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमर झिल्ली को विकसित करने में सफलता पाई है। यह समुद्री पानी को मीठे पानी में बदलने की तकनीक है। इससे भारतीय तटरक्षक बल को काफी फायदा होगा। डीआरडीओ की कानपुर स्थित डिफेंस मैटेरियल स्टोर्स एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब द्वारा भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर इस नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमर झिल्ली का विकास किया गया है। खास बात ये है कि इस झिल्ली का निर्माण रिकॉर्ड आठ महीने में किया गया है। अभी तटरक्षक बल के ऑफशोर पेट्रोलिंग वेसल पर मौजूद समुद्री जल को मीठे पानी में बदलने वाले प्लांट में इस तकनीक का परीक्षण चल रहा है।

## 26 मई तक निर्णय लें...नहीं परिणाम भुगतने को तैयार रहें भजनलाल सरकार

### एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले पर हाईकोर्ट की दो टूक

जयपुर । एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस समीर जैन ने राज्य सरकार को चेतावनी देकर कहा कि यदि 26 मई तक निर्णय नहीं हुआ, तब प्रक्रिया में शामिल लोगों को परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

इसके पहले भजनलाल सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह (एएजी) ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश किया। इसमें बताया कि शर्मा सरकार ने भर्ती पर निर्णय के लिए 13 मई को सब-कमेटी की मीटिंग बुलाई थी। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के चलते कई मंत्री बैठक में शामिल नहीं हो सके। वहीं, कमेटी के एक मंत्री अस्वस्थ होने के चलते नहीं पहुंचे। अब शर्मा सरकार ने 21 मई को सब कमेटी की बैठक रखी है। इसमें जो भी फैसला होगा। कोर्ट को बताया जाएगा।



पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा था कि सरकार अभी किसी भी फैसले पर नहीं पहुंची है। इस पर जस्टिस जैन की अदालत ने कहा था कि कोर्ट सरकार को एक अंतिम मौका दे रही है। सरकार 15 मई तक अपने फैसले से अवगत कराए। दरअसल, हाईकोर्ट ने 21 फरवरी 2025 को सरकार को एसआई भर्ती को लेकर फैसला लेने के लिए दो माह का समय दिया था।

आरपीएससी ने साल 2021 में सब इंस्पेक्टर व प्लाटून कमांडर के 859 पदों भर्ती निकाली थी। भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों चलते सरकार ने जांच एसओजी को दी। एसओजी ने ट्रेनी एसआई सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। इसके बाद भर्ती को रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुईं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने बताया कि जस्टिस जैन की अदालत ने 18 नवंबर, 6 जनवरी और 9 जनवरी के आदेश से पूरी भर्ती प्रक्रिया पर यथास्थिति के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट की एकलपीठ के आदेश के बाद पुलिस मुख्यालय ने 10 जनवरी को आदेश जारी करते हुए भर्ती में फील्ड ट्रेनिंग पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी।

## किसी भी देश से संबंध रखने या न रखने का फैसला सरकार लेती है, विपक्ष नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा और जयराम रमेश ने बीजेपी नेता अमित मालवीय पर निशाना साधा और पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों के साथ अपने कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों के बारे में सत्तारूढ़ पार्टी के स्पष्टीकरण पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं की यह प्रतिक्रिया तब आई जब बीजेपी नेता अमित मालवीय ने रमेश और खेड़ा दोनों का एक वीडियो पोस्ट किया और पार्टी पर पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जनता की भावनाओं से अलग और गलत होने का आरोप लगाया।



बता दें एक्स पर एक पोस्ट में मालवीय ने लिखा था- देश तुर्की और अजरबैजान द्वारा आतंकी देश पाकिस्तान को दिए गए समर्थन से क्रोधित है। इन देशों के साथ व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार करने की मांग बढ़ रही है, और निजी नागरिक एकजुटता में खड़े हो गए हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी खुद को भारतीय लोगों की व्यापक भावना के साथ भी नहीं जोड़ पा रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि यह जनता से इतनी कटी हुई है। यह अपनी राजनीतिक गुमनामी और पूर्ण अलगाव की हकदार है।

मालवीय पर पलटवार करते हुए पवन खेड़ा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, चूंकि यह सवाल बीजेपी के एक पदाधिकारी द्वारा उठाया जा रहा है, इसलिए पीएमओ इंडिया और एस जयशंकर को तुरंत स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भारत सरकार ने तुर्की के साथ सभी राजनयिक और व्यापारिक संबंध तोड़ दिए हैं और भारत में अपना दूतावास भी बंद कर दिया है। किसी भी देश के साथ संबंध रखने या न रखने का फैसला सरकार को लेना है, विपक्ष को नहीं। विदेश मंत्रालय इंडिया कृपया स्पष्ट करें। वहीं जयराम रमेश ने भी एक्स पर पोस्ट में कहा- इसी तरह, पीएमओ इंडिया और एस जयशंकर को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि मोदी सरकार ने भारतीय क्षेत्र पर चीन के लगातार अतिक्रमण के बावजूद उसके साथ सामान्यीकरण क्यों किया है या वास्तव में पीएम ने भारत के लोगों से झूठ क्यों बोला और 19 जून, 2020 को चीन को उसके अतिक्रमण के लिए सार्वजनिक रूप से क्लीन चिट देकर राष्ट्रीय हितों को अपूरणीय रूप से चोट पहुंचाई।

## थरूर ने भारत-पाक तनाव से जुड़े मुद्दे पर लांघी पार्टी की "लक्ष्मण रेखा"

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि पार्टी में सबको अपनी राय रखने की आजादी है, लेकिन लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव से जुड़े मुद्दे पर अपने हालिया बयानों से पार्टी की "लक्ष्मण रेखा" लांघ दी है। इस संबंध में थरूर की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सूत्रों ने यह भी कहा कि आलाकमान ने नेताओं को हिदायत दी है कि वे इस मुद्दे पर अपनी व्यक्तिगत राय देने के बजाय पार्टी का पक्ष रखें। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में एक वरिष्ठ नेता ने थरूर का नाम लिए बगैर पार्टी लाइन से इतर बयान देने का विषय उठाया और कहा कि नेतृत्व को इसमें दखल देना चाहिए। बैठक में थरूर भी मौजूद थे।

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है और सभी को अपनी राय जाहिर करने की आजादी है, लेकिन थरूर ने इस बार लक्ष्मण रेखा लांघ दी है। उनका कहना है, आलाकमान की तरफ से हिदायत दी गई है कि यह समय व्यक्तिगत राय व्यक्त करने का नहीं, बल्कि पार्टी की राय रखने का है। हालांकि यह हिदायत देते वक्त किसी का नाम नहीं लिया गया। सूत्रों ने बताया कि थरूर ने कार्यसमिति की बैठक में पार्टी लाइन के मुताबिक अपनी बात रखी और कुछ रचनात्मक सुझाव भी दिए।

### जयराम रमेश ने कहा- थरूर की टिप्पणी कांग्रेस की राय नहीं



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि थरूर की टिप्पणी पार्टी की राय नहीं होती है। थरूर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर अपनी पार्टी से अलग रुख रख रहे हैं। कांग्रेस इस मामले पर केंद्र सरकार और पीएम मोदी से निरंतर सवाल पूछ रही है। दूसरी तरफ थरूर का कहना है कि ट्रंप किसी भी बात का श्रेय लेने के इच्छुक नेता हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच गलत तुलना की और उनके द्वारा एक पीड़ित और एक अपराधी को समान बताया जाना चौंकाने वाली बात है। थरूर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए सशस्त्र बलों के साथ सरकार की तारीफ की।

बता दें सोमवार को थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावे पर तीखा हमला किया था जिसमें ट्रंप प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने में मदद की है। उन्होंने इस टिप्पणी को भारत के लिए निराशाजनक बताया था। उन्होंने कहा था कि ट्रंप का दावा पाकिस्तान को बातचीत का ऐसा ढांचा प्रदान करता है, जिसे उसने निश्चित रूप से अर्जित नहीं किया है और कहा कि भारत कभी भी अपने सिर पर आतंकवादी बंदूक तानकर बातचीत नहीं करेगा। थरूर ने चेतावनी दी कि ट्रंप द्वारा घटनाओं को इस तरह से पेश करना कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण करता है, जिसे भारत खारिज करता रहा है और वैश्विक चर्चा में भारत और पाकिस्तान को फिर से एक साथ लाता है।

ट्रंप ने व्यापार का लाभ उठाकर दोनों देशों को पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत होने के लिए मजबूर करके संभावित रूप से विनाशकारी परमाणु संघर्ष को टालने का श्रेय लिया था। 10 मई को भारत और पाकिस्तान ने कई दिनों तक बढ़े तनाव के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए समझौता किया, जबकि ट्रम्प ने इसे युद्धविराम कहा था। भारत सरकार ने सावधानीपूर्वक इस शब्द का इस्तेमाल करने से परहेज किया और साफ कहा कि यह केवल गोलीबारी रोकने के लिए एक समझौता था, जबकि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है।

## मणिपुर में 10 उग्रवादी ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

इंफाल। चांदेल जिले के खेंगजॉय इलाके में भारत-म्यांमार बॉर्डर के पास भारतीय सेना के असम राइफल्स के जवानों ने 10 उग्रवादियों को ढेर कर दिया।इंडियन आर्मी ने एक्स पर बताया कि, मणिपुर के चांदेल जिले के खेंगजॉय तहसील के न्यू समतल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधियों का पता चला था। भारत-म्यांमार सीमा के पास सशस्त्र कैडरों यानी उग्रवादियों की गतिविधियों की खुफिया जानकारी पर एक्शन लिया गया। स्पीयर कॉर्प्स के तहत अस राइफल्स यूनिट ने 14 मई 2025 को एक अभियान शुरू किया।जैसे ही सेना के जवानों ने ऑपरेशन शुरू किया, उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलाई। इसके बाद बारी मुंहतोड़ जवाब देने की थी। आधी रात को असम राइफल्स के जवानों ने तुरंत एक्शन लिया और एनकाउंटर में 10 उग्रवादियों को मार गिराया।

## सुरक्षा बलों ने 48 घंटे के भीतर ढेर कर दिए आधा दर्जन आतंकी

जम्मू। भारतीय सुरक्षा बलों ने बीते 48 घंटों के भीतर आधा दर्जन आतंकियों को ढेर कर दिया है। ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। पुलवामा के अवंतीपोरा और शोपियां जिलों में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को दो अलग-अलग ऑपरेशन में बड़ी चोट दी है। बीते 48 घंटों में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के कुल 6 आतंकियों को मार गिराया। उनकी पहचान आसिफ अहमद शेख, आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में हुई है। तीनों पुलवामा जिले के रहने वाले थे।

मंगलवार को शोपियां जिले के केलर इलाके में एक ऑपरेशन में तीन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी मारे गए थे। इनमें दो की पहचान शाहिद कुट्टे और अदनान शफी के रूप में हुई है। शाहिद कुट्टे ने 2023 में लश्कर जॉइन किया था। वह 8 अप्रैल 2024 को डैनिश रिज़ॉर्ट में विदेशी पर्यटकों पर फायरिंग और मई 2024 में हीरपोरा में भाजपा सरपंच की हत्या में शामिल था। अदनान शफी 2024 में संगठन से जुड़ा था और शोपियां के वाची में एक प्रवासी मज़दूर की हत्या में शामिल रहा। सुरक्षाबलों को मारे गए आतंकियों के पास से तीन राइफलें, गोला-बारूद और अन्य हथियार बरामद हुए हैं।

जर्मन टूरिस्ट और सरपंच का हत्यारा भी ढेर

मारे गए आतंकियों में शाहिद कुताय बेहद खतरनाक आतंकी था। उसकी लंबे समय से सुरक्षा बलों की तलाश थी, आज वह हत्थे चढ़ा तो एनकाउंटर में उसकी फाइल ही बंद कर दी गई। उसने अप्रैल 2024 में दानिश रिजॉर्ट पर गोलियां चलाई थीं। इस हमले में दो जर्मन टूरिस्ट बुरी तरह जख्मी हुए थे। इसके अलावा उनके ड्राइवर को भी घायल हुआ था। इसी आतंकी ने बीते साल ही मई में शोपियां के एक सरपंच का कत्ल कर दिया था, जो भाजपा से जुड़े थे। शाहिद खुद भी शोपियां के ही हीरापोरा इलाके का रहने वाला था। वह मार्च 2023 में ही आतंकी संगठन में शामिल हुआ था। कुछ दिनों में ही उसका दुस्साहस इतना बढ़ गया था कि नेताओं से लेकर सुरक्षा बलों तक को टारगेट करने लगा था। इसी कड़ी में उसने बीते साल 18 मई को भाजपा नेता का कत्ल किया था। उसे ए कैटिगरी का आतंकी घोषित किया गया था।

## कर्नल सोफिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री पर एक्शन कब लेगी भाजपा?

लखनऊ। पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की अगुवाई करने वाली भारतीय सेना की मुस्लिम महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी चर्चा में है। वहीं कर्नल सोफिया को लेकर मोहन सरकार में मंत्री विजय शाह की कथित अभद्र टिप्पणी पर सियासत चरम पर है। इस मुद्दे पर बसपा सुप्रीमो और पूर्व सीएम मायावती ने भाजपा को कठघरे में खड़ा कर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।



मायावती ने कहा कि देश को मंत्री शाह के खिलाफ भाजपा की कार्रवाई का इंतजार है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद भले ही एफआईआर दर्ज हुई हो, लेकिन भाजपा नेतृत्व अभी तक इस मामले में खामोश है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ते साम्प्रदायिक और जातिवादी द्वेष, नफरत और हिंसा को रोकने के लिए राज्य सरकारों को बिना भेदभाव सख्त कार्रवाई करना चाहिए। अगर सरकारें अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी नहीं निभाएंगी, तब व्यवस्था बिगड़ेगी।

मायावती ने कहा कि इसतरह के संवेदनशील मामलों में सरकारों को अदालत के निर्देश का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया जैसी वीर महिला अधिकारी के सम्मान की रक्षा हर भारतीय का कर्तव्य है, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति को हो। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें, बीजेपी मंत्री शाह के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज होती जा रही है। सपा मुखिया और पूर्व सीएम अखिलेश यादव के साथ ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी मंत्री विजय शाह के बयान को लेकर बीजेपी सरकार को आड़े हाथों ले लिया है।

मायावती ने पोस्ट कर लिखा कि आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट की सख्ती के बाद दर्ज एफआईआर उचित, किन्तु भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा।

## भारत ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विस का सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द किया

नई दिल्ली । ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की मदद करने वाले तुर्किये, चीन, अजरबैजान जैसे देशों के खिलाफ भारत में माहौल बनने लगा है। कई लोग तुर्किये और अजरबैजान जैसे देशों की यात्रा रद्द कर रहे हैं। जेएनयू, जामिया सहित देश की कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ने तुर्किये के साथ हुए समझौते को रद्द कर दिया है। इस बीच अब भारत ने तुर्किए पर एक और बड़ा एक्शन लिया है। भारत ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विस का सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दिया है।

गुरुवार शाम नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक आदेश में कहा गया कि सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है।

यह तुर्किये की किसी फर्म के खिलाफ भारत का पहला खुला कदम है। पिछले कुछ सालों से सरकार ने तुर्किये के पारंपरिक विरोधियों और विरोधियों - ग्रीस, आर्मेनिया, साइप्रस और सऊदी अरब और अरब ब्लॉक में संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने संबंधों को बढ़ाया है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान की मदद की थी।

# फिर हुई भगवान के घर में चोरी

## दो मंदिरों की दान पेटी चुरा ले गए चोर, घटना बजरंग घाट के मंदिर की, जाँच में जुटी पुलिस





**बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )। शहर में चोरी की वारदात लगातार बढ़ते ही जा रही है। जहां पुलिस एक चोरी का खुलासा करती है तो वही अज्ञात चोरों द्वारा दूसरी चोरी की घटना को कारित कर दिया जाता है। अब अज्ञात चोर सूने मकान, दुकान के साथ-साथ भगवान के घर को भी नहीं छोड़ रहे हैं। मंदिरों में तक अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसा ही ताजा मामला शहर में फिर एक बार सामने आया है। जहां अज्ञात चोरों द्वारा बजरंग घाट के दो मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों द्वारा दो अलग-अलग मंदिरों की दान पेटी को चुरा लिया गया है। जिसमें लगभग 2 वर्षों से दान किए हुए पैसे संग्रह थे। जिसमें अभी यह तो कहा नहीं जा सकता कि दोनों दान पेटियों में लगभग कितना कैश रहा होगा। पंडित के बताए अनुसार एक अच्छी खासी बड़ी रकम अज्ञात चोरों द्वारा दान पेटी से चुरा ली गई है। पुलिस मंदिर में हुई चोरी की पतासाजी में लगी है।**

बता दे कि कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरियों के मामले थमने का नाम नही ले रहे है। खासकर अब अज्ञात चोरो के द्वारा मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अब तक अज्ञात चोरों के द्वारा बालाघाट नगरीय क्षेत्र के तीन मंदिरों को निशाना बनाया जा चुका है। जिसका खुलासा अब तक पुलिस नही कर पाई है। ऐसे में एक बार फिर अज्ञात चोर ने बजरंग घाट स्थित मंदिर को अपना निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बीते कुछ महीनों से बालाघाट कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बालाघाट नगर मुख्यालय में चोरी की वारदातों में इंजाफा होता हुआ दिखाई दे रहा है, बीते कुछ दिनों पूर्व ही थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीपाठ मंदिर, कालीपुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी सहित हनुमान चौक स्थित हनुमान मंदिर में ताला तोड़े जाने के मामलो में खुलासा अब तक पुलिस नही कर पाई है, ऐसे में एक बार फिर नगर के बजरंग घाट स्थित हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर चोरी की वारदात सामने आई है। जहां अज्ञात चोर के द्वारा दान पेटी सहित मंदिरो में लगे चांदी के छत्र को निशाना बनाया गया है। हालांकि मामले में खास बात यह है कि चोरों के द्वारा दान पेटियों को निशाना बनाकर उसे मंदिर प्रांगण से दूर ले जाकर तोड़कर खोला गया और दान पेटी की राशि लेकर चंपत हो गये। जबकि दान पेटी को उसी स्थान पर फेक दिया गया। मामले की जानकारी उस समय लगी जब मंदिर के पुजारी चंद्रभूषण तिवारी रोजाना की तरह 15 मई की प्रात: मंदिर खोलने पहुंचे जहां उन्होने दान पेटी और छत्र गायब देख तत्काल ही घटना की जानकारी मंदिर समिति के पदाधिकारियों को दी। पुजारी चंद्रभूषण तिवारी ने बताया कि वह बजरंग घाट स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा पाठ का कार्य करते हैं। बजरंग घाट स्थित परिसर में दो हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर स्थापित है। यहीं पर वह बीते कुछ समय से प्रतिदिन मंदिर खोलकर पूजा अर्चना सुबह, शाम के समय करते हैं। प्रतिदिन की तरह उन्होंने 15 मई को देखा कि मंदिर के ताले टूटे हुए हैं । चांदी का छत्र के साथ दान पेटी अपने स्थान पर नहीं है । पता करने पर जानकारी लगी कि कुछ दूर स्थित ज्ञात चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर कैस को चुरा लिया है । इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी उन्होंने मंदिर समिति को दे दी है।

### मंदिरों की चोरी का अभी तक नहीं हुआ हैं खुलासा

इसके पूर्व भी शहर के प्रमुख मंदिरों में चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिसमें हनुमान चौक स्थित दुर्गा मंदिर, कालीपुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर एवं कालीपाठ स्थित काली मंदिर में भी चोरों ने चोरी की वारदात की है । अभी तक पुलिस द्वारा मंदिरों में हुई चोरी की घटना का खुलासा नहीं किया गया है । अब बजरंग घाट स्थित अलग-अलग दो मंदिरों में चोरी की घटना घटित हुई है ।

# बिना फिटनेस के दौड़ रही यात्री बसों पर यातायात पुलिस ने की कार्यवाही

## 40 बसों की जांच में 10 बसों में नहीं थे अग्निशमन यंत्र

## बिना बीमा और फिटनेस के दौड़ रही थी यात्री बसें

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। यातायात पुलिस द्वारा फिर एक बार यात्री बसों की चेकिंग की गयी हैं । जिसमें बहुत सी यात्री बसों में सुरक्षा संबंधित अग्निशमन यंत्र और बसों के फिटनेस में कमियां पाई गई। जिस पर यातायात पुलिस के द्वारा 40 बसों की चेकिंग में 10 बसों पर कार्रवाई की गई है। जिसमें यातायात थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि बीते दिनों से यात्री बसों में सुरक्षा संबंधित कमियां पाए जाने को लेकर उन्हें शिकायत मिल रही थी। जिस पर उनके द्वारा गर्रा स्थित तिराहे पर वाहन चेकिंग की गई। जिसमें स्कूल बस सहित लंबे रूट वाली बसों और लोकल में चलने वाली बसों को चेक किया गया । जिसमें अधिकतर बसों के बीमा और फिटनेस की कमियां पाई गई। जिसको लेकर यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गयी । आपको बता दे की यातायात पुलिस द्वारा फिर एक बार यात्री बसों पर चालानी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई 15 मई को दोपहर 12:00 बजे गर्रा स्थित तिराहे में की गई ।जहां पर 40 से अधिक यात्री बसों और स्कूल बसों को चेक किया गया । जिसमें अधिकतर बसों में बीमा, फिटनेस सहित कई खामियां मिली। जिसमें पुलिस द्वारा चालनी कार्यवाहीं की गई । साथ ही कुछ स्कूल बसों को भी यातायात पुलिस द्वारा चेक किया गया है । जिसमें स्कूल बसों के वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस , ड्रेस सहित मेडिकल किट को भी चेक किया गया। बसों में कमियां मिलने पर यातायात पुलिस ने 10 बसों पर चालानी कार्रवाई की है। गर्रा में यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा और पुलिस टीम ने जांच की तो एक के बाद एक बसो में खामियां मिली। जिसमें नियमों का पालन नहीं करके, बसों का संचालन कर रहे बस संचालकों से यातायात विभाग ने जुर्माना वसुला है। यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बसो में बीमा, फिटनेस, परमिट, सुरक्षा उपकरण, मेडिकल कीट की जांच की गई। जिसमें दो वाहन बिना परमिट के पाए जाने पर उनसे 10 हजार रूपए जुर्माना वसुला गया। जबकि एक वाहन बिना बीमा के पाए जाने पर पांच हजार रूपए जुर्माना वसुल किया गया। इसके अलावा अन्य वाहनो में मेडिकल कीट, अग्निशमन यंत्र नहीं होने पर, उन वाहनों पर जुर्माना कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही सतत जारी रहेगी। यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने सभी बस संचालकों से अपील की है कि बसों का संचालन, परिवहन नियमों के अनुसार किया जाए और यात्री सुरक्षा को गंभीरता से ले, अन्यथा कार्यवाही के दौरान, यातायात नियमों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।










AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द

**सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज**

**प्रवेश प्रारंभ**

**B.Tech. & Polytechnic**

- COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
- MINING ENGINEERING
- CIVIL ENGINEERING
- MECHANICAL ENGINEERING
- ELECTRICAL ENGINEERING

Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश

सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट

6262604111, 9425836824

**जमीन बेचना है**

प्रस्तावित लवादा-समानापुर-लामता फोरलेन मार्ग के समीप ग्राम रटेगांव कोसमी (खमरिया) में स्थित प.ह.नं. 34 खसरा नं. 45 तथा 46/1, 13 एकड़ सिंचित भूमि (भूमि पर कार द्वारा पहुंचा जा सकता है)

**विक्रय करना है**

**संपर्क करें- 7879121671**

**पैसा ठीक होने के बाद देना**

शादी से पहले एवं शादी के बाद

उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।

**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**

गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट